**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.7 | 23.0 |
| डालटनगंज | 30.0 | 22.2 |
| धनबाद | 31.8 | 26.0 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, बुधवार 02 जुलाई 2025 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 07, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 85 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12




## ब्रीफ न्यूज

### आर्थिक परिदृश्य को दिया आकार: मोदी

**नयी दिल्ली।** जीएसटी की आठवीं सालगिरह पर पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि अप्रत्यक्ष कर शासन एक ऐतिहासिक सुधार के रूप में खड़ा है, जिसने भारत के आर्थिक परिदृश्य को फिर से आकार दिया है. मोदी ने कहा, अनुपालन बोझ को कम करके इसने विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों के लिए व्यापार करने में आसानी में बहुत सुधार किया है. मोदी ने एक्स पोस्ट पर एक फोटो शेयर करते हुए लिखा, जीएसटी को लागू हुए आठ साल हो गए हैं. यह एक ऐतिहासिक सुधार के रूप में सामने आया है, जिसने भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दिया है.

### थाईलैंड की पीएम को कोर्ट ने किया सस्पेंड

**बैंकाक।** थाईलैंड को पिछले साल पैतोंगटार्न शिनावात्रा के रूप में नई प्रधानमंत्री मिली. लेकिन अब उन्हें बड़ा झटका लग गया है. पीएम शिनावात्रा को देश की संवैधानिक कोर्ट ने मंगलवार को सस्पेंड कर दिया. पिछले कुछ समय से ही उन पर जांच चल रही थी और अब कोर्ट ने उन्हें पीएम पद से सस्पेंड कर दिया है. देश की संवैधानिक कोर्ट के इस फैसले को शिनावात्रा ने स्वीकार कर लिया है. जब तक अंतिम फैसला नहीं आ जाता, तब तक वह पीएम नहीं रहेंगी. उनकी जगह अब देश के डिप्टी पीएम फुमथम वेचायाचाई थाईलैंड की सरकार चलाएंगे.

### हिमाचल में भारी बारिश से तबाही, चार मौतें

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर कहर बरपाया है. बीते 24 घंटों में भारी बारिश और बादल फटने की घटनाओं ने राज्य के कई क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है. मंडी, कुल्लू, हमीरपुर, शिमला, सिरमौर और सोलन जिलों में अगले 24 घंटे के लिए बाढ़ का येलो अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विभाग ने चेताया है कि 7 जुलाई तक भारी बारिश और बिजली गिरने की आशंका है. इसके मद्देनजर आरेंज व येलो अलर्ट भी जारी किए गए हैं. साथ ही, पूरे प्रदेश में राहत व बचाव कार्य तेजी से जारी है.

### ट्रेनों में वेटिंग टिकट भी मिलना नामुमकिन

**नयी दिल्ली।** गर्मी की छुट्टियां का सीजन खत्म हो चला है. दशहरा और दिवाली जैसे बड़े त्योहार भी अभी दूर है, फिर भी कई राज्यों की तरफ जाने वाली ट्रेनें रिग्रेट चल रही है. इन ट्रेनों में वेटिंग टिकट भी नहीं मिल रहा है. इससे यात्री परेशान है. सबसे ज्यादा दिक्कत उत्तर भारत की तरफ जाने वाली ट्रेनों में नजर आ रही है. यदि आपको भी आने वाले आने वाले दिनों में महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश या दक्षिण भारत से उत्तर भारत के प्रमुख शहरों के लिए सफर करना है, तो आपको वेटिंग टिकट भी नहीं मिलेगा। कंफर्म टिकट के लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है.

## कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक खरगे का ऐलान

# केंद्र की सत्ता में आए तो आरएसएस को करेंगे बैन

**एजेंसियां। बेंगलुरु**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे और कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक खरगे ने ऐलान किया है कि अगर कांग्रेस फिर से केंद्र की सत्ता में आती है, तो आरएसएस को देशभर में बैन किया जाएगा.

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार आरएसएस की आलोचना करते रहे हैं और संगठन पर देश को बांटने के आरोप लगा चुके हैं. लेकिन प्रियांक खरगे ने आरएसएस पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध की बात कह कर एक नई बहस शुरू कर दी है.

**प्रियांक ने एक्स पर किया पोस्ट**

दरअसल, प्रियांक खरगे ने बीजेपी सांसद तेजस्वी सूर्या को जवाब देते हुए एक्स पर एक पोस्ट किया था, जिसमें सूर्या ने कांग्रेस के हाईकमान को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे पर सवाल उठाए थे. प्रियांक ने पूछा, बीजेपी का हाईकमान कौन है? आपके ज़्यादातर कार्यकर्ता आपकी राष्ट्रीय पार्टी के अध्यक्ष का नाम तक नहीं बता सकते, उनके लिए मोदी राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और शायद पंचायत सचिव तीनों ही हैं.

**आरएसएस समाज में नफरत फैला रही :** उन्होंने कहा कि देश में नफरत कौन फैला रहा है, कौन सांप्रदायिक हिंसा के लिए जिम्मेदार है, कौन है जो संविधान बदलने की बात कर रहा है? प्रियांक खरगे ने कहा कि आरएसएस अपनी राजनीतिक शाखा बीजेपी से जरूरी सवाल क्यों नहीं पूछती कि देश में बेरोजगारी क्यों बढ़ रही है, पहलगाम में आतंकी हमला कैसे हुआ? यह न पूछ कर संघ के लोग समाज में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत आरएसएस को देश में बैन किया जाएगा.

कर्नाटक सरकार में मंत्री प्रियांक ने कहा कि ईडी, आईटी सभी जांच एजेंसियां क्या सिर्फ विपक्ष के लिए हैं, सरकार आरएसएस की जांच क्यों नहीं करती, आखिर उनके पास पैसा कहां से आ रहा है, उनकी इनकम का सोर्स क्या है. प्रियांक खरगे ने कहा कि हर बार संघ के लोग हेटस्पीच और संविधान बदलने की बात कहकर बच कर कैसे निकल जाते हैं, आर्थिक अपराध करके कैसे बच जाते हैं, इन सभी विषयों की जांच होनी चाहिए.

## बड़ी खबर: ईएलआई स्कीम को नरेंद्र मोदी कैबिनेट की मंजूरी

# दो साल में 3.5 करोड़ से ज्यादा को मिलेगी नौकरी

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एम्प्लाईमेंट लिंक्ड इनसेंटिव (ईएलआई) योजना को मंजूरी दे दी है. इस योजना के तहत सभी क्षेत्रों में रोजगार पैदा करने, रोजगार क्षमता बढ़ाने और सामाजिक सुरक्षा बढ़ाने की तैयारी है. सरकार का प्लान इस योजना के तहत 2 साल में 3.5 करोड़ से ज्यादा लोगों को नौकरी देना है. वहीं पहली बार काम करने वालों पर सरकार 2 किस्तों में एक महीने के वेतन के बराबर सब्सिडी 15000 रुपए तक देगी. इस योजना का उद्देश्य विनिर्माण क्षेत्र पर फोकस करते हुए पहली बार काम करने वालों के लिए प्रोत्साहन देना है. साथ ही देश में बेरोजगारी को कम करना है.

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस स्कीम को लेकर विस्तार से जानकारी शेयर की. उन्होंने बताया कि एक लाख करोड़ रुपए के खर्च के साथ दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के रोजगार सृजन का समर्थन करने के लिए इस योजना को बनाया गया है. यह स्कीम सभी से चर्चा करने के बाद तैयार की गई है. इस स्कीम का ऐलान बजट के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा किया गया था.

### दो किस्त में दी जाएगी सब्सिडी

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसका फोकस मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर होगा. इसके दो पार्ट फर्स्ट टाइमर और सस्टेन एम्प्लाईमेंट के लिए बनाए गए हैं. फर्स्ट टाइमर्स को जॉब ढूंढ़ने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है. इसलिए फर्स्ट टाइमर पर सब्सिडी की मंजूरी दी गई है, जिसमें अधिकतम 15000 रुपए तक दिया जाएगा. यह दो किस्त में दिया जाएगा. एक छह महीने और दूसरा 12 महीने... इस सब्सिडी का लाभ कंपनियों को दिया जाएगा.

दूसरा सस्टेन एम्प्लाईमेंट देते हैं तो इसके तहत 2 साल तक 3000 रुपए प्रति महीने हर कर्मचारी पर सपोर्ट दिया जाएगा. इससे रोजगार के ज्यादा अवसर खुलेंगे. इससे सतत विकास को बढ़ावा देगा.

## राष्ट्रीय खेल नीति-2025 को मंजूरी

# भारत को खेल महाशक्ति बनाना लक्ष्य

केंद्र सरकार नई राष्ट्रीय खेल नीति 2025 (एनएसपी-2025) लाई है जिसका उद्देश्य भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनाना है. एनएसपी-2025 वर्ष 2001 की राष्ट्रीय खेल नीति का स्थान लेगी. इसका लक्ष्य नागरिकों को खेलों के माध्यम से सशक्त बनाना और भारत को 2036 ओलंपिक सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन और आयोजन के लिए तैयार करना है. पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में राष्ट्रीय खेल नीति-2025 को मंजूरी दी गई. सरकार का कहना है कि नीति व्यापक परामर्श के बाद तैयार की गई है, जिसमें केंद्र सरकार, राज्य सरकारें, नीति आयोग, खेल संघ, खिलाड़ी और विशेषज्ञ शामिल रहे. नीति पांच प्रमुख स्तंभों पर आधारित है.

केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बताया कि राष्ट्रीय खेल नीति-2025 के सफल क्रियान्वयन के लिए एक ठोस रणनीतिक ढांचा तैयार किया गया है. इसमें सशक्त खेल प्रशासन के तहत खेलों के लिए मजबूत कानूनी और नियामक ढांचा विकसित करने की योजना है. निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए पीपीपी मॉडल और कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के माध्यम से वित्तीय सहयोग और समर्थन प्राप्त किया जाएगा.

राष्ट्रीय खेल नीति 2025 पांच प्रमुख स्तंभों पर आधारित है- वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता, आर्थिक विकास, सामाजिक समावेशन, जनभागीदारी और शिक्षा से एकीकरण. इसका उद्देश्य ग्रामीण से शहरी स्तर तक खेलों का विकास, खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण, खेलों को उद्योग से जोड़ना, पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करना और फिटनेस अभियान से जनआंदोलन खड़ा करना है. नीति में स्कूल शिक्षा में खेल समावेश, शिक्षकों का प्रशिक्षण और दोहरी करियर योजनाएं शामिल हैं. सफल क्रियान्वयन के लिए सशक्त प्रशासन, निजी भागीदारी, तकनीकी नवाचार, निगरानी तंत्र, राज्यों के लिए मॉडल नीति और सभी विभागों में खेलों का समावेश सुनिश्चित किया गया है.



**नीति से जुड़े पांच प्रमुख स्तंभ इस प्रकार हैं**

**1. वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता का लक्ष्य**
- जमीनी स्तर से लेकर एलीट स्तर तक प्रतिभा की पहचान और पोषण के लिए प्रभावी ढांचा.
- ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में खेल ढांचे का विकास और प्रतिस्पर्धी लीग्स को बढ़ावा.
- कोचिंग, प्रशिक्षण और एथलीट सपोर्ट सिस्टम को विश्व स्तरीय बनाना.
- खेल विज्ञान, चिकित्सा और तकनीक के माध्यम से खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बढ़ाना.
- कोचों, तकनीकी अधिकारियों और सहायक स्टाफ का प्रशिक्षण और विकास.

**2. खेलों के ज़रिए आर्थिक विकास**
- खेल पर्यटन को बढ़ावा और भारत में अंतरराष्ट्रीय आयोजनों की मेज़बानी को प्रोत्साहन.
- खेल उत्पाद निर्माण और स्टार्टअप को सपोर्ट कर उद्योग का विकास.
- पीपीपी मॉडल, सीएसआर और नवाचार आधारित फंडिंग के जरिए निजी क्षेत्र की भागीदारी.

**3. सामाजिक विकास में खेल की भूमिका**
- महिलाओं, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, जनजातीय समुदायों और दिव्यांगजनों की सक्रिय भागीदारी.
- देशी और पारंपरिक खेलों को पुनर्जीवित करने पर ज़ोर.
- खेल को कैरियर विकल्प के रूप में स्थापित करने के लिए शिक्षा में समावेशन, वालंटियरिज्म और दोहरी करियर योजनाओं को बढ़ावा. प्रवासी भारतीयों को खेलों के ज़रिए जोड़ना.

**4. खेल को जन आंदोलन बनाना**
- पूरे देश में फिटनेस अभियान और सामुदायिक आयोजनों के माध्यम से जन भागीदारी को बढ़ावा.
- स्कूल, कॉलेज और कार्यस्थलों के लिए फिटनेस इंडेक्स शुरू करना.
- सभी के लिए खेल सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करना.

**5. शिक्षा से एकीकरण**
- स्कूल पाठ्यक्रम में खेलों का समावेश.
- शारीरिक शिक्षकों और शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण देकर खेल शिक्षा को मज़बूती देना.

## मंईयां सम्मान योजना की 10वीं किस्त का इंतज़ार खत्म

# महिलाओं को जल्द मिलेंगे 2500 रुपए

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड की महिलाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है! महिला एवं बाल विकास विभाग ने मंईयां सम्मान योजना की 10वीं किस्त के तहत 2500 रुपए की राशि जारी करने की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है. अब बस कुछ ही घंटों का इंतजार और लाभार्थियों के खातों में सीधे डीबीटी के माध्यम से यह राशि ट्रांसफर होने लगेगी.

**2 जुलाई से 10 जुलाई तक आएगा पैसा खातों में**
- विभाग ने 30 जून को सभी जिलों को भुगतान के निर्देश भेज दिए हैं.
- डीबीटी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अगले 24 घंटों में अधिकांश खातों में पैसे पहुंच सकते हैं.
- जिन महिलाओं को एसएमएस नहीं मिला है, वे पासबुक अपडेट करके राशि की जानकारी ले सकती हैं.

**पहले चरण में इन 12जिलों को प्राथमिकता**

इन जिलों की महिलाओं के आवेदन और दस्तावेज समय से सत्यापित होने के कारण उन्हें पहले भुगतान मिलेगा. रांची, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर, बोकारो, लोहरदगा, गुमला, जामताड़ा, सिमडेगा, चतरा, पाकुड़ और गढ़वा.

**किसे मिलेगी राशि**
- जिन लाभार्थियों का आवेदन सही ढंग से भरा गया है
- जिनका आधार, राशन कार्ड और बैंक खाता सही ढंग से लिंक हैजिनकी वेरिफिकेशन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है

अगर किसी दस्तावेज़ में गलती है, तो इस बार की किस्त आपके खाते में नहीं आएगी. इसलिए जरूरी है कि महिलाएं आवेदन स्टेटस समय-समय पर जांचती रहें और किसी भी गलती को पंचायत या नज़दीकी सीएससी केंद्र पर ठीक कराएं.

**रखे सतर्क- फर्जी कॉल्स और मैसेज से सावधान**

सरकार ने सलाह दी है कि लाभार्थी सिर्फ आधिकारिक पोर्टल से ही जानकारी लें और किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज के झांसे में न आएं.

## कलाकारों पर मेहरबान हुई नीतीश सरकार

# हर महीने मिलेंगे 3000 रुपए

**शुभम संदेश। पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई. इसमें कुल 24 एजेंडों पर मुहर लगी है. बैठक की सबसे अहम बात यह है कि नीतीश सरकार ने प्रदेश के कलाकारों पर विशेष ध्यान दिया है. अब राज्य के वरिष्ठ और आजीविका से जूझ रहे कलाकारों को पेंशन के रूप में 3000 रुपए प्रति माह दिए जाएंगे. इसके लिए हर साल एक करोड़ खर्च करने की स्वीकृति कैबिनेट से मिली है. हालांकि यह वैसे कलाकार को दिया जाएगा, जिनकी उम्र 50 वर्ष से ऊपर होगी. इसके अलावा उनकी आमदनी सालाना एक लाख 20 हजार से कम होगी. साथ ही कला के क्षेत्र में कम से कम 10 साल का अनुभव होना भी अनिवार्य होगा.

दूसरी ओर मुख्यमंत्री बिहार गुरु शिष्य परंपरा योजना' को भी कैबिनेट से मंजूरी मिल गई है. इसके तहत बिहार की वैसी कलाएं जो विलुप्त हो गई हैं और काफी दुर्लभ हैं उन्हें संरक्षित करने के लिए प्रचार-प्रसार कर युवा प्रतिभागियों को विशेषज्ञ गुरुओं द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा. इसके लिए एक करोड़ 11 लाख 60 हजार प्रति वर्ष खर्च किए जाएंगे. कैबिनेट की बैठक में मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना की भी मंजूरी मिली है. इसके तहत कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित एवं 12वीं पास युवाओं को 4000 रुपए प्रत्येक महीने इंटर्नशिप के रूप में मिलेंगे. आईटीआई एवं डिप्लोमा पास को इंटर्नशिप में 5000 एवं स्नातकोत्तर को प्रति महीने 6000 इंटर्नशिप में मिलेगा. इन युवाओं को आजीविका के सहयोग की राशि भी अलग से मिलेगी. इसमें अपने गृह जिले से अतिरिक्त दूसरे जिले में रहने वाले को 2000 प्रति महीना और राज्य के बाहर इंटर्नशिप करने वालों को 5000 रुपये प्रति महीना अतिरिक्त राशि प्रदान की जाएगी. इसके लिए 2025-26 में कुल 5000 युवाओं का लक्ष्य रखा गया है और 2026 से 2031 तक कुल एक लाख युवाओं को इस योजना के अंतर्गत लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है.

## देशव्यापी बड़ी समस्या : एक साल में आपकी-हमारी जेब से निकाल ले गए साइबर ठग

# 22,811 करोड़ रुपए गए, 19 लाख शिकायतें आईं

**शुभम संदेश डेस्क**

साइबर क्राइम के कई मामले हमें हर रोज देखने को मिलते हैं. स्कैमर्स लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए नए-नए तरीकों का इस्तेमाल करते हैं. अगर आंकड़ों की बात करें, तो साल 2024 में 22811.95 करोड़ की ठगी लोगों से साइबर अपराधियों ने की है. ये वो आंकड़ा है, जिसे लोगों ने रिपोर्ट किया है. इंडियन साइबर क्राइम कॉर्डिनेशन सेंटर आई4सी के मुताबिक, साल 2024 में एनसीआरपी पर 19.18 लाख शिकायतें आई हैं. ये शिकायतें साइबर क्राइम से जुड़ी हुई हैं, जिसमें लोगों ने 22,811.95 करोड़ रुपए गंवा दिए हैं. इन आंकड़ों के साथ भारत दुनिया के सबसे ज्यादा साइबरक्राइम का शिकार होने वाले देशों में शामिल हो जाता है.



**हर साल बढ़ रहे साइबर अटैक के मामले :** देश में लगातार साइबर क्राइम बढ़ रहा है. जीआईआरईएम की रिपोर्ट के मुताबिक, मैलवेयर अटैक्स 11%, रैंसमवेयर में 22%, आईओटी अटैक्स में 59% और क्रिप्टो हमलों में कुल मिलाकर 409% की चौंका देने वाली बढ़ोतरी हुई है. साल 2023 में साइबर क्राइम की 15.56 लाख शिकायतें दर्ज हुई थीं, जो साल 2024 में बढ़कर 19.18 लाख हो गई हैं. इनमें से ज्यादा पैसों से जुड़े हुए फ्रॉड्स हैं. साल 2023 में भारतीयों ने 7496 करोड़ रुपये साइबर क्राइम में गंवाए थे, जबकि साल 2022 में लोगों ने 2306 करोड़ रुपये गंवाए थे.

**जमापूंजी गंवा रहे लोग:** चार सालों में लोगों ने 33,165 करोड़ साइबर फ्रॉड में गंवाए. जीआईआरईएम की रिपोर्ट की मानें, तो 2024 में फिशिंग हमले 82.6% एआई जनरेटेड हैं. क्यूआर कोड बेस्ड साइबर फ्रॉड के मामलों की संख्या बढ़ी. अपराधी फर्जी पोस्टर्स, वॉट्सऐप मैसेज और लिंक का इस्तेमाल लोगों का टार्गेट करने के लिए कर रहे हैं, जिससे यूजर्स एक बार क्यूआर कोड को स्कैन कर लें. कोड स्कैन होते ही पीड़ित फर्जी यूपीआई पेमेंट पोर्टल पर पहुंचते हैं, जहां से उनके बैंकिंग डेटा को चुरा लिया जाता है. इस तरीके का भारत में बड़ी संख्या में इस्तेमाल हो रहा है.

**आपके साथ भी हो सकता है फ्रॉड, रखें इन बातों का ध्यान**

साइबर वर्ल्ड में कोई भी फ्रॉड का शिकार हो सकता है. ऑनलाइन हो चुकी दुनिया में हर कदम पर साइबर ठगों ने जाल बिछा रखा है. ऐसे में आपकी जागरूकता ही आपको इस दुनिया में सुरक्षित रख सकती है. साइबर वर्ल्ड में आपको कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए.
- कभी भी अनजान लिंक पर क्लिक ना करें.
- किसी दूसरे से अपने ओटीपी, बैंकिंग डिटेल्स और दूसरे पासवर्ड्स शेयर ना करें.
- वॉट्सऐप पर भी आप ठगी का शिकार हो सकते हैं, इसलिए किसी अनजान शख्स से चैट करते हुए सावधान रखें.
- अपनी पर्सनल डिटेल्स को किसी से भी शेयर ना करें.
- डिजिटल अरेस्ट या पुलिस के नाम पर अगर कोई आपको डराता है, तो बिना डरे ऐसे मामलों को रिपोर्ट करें.
- ज्यादा प्रॉफिट के लिए अनजान ऐप्स को डाउनलोड ना करें.

## सुप्रीम कोर्ट में पहली बार लागू हुआ एससी/एसटी आरक्षण कोटा

# कर्मचारियों को प्रमोशन और सीधी भर्ती में मिलेगा फायदा

**एजेंसियां। नयी दिल्ली**

देश की सर्वोच्च अदालत ने बड़ा फैसला लिया है. अब सुप्रीम कोर्ट में एससी और एसटी के लिए स्टाफ की भर्तियों में आरक्षण होगा. यह पहली बार है, जब सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा किया है. यह बदलाव चीफ जस्टिस बीआर गवई के कार्यकाल में हुआ है. वे अनुसूचित जाति से आने वाले दूसरे सीजेआई हैं. 23 जून से यह नियम लागू हो गया है. सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने 24 जून को एक नोटिस जारी कर यह जानकारी दी.

शीर्ष अदालत ने अपने कर्मचारियों को बताया कि आरक्षण का नियम 23 जून से लागू हो गया है.

**इस आदेश का क्या है मतलब**

इसका आदेश का मतलब है कि अगर किसी कर्मचारी को आरक्षण लिस्ट में कोई गलती दिखती है, तो वे भर्ती विभाग के रजिस्ट्रार को बता सकते हैं. यह आरक्षण अलग-अलग पदों के लिए है. जैसे कि सीनियर पर्सनल असिस्टेंट, असिस्टेंट लाइब्रेरियन, जूनियर कोर्ट असिस्टेंट, जूनियर कोर्ट असिस्टेंट कम जूनियर प्रोग्रामर, जूनियर कोर्ट अटेंडेंट और चेंबर अटेंडेंट. इस नीति के अनुसार, अनुसूचित जाति कैटेगरी के लिए 15 फीसदी और अनुसूचित जनजाति कैटेगरी के लिए 7.5 फीसदी पद आरक्षित होंगे.

**सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्रार ने जारी किया नोटिस**

सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्रार ने 24 जून को एक आधिकारिक नोटिस जारी किया. नोटिस में लिखा था, सक्षम प्राधिकारी के निर्देशों के अनुसार, सभी को सूचित किया जाता है कि मॉडल रिजर्वेशन रोस्टर और रजिस्टर को अपलोड कर दिया गया है. यह 23.06.2025 से प्रभावी है. आगे यह भी सूचित किया जाता है कि अगर किसी कर्मचारी को रोस्टर या रजिस्टर में कोई गलती या कमी दिखती है, तो वे रजिस्ट्रार (रिक्रूटमेंट) को इसकी जानकारी दे सकते हैं.

### भोगनाडीह बवाल का मास्टरमाइंड निकला पूर्व सीएम चंपाई सोरेन का सहयोगी !

# पुलिस ने हथियार के साथ कर लिया गिरफ्तार

**शुभम संदेश। रांची**

हूल दिवस के दिन साहिबगंज के बरहेट के भोगनाडीह में जमकर बवाल हुआ है. कई जवान घायल हुए तो आंसू गैस के गोले और पुलिस की लाठी से आदिवासी भी चोटिल हुए. इस मामले में अब एक नया मोड सामने आया है. गोड्डा से दो संदिगध की गिरफ़्तारी हुई है. जिनके पास से हथियार अन्य कई सामान बरामद किए गए है.गोड्डा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है. इस दौरान पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के दोनों बेहद करीबी है. और सोची समझी साजिश के तहत भोगनाडीह में बवाल मचाने की योजना थी.



गोड्डा एसपी ने प्रेस कांफ्रेस कर मामले की जानकारी दी है. पुलिस के मुताबिक दोनों युवक की गिरफ़्तारी गोड्डा नगर थाना क्षेत्र से हुई है. और तीन हथियार मिले है जो अवैध है. इसके अलावा कई अहम जानकारी पुलिस को हाथ लगी है. गिरफ्तार युवक का प्रभाव राजनीतिक में बेहद अच्छा है. एक रणनीति के तहत भोगनडीह में बवाल करने की तैयारी की गई थी. किसी तरह से भी हंगामा को बढ़ाने की तैयारी थी. जिससे माहौल पूरे झारखंड में खराब हो जाए. बता दे कि सोमवार को हूल दिवस के मौके पर भोगनाडीह में सीदो कान्हु पार्क में पूजा करने को लेकर शहीद के वंशज और पुलिस के बीच झड़प हुई. इस झड़प में आदिवासियों ने तीर धनुष से हमला किया तो हालत को कंट्रोल में करने के लिए पुलिस ने आँसू गैस के गोले दागे और लाठी चार्ज कर सभी को खदेड़ा था. इसके बाद इस मामले की जांच शुरू की गई थी. जिसके आधार पर अब कार्रवाई की गई है.

## आदिवासी अधिकार मंच ने भाजपा पर साजिश रचने का लगाया आरोप

**रांची।** आदिवासी अधिकार मंच ने भाजपा पर हूल दिवस के अवसर पर उपद्रव करने की साजिश रचने का आरोप लगाया है. मंच के सुभाष हेंब्रम और देवी सिंह पहाड़िया ने कहा कि भाजपा और आरएसएस संताल परगना में अपनी हार से बौखलाहट में हैं और अशांति फैलाने की घटिया साजिश कर रहे हैं.

**भोगनाडीह में उपद्रव की कोशिश:** आदिवासी अधिकारियों के मंच ने आरोप लगाया है कि भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को मोहरा बनाकर भोगनाडीह भेजा है, जहां हूल दिवस के अवसर पर उपद्रव करने की कोशिश की गई. मंच ने कहा कि कथित फाउंडेशन के नाम पर समानांतर कार्यक्रम की घोषणा उपद्रव की साजिश का हिस्सा थी, जिसे भोगनाडीह के लोगों और शहीदों के वंशजों ने विफल कर दिया.

### भाजपा की बौखलाहट

आदिवासी अधिकार मंच ने कहा कि भाजपा और आरएसएस संतालपरगना में अपनी भारी पराजय से बौखलाहट में हैं और अशांति फैलाने की घटिया साजिश कर रहे हैं. मंच ने कहा कि हूल दिवस के दिन उपद्रव कर हिंसा फैलाने की साजिश में शामिल भाजपा के नेताओं पर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की जाती है. मंच ने कहा कि भाजपा की इस घटिया साजिश को बेनकाब किया जाएगा और आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा.

## ईडी ने दायर किया पूरक आरोप पत्र
## फरार दाहू यादव की मुश्किलें बढ़ीं




**शुभम संदेश। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड में अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता पंकज मिश्रा के करीबी राजेश यादव उर्फ दाहू यादव सहित आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है. यह आरोप पत्र रांची स्थित पीएमएलए ( मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक अधिनियम) की विशेष अदालत में प्रस्तुत किया गया है. हालांकि विशेष अदालत ने अब तक आरोप पत्र पर संज्ञान नहीं लिया है, लेकिन जैसे ही कोर्ट संज्ञान लेगी, इसमें नामजद आरोपियों की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं. जिन व्यक्तियों के नाम इस पूरक आरोप पत्र में शामिल हैं, उन पर साहिबगंज जिले में बड़े पैमाने पर हुए अवैध खनन में संलिप्तता का आरोप है.

उल्लेखनीय है कि इसी केस में झामुमो नेता पंकज मिश्रा को जुलाई 2022 में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था. उन पर साहिबगंज जिले में करीब 1,000 करोड़ रुपए के अवैध पत्थर खनन और उससे प्राप्त धन को वैध बनाने (मनी लॉन्ड्रिंग) के गंभीर आरोप हैं. इसके बाद मिश्रा के नजदीकी माने जाने वाले दाहू यादव के भाई सुनील यादव को भी ईडी ने गिरफ्तार किया था.

राजेश यादव उर्फ दाहू यादव जुलाई 2022 से फरार चल रहा है. 18 जुलाई 2022 को वह रांची स्थित ईडी के कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश हुआ था, लेकिन इसके बाद से वह लापता हो गया. उसके खिलाफ ईडी, सीबीआई और पुलिस ने देशभर में अभियान चलाया है, कई बार उसके ठिकानों पर छापेमारी और संपत्ति कुर्की की कार्रवाई भी हुई, लेकिन अब तक वह गिरफ्त से बाहर है. सुप्रीम कोर्ट ने भी अगस्त 2023 में उसे आत्मसमर्पण (सरेंडर) करने का आदेश दिया था, लेकिन वह अब तक न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ है. लगातार फरारी और कानून की अनदेखी के चलते दाहू यादव को वॉन्टेड घोषित कर दिया गया है. अब ईडी की ओर से दाखिल किए गए इस पूरक आरोप पत्र से उसके ऊपर कानूनी शिकंजा और कस सकता है.

### समीक्षा बैठक : मुख्य सचिव ने दिए अफसरों को कई निर्देश

# यूनिसेफ के कार्यों की लगातार समीक्षा का सिस्टम बनाएं, निगरानी करें

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के सतत विकास लक्ष्य की उपलब्धि को लेकर यूनिसेफ के कार्यों की समीक्षा मुख्य सचिव अलका तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को की गई. मुख्य सचिव अलका तिवारी ने यूनिसेफ को सभी संबंधित विभागों के साथ निरंतर समन्वय पर बल देते हुए निर्देश दिया कि वे अपने कार्यों की लगातार समीक्षा का सिस्टम बनायें.


उन्होंने कहा कि यूनिसेफ झारखंड के सतत विकास को लेकर जो कार्य कर रहा है, वैसे ही कार्य व्यापक पैमाने पर राज्य सरकार भी कर रही है. इस स्थिति में एक दूसरे के डाटा राज्य के सतत विकास में काफी उपयोगी हो सकते हैं. इसके लिए विभागों के साथ पाक्षिक बैठक करने का निर्देश दिया. मुख्य सचिव ने कहा कि इन बैठकों में यूनिसेफ फील्ड के अपने कार्यों, अनुभव और सुझावों को साझा करे और यह देखे कि बच्चों को लेकर सरकार की योजनाओं के साथ कैसे बेहतर तालमेल के साथ काम किया जा सकता है.



योजनाओं की निगरानी और उसके फलाफल पर फोकस पर भी उन्होंने बल दिया. उन्होंने यूनिसेफ से कहा कि वे सामाजिक प्रक्षेत्र में अन्य राज्यों में जो बेहतर कार्य हो रहे हैं, उनका अध्ययन, विश्लेषण करें और उसका क्रियान्वयन झारखंड में कैसे किया जा सकता है, इसका ब्लू प्रिंट बनायें. उन्होंने योजना विभाग के साथ एक पोर्टल पर डाटा साझा करने का निर्देश दिया, ताकि डाटा मिस मैच नहीं हो. मुख्य सचिव ने पोषण से जुड़ी समस्याओं पर फोकस करने के साथ हाशिए पर खड़े लोगों के सतत विकास पर फोकस करने को कहा.

मुख्य सचिव ने हाथ की सफाई को लेकर जागरूकता पैदा करने के लिए यूनिसेफ की प्रशंसा करते हुए कहा कि पोषण के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा आदि के क्षेत्र में भी संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर लोगों को जागरूक और सक्षम बनायें. उसके पहले यूनिसेफ ने झारखंड में बच्चों को लेकर किये जा रहे कार्यों और उपलब्धियों को लेकर प्रजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी. समीक्षा बैठक में सचिव मस्त राम मीणा, मनोज कुमार, मुकेश कुमार, उमाशंकर सिंह, नेहा अरोड़ा और यूनिसेफ की झारखंड प्रमुख कानिनिका मित्रा और उनके सहयोगी उपस्थित थें.

## डिजिटल इंडिया 140 करोड़ देशवासियों की दिनचर्या का हिस्सा बन चुका है : बाबूलाल



**शुभम संदेश। रांची**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता के परिणामस्वरूप आज डिजिटल इंडिया 140 करोड़ देशवासियों की दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बन चुका है. मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि बैंकिंग, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में इसका व्यापक और क्रांतिकारी प्रभाव देखने को मिल रहा है. सस्ती और सहज इंटरनेट सुविधा ने आम जन तक अनेक सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की है.

### बाबूलाल ने गिनाईं डिजिटल भारत की उपलब्धियां

- भारतनेट योजना: 5.85 लाख गांवों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया.
- कॉमन सर्विस सेंटर्स के तहत 5.7 लाख से अधिक कॉमन सर्विस सेंटर्स गांवों में आधार अपडेट, बिल भुगतान, प्रमाण पत्र और सरकारी योजनाओं की सेवाएं दे रहे.
- जनधन योजना के तहत 50 करोड़ से अधिक बैंक खातों ने सबसे वंचित तबकों को वित्तीय सिस्टम से जोड़ा गया.
- डीबीटी के जरिये 34 लाख करोड़ से ज़्यादा की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंची है.
- पीएम गडिसा : 6 करोड़ से ज़्यादा नागरिकों को डिजिटल साक्षरता दी गई है.
- डिजीलॉकर: 20 करोड़ से अधिक यूज़र्स को बोर्ड, यूनिवर्सिटी और सरकारी संस्थान सीधे उनके अकाउंट में दस्तावेज़ जारी करते हैं.
- ई-नैम के तहत 1300 अधिक मंडियां जुड़ी हैं, जहां किसान भाव देख सकता है और डेटा आधारित निर्णय ले सकता है.
- पीएम किसान योजना के तहत 3 लाख करोड़ सीधे खातों में भेजे गए हैं.
- जेम के जरिए 8 लाख करोड़ से ज़्यादा की सरकारी खरीद अब डिजिटल हो चुकी है.
- नेशनल डिजीटल हेल्थ मिशन के तहत करोड़ों नागरिकों को हेल्थ आइडी मिली है, जिसमें इलाज का पूरा इतिहास दर्ज है.
- यूपीआइ के जरिये हर दिन 1100 करोड़ से ज़्यादा के ट्रांज़ेक्शन हो रहे हैं.

### एनआईए जांच में हुआ बड़ा खुलासा

## भाकपा माओवादी संगठन को फिर से संगठित करने की साजिश में शामिल था बच्चा सिंह

**शुभम संदेश। रांची**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने झारखंड में प्रतिबंधित भाकपा माओवादी संगठन को फिर से संगठित करने की साजिश में शामिल होने के आरोप में एक प्रमुख कार्यकर्ता बच्चा सिंह उर्फ बच्चा बाबू सिंह उर्फ मुकेश के खिलाफ पूरक आरोप पत्र दाखिल किया है. यह आरोप पत्र सोमवार को रांची स्थित एनआईए की विशेष अदालत के समक्ष आरसी 03/2023 मामले में दायर किया गया. यह मामला मूल रूप से जुलाई 2022 में दर्ज किया गया था, जब चाईबासा में प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के तीन नक्सली कूरियर को आपत्तिजनक




पत्रों के साथ गिरफ्तार किया गया था. एनआईए ने अगस्त 2023 में इस जांच का जिम्मा संभाला और बच्चा सिंह सहित कुल नौ आरोपियों के खिलाफ फिर से मामला दर्ज किया. इन आरोपियों में से एक, लाजिम अंसारी की जून 2023 में पुलिस मुठभेड़ में मौत हो गई थी. एनआईए जांच से पता चला है कि जनवरी 2025 में गिरफ्तार किया गया बच्चा सिंह, मजदूर संगठन समिति का महासचिव था. झारखंड सरकार ने आपराधिक कानून (संशोधन अधिनियम), 1908 की धारा 16 के तहत MSS को एक प्रतिबंधित और गैरकानूनी संगठन घोषित किया हुआ है. जांच में यह भी सामने आया है कि बच्चा सिंह भाकपा माओवादी और उसके शीर्ष नेताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था. वह झारखंड और अन्य स्थानों पर इस आतंकी संगठन को फैलाने और मजबूत करने के उद्देश्य से धन इकट्ठा करने और अन्य आपत्तिजनक गतिविधियों में शामिल था.


### बड़ी पहल | नगर विकास एवं आवास विभाग ने केंद्र सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय से जारी गाइडलाइन पर किया अमल

# केंद्र के निर्देश पर 31 जुलाई तक झारखंड के शहरों में चलेगा सफाई अभियान

**शुभम संदेश। रांची**

नगर एवं आवास विभाग ने केन्द्र के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के द्वारा जारी गाइडलाइन के आधार पर झारखंड के सभी नगर निकायों में 1 से लेकर 31 जुलाई तक विशेष स्वच्छता व जागरूकता अभियान सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ 2025 शुरू किया है. इसको लेकर नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार तथा राज्य शहरी विकास अभिकरण के निदेशक सूरज कुमार की ओर से सभी निकायों को निर्देश भी दिए गए हैं.

इस संबंध में विभाग की अपर सचिव ज्योत्सना सिंह नें भी वीडियो कॉफ्रेंसिंग से सभी निकायों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सफाई अपनाओ,




बीमारी भगाओ अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया है. इस अभियान की कोशिश है कि शहरी नागरिक, जल जनित और वेक्टर जनित बीमारियों को फैलनें से रोकनें के लिए स्वच्छता को एक सचेत ,प्रबुद्ध एवं प्रभावी विकल्प बनाएं तथा शहरी प्रशासन, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि बीमारियों का प्रसार रोकनें के लिए आवश्यक निवारक सफाई और उसे बढ़ावा देने वाले उपायों पर ध्यान केन्द्रित करे. अभियान में बुनियादी ढांचे को मजबूती देने,बेहतर एवं स्थायी स्वच्छता संबंधी अभ्यास लागू करने और मानसून के दौरान होनेवाले दुष्प्रभाव को कम करनें के लिए सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु तत्काल सामूहिक एवं अंतर-क्षेत्रीय प्रयासों की आवश्यक्ता पर प्रकाश डाला गया है.

### अभियान के प्रमुख तत्व इस प्रकार है

1. कचरा संभावित स्थानों पर विशेष सफाई अभियान
2. सामुदायिक शौचालयों और सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई
3. जल गुणवत्ता के लिए पर्याप्त सैंपल लेना
4. अधिक जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान करने के लिए त्वरित आकलन और तत्काल कार्रवाई
5. अंतर- विभागीय समन्वय और निगरानी
6. दैनिक अपशिष्ट संग्रह और परिवहन
7. आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुविधाएं.
8. सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति और जल कार्यों का रख रखाव.
9. सुरक्षा-रोकथाम और उपचार रणनीति को अपनाना.
10. घर घर जाकर लोगों को जागरुक करना.

**रांची में स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन की विशेष पहल:** इधर रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन नें इस अभियान को सफल बनानें और नागरिकों को सफाई की मदद से स्वस्थ रखनें की दिशा में कई जागरुकता कार्यक्रम चला रहा है. 1 जुलाई से 31 जुलाई के बीच राजधानी के 50 महत्वपूर्ण स्थानों पर वैरिएबल मैसेज साइन बोर्ड और पीए सिस्टम के माध्यम से लोगों को जल और वेक्टर जनित बीमारीयों से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं. साथ ही अभियान के महत्वपूर्ण उदेश्यों को लोगों को बताया जा रहा है. इधर सोशल मीडिया के माध्यम से भी जन जागरुकता चलाया जा रहा है. वहीं कमांड सेंटर से शहर के हर क्षेत्र में कचरा और जल जमाव की लाईव मॉनिटरिंग करते हुए निगम को सूचित किया जा रहा है. इसके साथ हीं नगर निगम की 300 से ज्यादा कचरा उठानेवाले वाहनों की लाइव निगरानी की जा रही है, इससे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दिशा में मदद मिल रही है.

## एक नजर

### बिजली बिल पर 5% सरचार्ज लगाने का प्रस्ताव अनैतिक-अमान्य, होगा विरोध : अजय राय

**रांची।** झारखंड भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय राय ने नगर विकास विभाग द्वारा शहरी क्षेत्रों में रहनेवाले नागरिकों के बिजली बिल पर 5% अतिरिक्त सरचार्ज लगाने के प्रस्ताव को पूरी तरह से अमान्य, अनैतिक और अस्वीकार्य करार दिया है. उन्होंने इस प्रस्ताव को जनता पर एक नया आर्थिक बोझ बताते हुए कड़ा विरोध किया है. राय ने कहा कि झारखंड की शहरी जनता पहले से ही होल्डिंग टैक्स में भारी बढ़ोतरी झेल रही है, ट्रैफिक चालान के नाम पर करोड़ों की वसूली हो रही है. अब बिजली बिल पर भी सरचार्ज के नाम पर प्रतिमाह 15 से 20 करोड़ रुपये की उगाही की तैयारी चल रही है. यह साफ तौर पर सरकार की आमजन विरोधी मंशा को उजागर करता है. उन्होंने इसे एक तुगलकी फरमान बताते हुए कहा कि नगर विकास विभाग का यह निर्णय बिना जन-सहमति के लागू किया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उल्लंघन है. उदाहरण देते हुए राय ने कहा कि एक सामान्य परिवार जिसका बिजली बिल 2000 आता है, उसे अब 100 अतिरिक्त देना होगा. साल भर में यह 1200 की अतिरिक्त राशि हो जाएगी. लाखों परिवारों पर यह अनावश्यक बोझ डाला जा रहा है, जबकि महंगाई पहले ही चरम पर है. अजय राय ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नगर विकास विभाग की वेबसाइट पर जाकर इस प्रस्ताव के विरुद्ध आपत्ति दर्ज कराएं. अगर हम समय रहते आपत्ति दर्ज नहीं कराएंगे, तो विभाग इसे जनता की मौन स्वीकृति मानकर लागू कर देगा और फिर यह स्थायी भार बन जाएगा.



### जीएसटी घोटाला के आरोपी अमित गुप्ता की बेल पर ईडी कोर्ट में हुई सुनवाई

**रांची।** 800 करोड़ रुपए के जीएसटी घोटाला के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोपी कोलकाता कारोबारी अमित गुप्ता की जमानत याचिका पर मंगलवार को रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में सुनवाई हुई. मंगलवार को ईडी और बचाव पक्ष के अधिवक्ता की ओर से बहस की गई. ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की. अमित गुप्ता पर शेल कंपनियों के नाम पर जीएसटी इंट्री कर 800 करोड़ से अधिक के फर्जीवाड़े का आरोप है. इस मामले की जांच ईडी कर रही है. इस मामले में अब तक 4 आरोपियों को ईडी ने गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में शिव कुमार देवड़ा, जमशेदपुर के जुगसलाई का कारोबारी विक्की भालोटिया, कोलकाता के कारोबारी अमित गुप्ता और मोहित देवड़ा शामिल हैं. फिलहाल सभी आरोपी रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में न्यायिक हिरासत में बंद हैं.

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डॉक्टर्स डे पर डॉक्टर्स और स्वास्थ्यकर्मियों को दी बधाई

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने डॉक्टर्स डे के अवसर पर सभी डॉक्टर्स और स्वास्थ्यकर्मियों को बधाई दी है. मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को लिखा है कि आपका समर्पण, मेहनत और सेवाभाव हमारे समाज को स्वस्थ, खुशहाल और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. आपने हर विपदा, हर परिस्थिति में अपने ज्ञान और कौशल से लोगों की रक्षा की है, उन्हें स्वस्थ रखा है. आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद और आभार. वहीं दूसरी पोस्ट में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, लोकसभा सांसद और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को उनके जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने लिखा कि भाई अखिलेश यादव को जन्मदिन की ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार मरांग बुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु प्रदान करें, यही कामना करता हूं.

### पूर्व पार्षद असलम को बेल देने से कोर्ट का इनकार

**रांची।** युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोपी पूर्व वार्ड पार्षद मो. असलम को रांची सिविल कोर्ट ने बेल देने से इनकार कर दिया है. कोर्ट ने असलम की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उसे खारिज कर दी है. असलम ने शनिवार (28 जून) को रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम (चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट) की कोर्ट में सरेंडर किया था, जिसके बाद उसे न्यायिक हिरासत में रखा गया है. बता दें कि असलम के खिलाफ हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र निवासी कलीम ने 23 जनवरी 2025 को प्राथमिकी दर्ज कराया था. जिसमें यह आरोप लगाया गया है कि 22 जनवरी को मोजाहिद नगर निवासी पूर्व पार्षद व उसके भाईयों ने मिलकर इरशाद उर्फ अप्पू पर जानलेवा हमला किया. जान से मारने की नीयत से उस पर फायरिंग की. प्राथमिकी में बताया गया था कि इरशाद के साथ मारपीट की यह घटना छेड़खानी का विरोध करने की वजह से हुई थी. मारपीट की घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था.

### 329 शराब दुकानों के हस्तांतरण का काम शुरू

**रांची।** झारखंड में एक जुलाई से खुदरा शराब दुकानों के हस्तांतरण का काम शुरू हुआ. पहले दिन पूरे राज्य में कुल 329 दुकानों के हस्तांतरण का काम शुरू किया गया. राज्य में शराब घोटाले का पर्दाफाश होने के बाद सरकार ने प्लेसमेंट एजेंसियों से 30 जून के बाद काम लेना बंद करने का आदेश दिया था. नयी उत्पाद नीति लागू करने के लिए राज्य की 1453 खुदरा शराब दुकानों को झारखंड राज्य बिवरेजेज कॉरपोरेशन के हवाले करना जरूरी है. क्योंकि नई नीति में खुदरा शराब की बिक्री के लिए दुकानों के नीलाम करने का प्रावधान किया गया है. फिलहाल राज्य सरकार कॉरपोरेशन के माध्यम से शराब की खुदरा बिक्री कर रही है. सरकार ने कॉरपोरेशन की खुदरा शराब दुकानों को चलाने के लिए टेंडर के सहारे मैन पावर कंपनियों को चुनाव किया था. मैन पावर सप्लाई करने वाली कंपनियों को खुदरा में शराब बेच कर पैसा कॉरपोरेशन के खाते में जमा करना था. लेकिन कुछ कंपनियों ने शराब की बिक्री का पूरा पैसा कॉरपोरेशन के खाते में जमा नहीं किया. कुछ कंपनियों पर बकाया उनके द्वारा दी गयी बैंक गांरटी की राशि से अधिक हो गया है. जबकि कुछ कंपनियों ने फर्जी बैंक गारंट के सहारे की मैन पावर सप्लाई का काम शुरू कर दिया.

### खेल घोटाला : आरोपी पीसी मिश्रा नहीं जा सकेंगे यूरोप

**रांची।** रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने 34वें राष्ट्रीय खेल घोटाले के आरोपी पूर्व खेल निदेशक पीसी मिश्रा की पासपोर्ट रिलीज करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है. कोर्ट के इस आदेश से पीसी मिश्रा को बड़ा झटका लगा है. कोर्ट द्वारा पासपोर्ट रिलीज नहीं करने का आदेश पारित होने के बाद अब पीसी मिश्रा विदेश यात्रा नहीं कर पाएंगे. पीसी मिश्रा ने यूरोप समेत अन्य देशों के भ्रमण के लिए पासपोर्ट रिलीज करने का आग्रह किया था. लेकिन कोर्ट ने उनके आग्रह को स्वीकार नहीं किया.

### जैक बोर्ड ने 11वीं का रिजल्ट किया जारी लिंक पर क्लिक कर देख सकते हैं परिणाम

**रांची :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने 11वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है. परीक्षा में शामिल छात्र अब अपना रिजल्ट जैक की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं. रिजल्ट चेक करने के लिए छात्रों को रोल नंबर और रोल कोड की जरूरत होगी.

**ऐसे करें रिजल्ट चेक:** सबसे पहले जैक की ऑफिशियल वेबसाइट [jacresults.com] (https:// jacresults.com) या [jac.jharkhand. gov.in](https://jac. jharkhand. gov.in) पर जाएं. "Class XI Examination – 2025" वाले लिंक पर क्लिक करें. अपना रोल कोड और रोल नंबर भरें. सबमिट करते ही स्क्रीन पर रिजल्ट दिखाई देगा. चाहें तो उसका प्रिंट आउट भी निकाल सकते हैं.जैक बोर्ड ने 11वीं की परीक्षा इस बार 20 मई से 22 मई 2025 के बीच 2 पालियों में आयोजित की थी. पहली पाली सुबह 10:45 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 2 बजे से हुई थी. इस परीक्षा में करीब 3.50 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे. 11वीं की बोर्ड परीक्षा पांच विषयों में हुई थी, और यह पूरी तरह ओएमआर शीट पर आधारित थी. पास होने के लिए छात्रों को कम से कम 4 विषयों में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है. साथ ही स्कूल स्तर पर आंतरिक मूल्यांकन भी किया गया था, जिसके लिए 10 अंक निर्धारित थे.

**रिजल्ट चेक करने के लिए वेबसाइट्स:**

jac.jharkhand .gov.in](https://jac.jharkhand.gov.in)

jac.nic.in](https://jac.nic.in)

jacresults.com](https://jacresults.com)



अफेयर की अफवाहों पर एट्रेस फातिमा सना शेख ने तोड़ी चुप्पी


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, बुधवार 02 जुलाई 2025, आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी, संवत 2082




पेज 07

## ब्रीफ खबरें

### झारखंड के 19 जिलों में सामान्य से अधिक और पांच जिलों में कम हुई बारिश

**रांची ।** झारखंड के 19 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई है. जबकि राज्य के पांच जिलों में अब तक सामान्य से कम बारिश रिकॉर्ड की गई है. मौसम विभाग के एक से 30 जून तक हुई बारिश के आंकड़ों के अनुसार बोकारो में सामान्य से 69 प्रतिशत अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है. वहीं जिन अन्य 18 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई उनमे चतरा में 134, धनबाद 63, दुमका 29, पश्चिम सिंहभूम 158, गिरिडीह 13, गुमला 63, हजारीबाग 57, जामताड़ा 25, खूंटी 88, कोडरमा नौ, लोहरदगा 103, पलामू 108, रामगढ़ 147, रांची 204, सरायकेला- खरसावां 146, सिमडेगा 88 और पश्चिमी सिंहभूम में 91 प्रतिशत सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई.

### साइबर ठगी का शिकार हुए विधायक शशिभूषण

**मेदिनीनगर ।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता साइबर ठगी का शिकार हुए हैं. गाड़ी की नीलामी में भाग लेने का झांसा देकर साइबर ठग ने विधायक से 1.27 लाख रुपये की ठगी कर ली है. विधायक डॉ मेहता ने साइबर थाना में तीन लोगों के खिलाफ जीएसटी अधिकारी बनकर ठगने की शिकायत दर्ज कराई है. डॉ मेहता ने कहा कि 26 जून की सुबह कॉल आया था. उसने खुद को जीएसटी अधिकारी बताते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के मालदा में फॉर्च्यूनर गाड़ी की नीलामी हो रही है. 10 प्रतिशत एडवांस देना होगा. उनकी बातों में आकर विधायक ने रकम दे दी.

### चिकित्सा प्रभारी 4 हजार घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**हजारीबाग।** जिले के बरही प्रखंड के चिकित्सा प्रभारी डॉ. सतीश कुमार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने 4 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. जानकारी के मुताबिक डॉ. सतीश कुमार एक व्यक्ति से किसी काम के एवज में रिश्वत मांग रहे थे. परेशान होकर संबंधित व्यक्ति ने एसीबी में शिकायत दर्ज कराई.

### पाथरडीह जन सहयोग समिति ने चलाया अभियान

**चासनाला।** पाथरडीह पुलिस जन सहयोग समिति की ओर से सोमवार को झरिया-सिंदरी मुख्य सड़क मार्ग पर वाहन जागरूकता अभियान चलाया गया. अभियान का नेतृत्व पाथरडीह थाना प्रभारी अंशु कुमार झा ने किया. इस दौरान बिना हेलमेट बाइक चला रहे लोगों, सीट बेल्ट नहीं पहनने वाले चार पहिया व हाइवा चालकों को गुलाब का फूल देकर उन्हें सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया और धीरे वाहन चलाने की अपील की गई. थाना प्रभारी अंशु कुमार झा ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं.

# केंद्रीय विद्यालय को आवंटित जमीन पर विवाद गहराया

## सीओ पर लगाया मनमानी का आरोप, ग्रामीणों ने डीसी से लगाई गुहार

**शुभम संदेश। धनबाद**

धनबाद जिले के साबलपुर गांव के ग्रामीणों ने धनबाद के अंचल अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उपायुक्त को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है. ग्रामीणों का कहना है कि अंचल अधिकारी ने शोभा महतो और उनके वारिसानों की निजी जमीन (खाता संख्या-45, प्लॉट संख्या-122, रकबा 8 बिघा 10 कट्ठा) पर जबरन कब्जा कर उसे केंद्रीय विद्यालय को आवंटित करने की कोशिश की है. यह जमीन शोभा महतो ने 1929 में निबंधित दस्तावेज (संख्या-181, दिनांक 23.01.1929) के आधार पर खरीदी थी और तब से उनके परिवार द्वारा खेती-बाड़ी के लिए उपयोग की जा रही है. शत्रुघ्न गोप ने बताया कि शोभा महतो और उनके वारिसानों ने इस जमीन पर दाखिल-खारिज करवाया और नियमित रूप से मालगुजारी का भुगतान किया. यह जमीन उनके परिवार की आजीविका का एकमात्र साधन है. हालांकि, अंचल अधिकारी ने कथित तौर पर केंद्रीय विद्यालय के लिए चिन्हित प्लॉट नंबर-120 के बजाय प्लॉट नंबर-122 पर नापी करवाकर जेसीबी मशीन चलवाने की कार्रवाई शुरू की. ग्रामीणों के विरोध और संबंधित दस्तावेज दिखाने के बावजूद, अंचल अधिकारी ने दस्तावेजों को नजरअंदाज कर दिया और कहा कि वे केवल उपायुक्त के आदेशों का पालन करते हैं. ग्रामीणों ने जब आदेश की प्रति मांगी, तो अधिकारी ने टालमटोल किया.





ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पूर्व में अंचल अधिकारी द्वारा केंद्रीय विद्यालय के लिए प्लॉट नंबर-120 को चिन्हित किया गया था और वहां बोर्ड भी लगाया गया था. इसके बावजूद, अंचल अधिकारी ने ग्रामीणों के दस्तावेजों को मानने से इनकार कर दिया और प्लॉट नंबर-122 को ही आवंटित करने की बात कही. ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्रवाई न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि गैरकानूनी भी है, क्योंकि यह जमीन शोभा महतो के वारिसों की निजी संपत्ति है. ग्रामीणों ने अपने पत्र में जोर देकर कहा कि यह जमीन गरीब और असहाय परिवार की आजीविका का आधार है, और इसे छीनना उनके साथ घोर अन्याय होगा.

### केंद्रीय विद्यालय के लिए पूर्व में चिन्हित जमीन को बेचने का आरोप



साबलपुर के ग्रामीणों ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय के लिए पूर्व में चिन्हित जमीन पर ही विद्यालय क्यों नहीं बनाया जा रहा है. शत्रुघ्न गोप, राजकिशोर गोप, नितेश गोप समेत अन्य ग्रामीणों ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय के लिए पूर्व में चिन्हित पांच एकड़ जमीन को फर्जी तरीके से बेच दिया गया है. पांच एकड़ के कुछ हिस्से जमीन का म्यूटेशन वर्तमान सीओ ने ही किया है. अब अपनी गलती छुपाने के लिए हमारी जमीन की घेराबंदी कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि पूर्व में जब विद्यालय के जमीन चिन्हित हुई थी तब विद्यालय के नाम का बोर्ड भी लगा था. जिसपर पूरे प्लॉट का ब्यौरा लिखा गया था. अब दूसरी जमीन पर जेसीबी चला कर कब्जा कराने की जांच होनी चाहिए.

# सीओ ऑफिस में बायोमेट्रिक नहीं, डीसी ने लिया संज्ञान

## आदेश को लेकर गंभीर नहीं धनबाद अंचल अधिकारी, कर्मियों के वेतन पर संकट

**अमित सिन्हा**

धनबाद। धनबाद जिला उपायुक्त आदित्य रंजन द्वारा 21 जून को जारी निर्देश के बावजूद, धनबाद अंचल कार्यालय में आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली की स्थापना नहीं हुई है. उपायुक्त ने सभी कार्यालयों में बायोमेट्रिक प्रणाली को लागू करने और जुलाई 2025 के वेतन भुगतान को इसके साथ जोड़ने का स्पष्ट आदेश दिया था. हालांकि, मंगलवार एक जुलाई तक धनबाद अंचल कार्यालय में यह प्रणाली स्थापित नहीं हुई है, जिसके चलते कर्मचारियों के वेतन भुगतान पर संकट मंडरा रहा है. इस मामले में धनबाद अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया. इस पर उपायुक्त आदित्य रंजन ने सख्त रुख अपनाते हुए मामले को संज्ञान में लिया और कहा कि हम देखेंगे कि बायोमेट्रिक प्रणाली क्यों नहीं लगाई गई. उन्होंने इस देरी के कारणों की जांच के संकेत दिए हैं.



मामला संज्ञान में आया, मैं इसे देखता हूं।

**आदित्य रंजन**
**उपायुक्त**





### क्या है आदेश

उपायुक्त के पत्र में उल्लेख किया गया था कि कोविड-19 के नियंत्रण में आने के बाद सभी कार्यालयों में बायोमेट्रिक प्रणाली के तहत उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य है. पत्र में तकनीकी सहायता के लिए जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, यूआईडी अमित कुमार सिंह से संपर्क करने का निर्देश भी दिया गया था. इसके बावजूद, धनबाद अंचल कार्यालय में प्रणाली की स्थापना में देरी और अंचल अधिकारी की अनुपलब्धता ने कर्मचारियों में असंतोष पैदा कर दिया है.
कर्मचारियों का मानना है कि यदि बायोमेट्रिक प्रणाली जल्द लागू नहीं हुई, तो जुलाई माह का वेतन समय पर मिलने में कठिनाई हो सकती है, क्योंकि वेतन बिल के साथ बायोमेट्रिक उपस्थिति का प्रमाण पत्र अनिवार्य है.

### सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

## धनबाद में जल्द शुरू होगी इंडोर सेवाएं

**शुभम संदेश। धनबाद**

सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में शीघ्र ही इंडोर सेवाएं भी शुरू की जाएंगी. जिसके तहत मरीजों को भर्ती किया जाएगा. इस संबंध में मंगलवार को मेडिकल कॉलेज प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई. बैठक में मुख्य रूप से मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसके चौरसिया, अस्पताल अधीक्षक डॉ. डीके गिंदौरिया, नोडल पदाधिकारी डॉ. रवि भूषण, अस्पताल प्रबंधक डॉ. सीएस सुमन आदि शामिल हुए. प्राचार्य डॉ. चौरसिया ने बताया कि कार्डियोलॉजिस्ट की भर्ती प्रक्रिया चल रही है और इसकी मांग मुख्यालय से भी की गई है. वर्तमान में अस्पताल में न्यूरोसर्जन, गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट, ऑन्कोलॉजिस्ट, प्लास्टिक सर्जन सहित अन्य विशेषज्ञ ओपीडी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं. अब इन सेवाओं का विस्तार किया जाएगा. सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का निर्माण लगभग 167 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है.





#### खास बातें

- 100 टेक्नीशियन व पैरामेडिकल कर्मियों की जरूरत
- आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से होगी इसकी पूर्ति

#### अस्पताल में मैनपावर पर चर्चा

बैठक में मैनपावर की आवश्यकता पर विचार-विमर्श हुआ. अस्पताल को लगभग 100 टेक्नीशियन, पैरामेडिकल कर्मियों आदि की जरूरत है. वर्तमान में आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से इसकी पूर्ति की जाएगी. साथ ही, मुख्यालय के निर्देश पर भविष्य में इसके लिए अलग से भर्ती प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी.

### 400 करोड़ की सौगात

## तीन जुलाई से रातू एलिवेटेड फ्लाईओवर हो जाएगा चालू

**शुभम संदेश। रांची**

राजधानीवासियों को ट्रैफिक जाम से राहत देने वाला रातू रोड फ्लाईओवर अब जनता को समर्पित होने जा रहा है. केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 3 जुलाई को इस बहुप्रतीक्षित फ्लाईओवर का लोकार्पण करेंगे. इसके साथ ही रांची क्षेत्र की अन्य राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया जाएगा. यह जानकारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के क्षेत्रीय कार्यालय से जारी पत्र में दी गई है. क्षेत्रीय पदाधिकारी मुकुंद टी अत्तारडे द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि यह कार्यक्रम 3 जुलाई 2025 को पिस्का मोड़ स्थित ओटीसी ग्राउंड में आयोजित होगा. इसमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे. पत्र के अनुसार, झारखंड राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ी कई विकास योजनाएं चल रही हैं. इन्हीं में से कुछ को इस अवसर पर राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा जबकि कुछ का शिलान्यास किया जाएगा. एनएचएआई ने संबंधित विभागों और पदाधिकारियों से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इसे गरिमा प्रदान करने की अपील की है.

### चतुर्थवर्गीय बहाली पर विवाद

## अभ्यर्थियों ने सीएम को सौंपा ज्ञापन, मंत्री से की बात

**मेदिनीनगर ।** जिला समाहरणालय समेत अन्य सरकारी कार्यालयों में चतुर्थवर्ग के 585 रिक्त सीटों पर बहाली के लिए जारी किए गए विज्ञापन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. चयन प्रक्रिया में मैट्रिक, इंटर और स्नातक में प्राप्त हाईएस्ट नंबर के आधार पर चयन की बात सामने आने के बाद कई अभ्यर्थियों ने इसका विरोध शुरू कर दिया है. अभ्यर्थियों ने मंत्री राधाकृष्ण किशोर के सामने अपनी बात रखी है और बहाली प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की. साथ ही अभ्यर्थियों का एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सचिवालय जाकर मुख्यमंत्री को भी ज्ञापन सौंपा है.

# संगठित गिरोहों के खिलाफ आईजी ने दिया कड़ी कार्रवाई का निर्देश

- आईजी की समीक्षा बैठक, विधि-व्यवस्था और साइबर अपराध पर विशेष ध्यान

**शुभम संदेश। धनबाद**

पुलिस महानिरीक्षक (उत्तर छोटानागपुर) बोकारो प्रक्षेत्र क्रांति कुमार गड़िदेशी मंगलवार को धनबाद समाहरणालय स्थित जिला पुलिस मुख्यालय पहुंचे, जहां गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका स्वागत किया गया. इसके बाद उन्होंने जिले के सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. बैठक में विधि-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराध की रोकथाम, संगठित गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई और मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए.
उन्होंने अधिकारियों को साइबर अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई और तकनीकी दक्षता बढ़ाने का निर्देश दिया. साथ ही, अवैध नशे के कारोबार पर सख्त निगरानी और जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने पर जोर दिया.

(शेष पेज-11 पर)





### इंडो-रशियन अकादमिक कोलैबोरेशन के तहत चार बैच में संस्थान के छह विभागों को मिला अवसर

# आईआईटी धनबाद के छात्र रूस में ले रहे हैं स्पेशलाइज्ड ट्रेनिंग

**शुभम संदेश। धनबाद**

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) (आईएसएम) धनबाद के छात्र और शोधार्थी अब रूस में इंडो-रशियन अकादमिक कोलैबोरेशन के अंतर्गत आयोजित समर/विंटर स्कूल कार्यक्रम का हिस्सा बन रहे हैं. इस सहयोगात्मक पहल के अंतर्गत तीसरे बैच की ट्रेनिंग सेंट पीटर्सबर्ग माइनिंग यूनिवर्सिटी में 30 जून, 2025 से प्रारंभ हो गई है.
इस कार्यक्रम का समन्वयन एप्लाइड जियोफिजिक्स विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर प्रो. सौरभ दत्ता गुप्ता कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि पहले बैच की ट्रेनिंग पेट्रोलियम जियोलॉजी' विषय पर 16 जून से 29 जून तक सम्पन्न हुई, जिसमें 9 छात्र व शोधार्थियों ने भाग लिया. दूसरे बैच की ट्रेनिंग 'करंट ट्रेंड्स इन द ऑयल एंड गैस इंडस्ट्री' विषय पर 26 जून से शुरू हुई है, जो 6 जुलाई तक चलेगी. चौथे बैच की ट्रेनिंग मैनेजमेंट इन द मिनरल रिसोर्स कॉम्प्लेक्स विषय पर 14 जुलाई से 27 जुलाई तक आयोजित की जाएगी, जिसमें 8 छात्र भाग लेंगे. यह संपूर्ण कार्यक्रम इंटरनेशनल सेंटर फॉर कॉम्पिटेंस इन माइनिंग इंजीनियरिंग एजुकेशन द्वारा प्रदत्त ग्रांट तथा यूनेस्को एवं आईआईटी (आईएसएम) धनबाद के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है.
प्रो. दत्ता गुप्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम छात्रों और शोधार्थियों को थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों स्तरों पर गहराई से ज्ञान प्राप्त करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है.
प्रशिक्षण में इंटरएक्टिव लेक्चर्स, हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग, मास्टर क्लासेस, इंटेंसिव सेशंस, इंडस्ट्रियल विजिट्स के साथ-साथ साइटसीइंग और संस्कृतिक कार्यक्रम भी शामिल हैं, जिससे यह एक समग्र शैक्षणिक अनुभव बन जाता है.
इस समर/विंटर स्कूल कार्यक्रम में संस्थान के छह विभाग सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं. जिनमें एप्लाइड जियोलॉजी, एप्लाइड जियोफिजिक्स, माइनिंग इंजीनियरिंग, पेट्रोलियम इंजीनियरिंग, केमिकल इंजीनियरिंग और फ्यूल, मिनरल एंड मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग है. यह अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आईआईटी (आईएसएम) की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जिसके तहत वह अपने छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए नवीनतम तकनीकी ज्ञान और औद्योगिक अनुभव प्रदान कर रहा है.



# 'साउथ का स्वाद' होटल के सांभर में मिला पक्षी का पंख

- होटल संचालक की लापरवाही पर ग्राहकों ने किया हंगामा

**शुभम संदेश। धनबाद**

लुबी सर्कुलर रोड पर स्थित "साउथ का स्वाद" होटल में मंगलवार शाम को उस समय विवाद खड़ा हो गया, जब तीन ग्राहकों को होटल द्वारा दिए गए सांभर में खाने के दौरान पक्षी का पंख मिला. बंटी कुमार, उत्तम साहू और उनके एक साथी सांभर-वड़ा खा रहे थे. मंगलवार को धार्मिक मान्यताओं के चलते नॉन-वेज से परहेज करने वाले लोग इस लापरवाही से काफी आहत हुए. बंटी ने बताया सांभर में पंख मिलना होटल संचालक की लापरवाही को दर्शाता है. जब न लोगों ने होटल मालिक से शिकायत की तो होटल संचालक ने इनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया और कह दिया कि जो करना है कीजिए. होटल संचालक के इस रवैये से गुस्साए ग्राहकों ने हंगामा किया. हंगामा के बाद लोग वापस लौट गए.



## ईस्ट बसुरिया में मारपीट के बाद दहशत

**खास बातें**

- आउट सोर्सिंग जाने से भी कतरा रहे अधिकारी
- इनमोसा ने लिया हालात का जायजा, जताया आक्रोश

शुभम संदेश। तेतुलमारी



ईस्ट बसुरिया कोलियरी में अधिकारी व कर्मियों के साथ मारपीट की घटना से लोगों में भय का माहौल व्याप्त है. मंगलवार को आउटसोर्सिंग परियोजना में कर्मी कार्य पर जाने से कतरा रहे हैं. मामले में इनमोसा के उप महामंत्री कुश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव जसवंत कुमार सिंह, आउटसोर्सिंग के राहुल सिंह मंगलवार को ईस्ट बसुरिया कोलियरी कार्यालय पहुंचे, इन लोगों ने घटना की तीव्र निंदा की. चोटिल व्यक्ति से मुलाकात कर उनका हालचाल लिया, इनमोसा के उप महामंत्री कुश कुमार सिंह ने कहा कि बिना सुरक्षा के पूरे बीसीसीएल में ब्लास्टिंग नहीं की जाएगी. कंपनी सुरक्षा बढ़ाये, बार-बार कर्मी व अधिकारियों के साथ मारपीट व अभद्रता होती है. तत्काल इस तरह की घटना पर रोक लगाई जाए. ऐसे मामले मे अंकुश लगाने के लिए प्रबंधन उच्च पुलिस पदाधिकारियों से मिले. कहा कि घटना पर अंकुश नहीं लगा तो उग्र आंदोलन होगा. मौके पर परियोजना पदाधिकारी रंजीत, सुरक्षा पदाधिकारी कमलाकान्त कुमार, चंदन कुमार, अजीत कुमार मंडल, सुरेश चौहान, राजेश चौहान ,रमेश चौहान, संतोष कुमार सिंह, योगेंद्र कुमार, उपेन्द्र प्रसाद निर्मल, राजीव कुमार रंजन, हरिश निषाद, भोला चौहान, दिलीप बाउरी , रामचंद्र प्रसाद आदि उपस्थित थे.

## बीमा कर्मियों ने संघ के 75वें स्थापना दिवस पर किया ध्वजारोहण

**चिरकुंडा।** अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के 75 वें स्थापना दिवस में प्रवेश के अवसर पर संघ के दिशा निर्देशानुसार हजारीबाग मंडल के अंतर्गत चिरकुंडा शाखा में संगठन के झंडे का ध्वजारोहण किया गया. इस अवसर पर तमाम साथियों द्वारा एक शपथ ग्रहण भी लिया गया. एकत्रित सदस्यों ने तमाम साथियों को बधाई देते हुए जुबली वर्ष में प्रवेश के क्षणों में संघर्षों एवं बलिदान का नमन किया. संघ की स्थापना 1 जुलाई 1951 को की गयी थी. संघ के स्थापना का मूल उद्देश्य समाज के संसाधन का उपयोग समाज के लिए एवं बीमा क्षेत्र के राष्ट्रीयकरण की मांग की धुरी रहा है. संघ ने 75 वें वर्ष को जन आंदोलन, वैचारिक नवीनीकरण, संघठनात्मक सुदृढ़ीकरण और सामूहिक गौरव का वर्ष बनाने का निर्णय लिया. मौके पर शाखा सचिव जितेन्द्र प्रसाद ,अध्यक्ष रामायण गुप्ता, अभिजीत राय, प्रबोध दास, अंजली प्रिया आदि थे.

## हरिहरपुर में मां विपदतारिणी की पूजा, महिलाओं की भीड़

शुभम संदेश। गोमो



रेल नगरी गोमो सटे हरिहरपुर गांव के दुर्गा मंदिर में मंगलवार को माता विपदतारिणी की पूजा श्रद्धा और उल्लास के साथ की गई. माता की पूजा अर्चना को लेकर इलाके में काफी चहल पहल रही. मां के दरबार में सुबह से भक्तों की भीड़ लगी रही. पूजा के लिए महिलाएं अपनी बारी के इंतजार में घंटों खड़ी रही. सुहागिन महिलाओं ने अपने पति, संतान और पूरे परिवार के कल्याण के लिए श्रद्धाभाव से फल फूल मिष्ठान का चढ़ावा चढ़ा कर मन्नतें मांगी. पूजा में 13 की संख्या का विशेष महत्व है. तेरह प्रकार के फलफूल व मिष्ठान का चढ़ावा किया. साथ ही 13 दूब घास व डोरी में तेरह गांठ लगा कर रक्षा सूत्र बना कर बांह में बांधी. घर परिवार की सुख शांति और स्मृति की कामना की. इस दौरान जय माता रानी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा. पुजारी शंकर पान्डेय ने सभी भक्तजनों की पूजा सम्पन्न कराई. इस दौरान उन्होंने मंत्रों का ऊचारण कर भक्तों द्वारा देवी माँ को समर्पित कराया.क्षेत्र के सुख शांति और जन कल्याण की कामना की गई. मौके पर आचार्य पुजारी शंकर पाण्डेय और सहयोगी शुभम पांडेय ने बताया कि मां विपदतारिणी, माता दुर्गा का एक रूप है, मान्यता है कि परिवार पर आने वाले हर संकट को मां टाल देती हैं. पूजा के बाद सभी श्रद्धालु भक्त महिलाओं ने बाहों में तेरह गांठ वाले धागे को बांधा.

### ब्रीफ खबरें

#### फरार चल रहे गुलाम के घर इश्तेहार

**बरवाअड्डा।** बरवाअड्डा थाना कांड संख्या 55/25 के फरार चल रहे आरोपी गुलाम अंसारी के घर में न्यायालय के आदेश पर बरवाअड्डा थाना के पुअनि नागेश श्रीवास्तव ने मंगलवार को इश्तेहार चिपकाया. पुअनि श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी गुलाम अंसारी बरवाअड्डा थाना अंतर्गत जीटी पंडुकी के समीप ट्रक चोरी कर बंगाल जाने के दौरान निरसा खुदिया पुल के समीप से ट्रक जब्त किया गया है. बरवाअड्डा पुलिस ने चालक उपचालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था. पुलिस पूछताछ में चालक ने मरिचो पंचायत के पंजनिया निवासी गुलाम अंसारी की संलिप्तता उजागर की थी.

#### घर बनाने में भाई-बहन के बीच मारपीट

**कुमारधुबी ।** केएफएस कालोनी की फिटर लाइन में घर बनाने को लेकर मंगलवार को शमीम अंसारी का उसकी बहन के साथ झगड़ा हो गया. धक्का मुक्की में गिरने से शमीम का सर फट गया. शमीम ने इसकी शिकायत कुमारधुबी पुलिस से की है. जिसमें उसने पड़ोसी राजेश कंपान व चंदन सिंह पर मारपीट कर सर फोड़ने का आरोप लगाया है. राजेश व चंदन ने आरोप को ग़लत बताया. कहा कि झगड़ा छुड़ाने गया था. उससे पहले ही आपसी झगड़े में उसका सर फट गया था. शमीम की बहन ने भी दोनों को निर्दोष बताया. कहा कि आपसी झगड़े में धक्का-मुक्की में शमीम का सर फटा है. पुलिस ने शमीम को ईलाज के लिये निरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है. कुमारधुबी ओपी प्रभारी राजेश लोहरा ने कहा कि शमीम की बहन ने यह बयान दिया है कि धक्का-मुक्की में उसका सर फटा है. शमीम ने लिखित शिकायत नहीं दी है. लिखित शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी.

#### शिक्षा मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**महुदा ।** बोकारो में परिसदन भवन में शिक्षा मंत्री राम दास सोरेन से मिलकर सीआरपी, बीआरपी के प्रतिनिधी मंडल ने अपनी मांगों को लेकर स्मार पत्र सौंपा और ध्यान आकर्षित कराया. मांगों में मुख्य रूप से अवर शिक्षा संवर्ग बहाली में आरक्षण, 30 % मानदेय बढ़ोत्तरी, वेतनमान निर्धारण आदि है. मौके पर बहादुर महतो, सुकेश कुमार, दीपक नायक, सीताराम, धर्मेंद्र कुमार आदि लोग उपस्थित थे.

## 109 साल पुरानी सेल की जीतपुर कोलियरी पूरी तरह बंद

### महाप्रबंधक ने नोटिस चस्पाकर खदान बंदी की अधिकारिक घोषणा की

**खास बात**

- वैकल्पिक तकनीकी राय के निर्देश के बावजूद उत्पादन पर विराम

शुभम संदेश। झरिया



सेल की ऐतिहासिक जीतपुर कोलियरी को मंगलवार को पूर्णतः बंद कर दिया गया. 109 वर्षों से संचालित इस खदान को सुरक्षा कारणों के मद्देनज़र भारी पुलिस बल और दंडाधिकारी की मौजूदगी में सील कर दिया गया. महाप्रबंधक मनीष कुमार द्वारा नोटिस चस्पा कर खदान बंदी की आधिकारिक घोषणा की गई. बता दें कि पूर्व में टाटा स्टील की जामाडोबा 6/7 पिट्स और 2 पिट्स कोलियरी में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने के कारण उन्हें बंद कर दिया गया था, इस कारण पानी का रिसाव लगातार जीतपुर कोलियरी में हो रहा था. इस स्थिति को देखते हुए डीजीएमएस और सिंफर की सिफारिशों पर सेल निदेशक ने 23 अप्रैल 2024 को खदान में श्रमिकों की एंट्री पर रोक लगाई थी. हालांकि आवश्यक सेवाएं जैसे पंपिंग कार्य जारी थीं, लेकिन अब वह भी पूरी तरह बंद कर दी गई हैं. मंगलवार को दंडाधिकारी नंद किशोर मंडल, विपिन पाठक, और मनोज दास की उपस्थिति में बंदी की कार्रवाई को अंजाम दिया गया. इससे कोलियरी में कार्यरत 145 सेल कर्मचारियों के तबादले की संभावना प्रबल हो गई है. इस बीच, उप मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) ने उत्पादन बंदी की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए वैकल्पिक तकनीकी राय (सेकंड ओपिनियन) प्राप्त करने के निर्देश दिए थे और आगामी 7 जुलाई को एक और बैठक बुलाने का आदेश भी जारी किया है. लेकिन इससे पहले ही खदान को पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है, जिससे यह देखना दिलचस्प होगा कि 7 जुलाई को होने वाली बैठक में क्या निष्कर्ष निकलता है और क्या कोई समाधान सामने आता है.



## हड़ताल को सफल बनाने संयुक्त मोर्चा ने की अपील

**निरसा बाजार।** हड़ियाजाम कोलियरी में संयुक्त मोर्चा की सभा 27 नम्बर इंकलाइन में हुई. सभा को संबोधित करते हुए मुगमा क्षेत्र के सभी वक्ताओं ने एक स्वर में चार लेबर कोड के खिलाफ 9 जुलाई की हड़ताल को सफल करने के लिए अपील किया और सभी वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने श्रम संगठन के 44 कानून को निरस्त कर दिया गया. चार लेबर कोड मजदूरों के ऊपर थोपना चाह रहा है बिल्कुल ही अन्याय और मजदूर विरोधी लेबर कोड हैं. लेबर कोड कोई कानून नहीं है ना ही इस कोड के आधार पर कोर्ट में कोई मजदूर चुनौती दे सकेगा और ना ही अपना हक की बात कर सकेगा. मजदूरों के लिए 44 श्रम कानून थे उसी का उपयोग कोर्ट में भी जाकर न्याय मिलना है पर यदि लागू हुआ तो सभी अधिकारों से वंचित मजदूर वर्ग हो जायेगा.इसलिए पुरे देश के मजदूर वर्ग इस लेबर कोड के खिलाफ 09 जुलाई को हड़ताल पर जायेंगे और हडियाजाम के मजदूर भी हड़ताल में सहभागिता कर सफल बनाने में अपना सहयोग करेंगे. सभा की अध्यक्षता जुठन हरिजन ने किया. मौके पर कार्तिक दत्ता, गणेश धर, कृष्णा सिंह, जगदीश शर्मा, शशि भूषण तिवारी, उत्तम कर,अजय कुमार, सत्येंद्र कुमार,राम प्यारे हरिजन, बुद्धि राम, जमालुद्दीन अंसारी, सहदेव कोइरी, और अन्य थे.

### न्यूज अपडेट

#### सेवानिवृति को एक नई शुरुआत समझें : प्रणव

**पुटकी।** सेवानिवृति जिंदगी का अंत नहीं बल्कि एक नई जिंदगी की शुआआत है. रिटायर होने वाले सभी कर्मी सेवाकाल के बचे शौक को पूरा कर खुशहाल जीवन जीएं. उक्त बातें कुसुंडा एरिया के जीएम प्रणब दास ने मटकुरिया ऑफिसर्स क्लब में रिटायर होनेवाले कर्मियों के सम्मान सह विदायी समारोह में सम्बोधन करते हुए कही. जीएम ने कहा कि रिटायर होने के बाद कर्मियों के पास नया जीवन जीने का बेहतर मौका है.कर्मी अपने परिवार और बच्चों के साथ समय बिताये व स्वास्थ्य पर भी ध्यान रखें. कम्पनी को बुरी स्थिति में जो समय देकर उंचाई पर पहुंचाया, उसके लिए बीसीसीएल शुक्रगुजार है. मौके पर जीएम उत्खनन एके सिंह,एपीएम वेद प्रकाश,नलिनी सिटी एक्का,देवाशीष बाग, चंद्रप्रकाश, अरुण वर्मा, अभिषेक कुमार, सुनिल सिंह, विशाल कुमार,मनीष कुमार,नितेश पांडे,ब्रह्मदेव हजाम आदि मौजूद थे. कार्यक्रम के दौरान अभिनेता अनिल कपूर का रिटायर कर्मियों के लिए मोटिवेशनल ऑडियो सुनाया गया. वहीं जीएम समेत अन्य अधिकारिओं ने रिटायर होने वाले कर्मियों को उनके परिवार की उपस्थिति में पुष्प माला पहना शॉल देकर सम्मानित किया. वहीं उपहार स्वरूप मिठाई, घड़ी, ट्रॉली, ग्रेच्यूटी प्रपत्र भेंट किया.

**प्रबन्धक, अभियंता समेत 13 रिटायर :** कुसुंडा एरिया से रिटायर होनेवालों 13 कर्मियों में क्षेत्रीय कार्यालय के वरीय प्रबन्धक सतेंद्र प्रसाद सिंह, गोन्दुडीह के सहायक अभियंता बाबू राम सिंह चौहान, धनसार के फोरमैन तेज बहादुर राम,फैन ऑपरेटर केदार हरिजन,ड्रिलर उमेश प्रसाद पासवान,डंपर ऑपरेटर सुनील चन्द्र प्रामाणिक,फिटर सलाउद्दीन अंसारी,गोन्दुडीह के ट्रामिंग पर्सनल जगदीश बीपी पूरी,गोधर के लिपिक सुरेश कुमार दास,ट्रामिंग पर्सनल बजरंगी दास,रामपदारथ पासवान व एना के ब्लास्टिंग क्रुमैन गोवर्धन दुसाध शामिल हैं.

#### मायुमं झरिया ने किया डॉक्टरों को सम्मानित



**झरिया।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा ने चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चार विशिष्ट चिकित्सकों को सम्मानित किया. मंच की ओर से झरिया के डॉ एसके भगानिया, डॉ ओपी अग्रवाल, डॉ कृष्णा अग्रवाल और डॉ. अनुप शर्मा सम्मानित हुए. डॉ एसके भगानिया झरिया के पहले नर्सिंग होम के संस्थापक, वर्षों से मात्र 50 रुपये में सेवा करते हुए हजारों गरीबों की उम्मीद बने. स्वास्थ्य ठीक न होने के बावजूद आज भी सेवा में जुटे हैं. मंच अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा, कोषाध्यक्ष किरण शर्मा, संयोजक मयंक केजरीवाल, सदस्य जीवन अग्रवाल, आशीष भुसानिया, गौतम अग्रवाल आदि उपस्थित रहे. सभी ने एक स्वर में कहा डॉक्टर न सिर्फ जीवन बचाते हैं, बल्कि समाज को उम्मीद और दिशा भी देते हैं.

#### चिरकुंडा में स्ट्रीट लाइट खराब, जनता परेशान

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा नगर परिषद के विभिन्न वार्डों सहित मुख्य सड़क में अधिकतर स्ट्रीट लाइट खराबी के कारण बंद हो जाने से क्षेत्र के नागरिकों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है. वार्ड पार्षद व क्षेत्र के लोगों द्वारा विभाग के अधिकारी को कई बार शिकायत की गई, लेकिन स्थिति जस की तस है. इस संबंध में वार्ड संख्या 9 के निवर्तमान पार्षद सुशील कुमार चंद्रवंशी ने कार्यपालक पदाधिकारी को पत्र देकर सोनारडंगाल सहित आस पास के क्षेत्रों में खराब हुए स्ट्रीट लाइट को जल्द ठीक कराने की मांग की है. नागरिकों का कहना है कि मुख्य सड़क जीटी रोड, नेहरु रोड व चिरकुंडा-पंचेत रोड के अलावे 21 वार्डों में लगे अधिकतर स्ट्रीट लाइट खराब पड़े हुए हैं. इतना ही नहीं झारखंड व पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली बराकर सड़क पुल में भी स्ट्रीट लाइट भी अधिकतर खराब हो जाने के कारन लोग परेशान हैं वहीं शहीद चौक के हाई मास्क लाइट को भी ठीक कराया जाए. उन्होंने कहा कि लाइट की देखरेख करने वाली ईएसएस एल कंपनी का कार्य भी संतोषजनक नहीं है जिस कारण क्षेत्र के नागरिकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है. इस संबंध मे विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी विजय कुमार हांसदा व स्ट्रीट लाइट के नोडल पदाधिकारी नजरूल इस्लाम ने कहा कि क्षेत्र में जहां पर भी स्ट्रीट लाइट खराब है उसे ईएसएसएल कंपनी से जल्द ठीक कराई जाएगी ताकि नागरिकों को परेशानी न झेलना पड़े.

#### माही डे केयर अकेडमी का उद्घाटन

**महुदा/चंद्रपुरा।** चंद्रपूरा स्थित पश्चिम पाली में माही डे केयर अकेडमी का मंगलवार को उद्घाटन चंद्रपुरा प्रखंड की पूर्व प्रमुख अनीता गुप्ता, रंगामाटी पूर्वी पंचायत की मुखिया अनिता कुमारी, पूर्व मुखिया विद्यानंद नंदकुलिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया. उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व प्रमुख अनीता गुप्ता ने कहा कि चंद्रपूरा में छोटे बच्चों का प्ले स्कूल बहुत ही जरूरी था. रांगामाटी पूर्वी पंचायत की मुखिया अनिता कुमारी ने कहा कि घर के नजदीक छोटे बच्चों का स्कूल हो यह सबसे अच्छी बात है. यह माही डे केयर अकैडमी चंद्रपुर आवासीय परिसर के क्षेत्र में ही उपलब्ध है. इस अवसर पर पूर्व मुखिया विद्यानंद नंदकुलियर ने कहा कि छोटे बच्चों का स्कूल चलाने में काफी सावधानी बरतनी चाहिए. छोटे बच्चों को संभालना बड़े बच्चों से भीअधिक कठिन काम है. इस अवसर पर माही डे केयर अकेडमी के निदेशक बिनु कुमारी,संध्या देवी, ख्याति कुमारी, सुनीता कुमारी ,पूनम कुमारी ,उषा कुमारी, रेखा कुमारी,मनोरमा देवी, चांदनी श्रीवास्तव, विशाखा प्रमाणिक समेत क्षेत्र के कई अभिभावक उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे.

#### भलजोरिया में श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा

**निरसा।** निरसा के भलजोरिया में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में चौथे दिन सोमवार को कथावाचक उत्तम कृष्ण शास्त्री (वृंदावन) ने कृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई. उन्होंने कहा कि जब-जब होई धर्म की हानि बढ़ी असूर, तब तब धरहिं प्रभु विविध शरीरा. कहा कि जब जब पृथ्वी पर दुष्ट व्यक्ति का अत्याचार बढ़ जाता है, तो उन दुष्टों को मार कर प्रभु पृथ्वी को पाप मुक्त करते हैं. इसी कारण से अवतार होता है. उन्होंने कहा कि कंश के अत्याचार से व्यथित होकर देवताओं ने भगवान नारायण की स्तुति की. भगवान ने सबको आश्वस्त कर पृथ्वी पर आने का वचन दिया. देवकी और वसुदेव जी के यहां आठवें पुत्र के रुप में भगवान श्रीकृष्ण का भाद्रपद अष्टमी तिथि बुधवार को रोहिणी नक्षत्र में कंश के कारागार में प्रकट हुए. श्रीवसुदेव जी ने उन्हें सूप में रखकर अर्ध रात्रि में गोकुल की ओर प्रस्थान कर गए. नंदरानी के यहां बालक को लेटाकर वहां से योगमाया को साथ लेकर आ गये. समय आने पर नंदरानी ने नंदबाबा को पुत्र प्राप्ति का सौभाग्य प्रदान की. इसके बाद नंदोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया. उन्होंने कहा कि जो अपने यश को दूसरों को प्रदान करने वाली है. वह मैया यशोदा है. जिसके गोद में भगवान खेलकर वाल लीला को करते हैं और समस्त बृजवासियों को सुख पहुंचाते हैं.

## स्वच्छता पखवारा में सफल बच्चों को पुरस्कार



**महुदा ।** मंगलवार को ब्लॉक-II क्षेत्रीय कार्यालय के सम्मेलन कक्ष में ब्लॉक-II तथा इसके अंतर्गत सभी इकाइयों में चल रहे ₹स्वच्छता पखवाड़ा₹ का समापन समारोह आयोजित किया गया. उक्त कार्यक्रम की अध्यक्षता महाप्रबंधक ब्लॉक-II क्षेत्र जीसी साहा द्वारा की गई. इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक (मा.सं), अनिल कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशासन, पी के झा, उप प्रबंधक(मा.स), अजय सिंह यादव, सहायक अभियंता असैनिक, गोपाल दास, सहायक प्रबंधक(मा.स), स्नेहा कुमारी, सहायक प्रबंधक पर्यावरण, पुरुषोत्तम कुमार एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे. साथ ही ₹स्वच्छता पखवाड़ा₹ के अंतर्गत नेहरू बालिका उच्च विद्यालय के बच्चों ने पेंटिंग तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में अपनी कला का प्रदर्शन किया. सभी को स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का भी काम किया. महाप्रबंधक, ब्लॉक-II क्षेत्र द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्कूली बच्चों को सालभर स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया. आसपास के क्षेत्र एवं कार्यस्थल को स्वच्छ रखने की अपील की गई. कार्यक्रम का समापन अलग-अलग प्रतियोगिता में अव्वल रहे स्कूली बच्चों को पुरुस्कृत कर किया गया.

## अधिकारियों ने किसानों को बतायी लाभकारी योजनाएं

### विभाग उपलब्ध करायेगा सब्सिडी वाले प्रशिक्षण और कृषि यंत्र

शुभम संदेश। महुदा



जिला भूमी संरक्षण विभाग की और से मंगलवार को लोहापट्टी पंचायत सचिवालय में महिला समूह एवं किसानों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया. बैठक का शुभारम्भ मुखिया सुनिता देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया. गोष्ठी में कृषि विभाग के अधिकारियों ने सरकार द्वारा अनुदानित मूल्य में कृषि यंत्र उपलब्ध कराने की जानकारी दी. उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विभाग के क्षेत्रीय कार्यकर्ता विक्की चौधरी ने बताया कि कृषि विभाग के भूमि संरक्षण विभाग द्वारा वर्तमान में महिला समूह को पच्चास प्रतिशत के अनुदान पर बड़ा ट्रैक्टर उपलब्ध कराया जा रहा है. जो भी महिला समूह कृषि कार्य करने के लिए ट्रेक्टर लेना चाहते है, वे फार्म भरकर जिला कार्यालय में जमा करें. इसके अलावे किसानों के लिए भी अनुदान पर कृषि उपकरण दिया जा रहा है. जिसमें सोलर पम्प, छोटा ट्रेक्टर, रोटा भेटर, धान झाड़ने का मशीन, पावर ट्रीलर आदि दिया जा रहा है. उद्यान सेवक संजय कुमार महतो ने बताया कि जो भी किसान खेती या बागवानी करना चाहते है उसे विभाग की और से प्रशिक्षण भी दिया जाता है. हर पंचायत में समूह बनाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है. आप सब भी प्रशिक्षण लेकर कृषि कार्य करें. मौके पर मुखिया सुनिता देवी, संजय कुमार महतो, उमा देवी, रंजीत महतो, अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी, मुमताज अंसारी, सुदाम महतो, बिनोद महतो, नेमचंद महतो, जितेंद्र महतो, गीता देवी, गंगा देवी, चम्पा देवी, पुतुल देवी, अहिल्या देवी, छुटुबोबी देवी, निलु देवी, बोबी कुमारी, सुमन कुमारी, पायल महतो, नारायण महतो आदि मौजुद थे.

## मुहर्रम : मधुबन में पुलिस जन सहयोग समिति की बैठक



शुभम संदेश। मधुबन

मधुबन थाना परिसर में मोहर्रम को लेकर मंगलवार को जिला पुलिस प्रशासन के निर्देशानुसार मधुबन थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में जन सहयोग समिति की बैठक हुई. बैठक में क्षेत्र की विधि-व्यवस्था, आपसी समन्वय और सामाजिक सौहार्द्र पर विस्तार से चर्चा की गई. मधुबन थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की. बताया कि खरखरी ईदगाह मैदान और कर्बला में अतिरिक्त पुलिस बल मौजूद रहेंगे. ताजिया निकालने वाले रूट पर बड़े वाहनों का परिचालन पूरी तरीके से प्रतिबंधित होगा. ताजिया के जुलूस में डीजे पूरी तरीके से प्रतिबंधित होगा. जुलूस निकालने वाली कमेटी इस बात का भी ध्यान देगी की कोई भी कमेटी जन समुदाय या धार्मिक आस्था को चोट पहुचाने वाले गाने नहीं बजाएंगे. बांसजोड़ा पंचायत के मुखिया समीर कुमार लाला, फुलारीटांड मुखिया प्रतिनिधि दिलीप विश्वकर्मा, समाजसेवी धीरेन लाला, सिनिडीह पूर्व मुखिया बिनोद सिंह, बासुकीनाथ लाला,उत्तम ग्याली,लाल बहादुर यादव ,शेख गयासुद्दीन,आनंद बाउरी, दिना साव, नेपाल महतो, रामजी चौहान, टिंकू प्रसाद, शेख लाला, शेख आलमगीर,शेख जैनुल, शेख फिरोज उपस्थित थे. बैठक का संचालन लाल बहादुर यादव धन्यवाद ज्ञापन दीना साव ने किया.

### गोमो थाने में शांति समिति की बैठक

**गोमो।** हरिहरपुर थाना गोमो में मंगलवार को मोहर्रम को लेकर शांति पूर्ण मनाने को लेकर शान्ति समिति की बेठक की गई . बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी राहुल कुमार झा ने की . अंचलाधिकारी संजय सिंह , पुलिस इंस्पेक्टर असीम कमल टोपनो अथिति के रुप में उपस्थित रहे . थाना प्रभारी ने लोगों से भाईचारे के साथ शान्ति पूर्वक मोहर्रम पर्व मनाने की अपील की . उन्होने कहा कि डीजे व अश्लील गानों पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा .असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखीं जाएगी .गैर लाइसेंसी कोआखडा नहीं निकलना है, रुट में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, शरारती लोगों पर पैनी नजर रहेगी . अंचल अधिकारी ने कहा सरकार व न्यायालय के गाइडलाइन का पालन करना होगा 13 फीट की ऊंचाई का ही निशान निकलेगा . जुलूस के दौरान आपसी सहयोग व भाईचारा बनाए रखना है .अमजद अंसारी, सलीम अंसारी, मुख्तार अंसारी, शमीम अंसारी, मो हफीज ,गोरख प्रसाद सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे .

### भाटडीह में शांति समिति की बैठक

**महुदा।** मुहर्रम पर्व को शान्तिपूर्वक मनाने को लेकर बुधवार को भाटडीह ओपी परिसर में शान्ति समिति की बैठक हुई . बैठक में क्षेत्र के दर्जनों प्रतिनिधि एवं समाजसेवी शामिल हुए . ओपी प्रभारी अनुप कुमार सिंह ने कहा कि मुहर्रम पर्व के अवसर पर क्षेत्र में शान्ति बनाये रखें . किसी स्थान पर किसी शरारती तत्वों के द्वारा गैर जिम्मेदाराना हरकत करता है तो हमें तुरन्त सुचित करें, हम उस पर कारवाई करेंगे . किसी प्रकार की अप्रिय सूचना मिलती है तो तुरन्त ओपी पुलिस को सुचित करें, त्वरित कारवाई की जायेगी . मौके पर मुखिया बदरूद्दीन अंसारी, पुर्व मुखिया संपद घोषाल, मो .आमान, मेहंदी हसन, सनाउल्ला अंसारी, स्वभिमान संस्था के सचिव सुषमा देवी, अध्यक्ष भुनेश्वरी देवी, मालती देवी, अब्दुल समद अंसारी, दीपनारायण शर्मा, मुस्लिम अंसारी, मो .हैदर अंसारी, संतोष कुमार ठाकुर, इसराईल अंसारी, सबीना परवीन, मो .बेलाल अंसारी, मो .क्युम अंसारी आदि मौजूद थे .

### ईस्ट बसुरिया में शांति समिति की बैठक

**तेतुलमारी।** मुहर्रम पर्व को लेकर ईस्ट बसुरिया ओपी परिसर में प्रभारी रूपेश कुमार दुबे की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई . थाना प्रभारी रूपेश कुमार दुबे ने सदस्यों को बताया कि मुहर्रम पर्व में सभी अखाड़ा अपने तय मार्ग पर ही निकले और भड़काऊ गाना पर पूरी तरह पाबंदी रहेगी . सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री पोस्ट करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी . मुहर्रम का पर्व शांति से मनाएं . प्रशासन पूरा सहयोग करेगा .मौके पर मो . आज़ाद,मो . मजहर आलम, संजय निषाद, लक्ष्मण पासवान, गणेश रवानी, मनोहर महतो, राजेंद्र प्रसाद महतो, मो . नौसाद आलम आदि मौजूद थे .

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर रोटरी क्लब चास ने डॉक्टरों को किया सम्मानित

**खास बात**

- चिकित्सक जीवन दाता का रूप हैं : सिविल सर्जन

**शुभम संदेश। बोकारो**



राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब चास द्वारा सदर अस्पताल में चिकित्सकों को स्वास्थ्य क्षेत्र में उनके बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया. यह सम्मान समारोह सदर अस्पताल के सभागार में आयोजित किया गया था. सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद ने केक काटकर चिकित्सकों के प्रति सम्मान व्यक्त किया. रोटरी क्लब चास की अध्यक्ष डिंपल कौर ने कहा कि समाज में चिकित्सकों का बहुमूल्य योगदान है. डिंपल ने कहा कि जिस तरह सीमा पर सैनिक हमारी रक्षा में लगे रहते हैं, उसी तरह चिकित्सक भी समाज में मानव सेवा में लगे रहते हैं. मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद ने कहा कि चिकित्सक जीवन दाता का रूप हैं, पर वर्तमान में चिकित्सक बेहद कठिन परिस्थितियों में कार्य कर रहे हैं. सिविल सर्जन ने चिकित्सकों को सम्मानित करने पर रोटरी क्लब चास की प्रशंसा की. उन्होंने कहा कि इससे कार्य क्षमता बढ़ती है. इस अवसर पर डॉ. भूषण प्रसाद, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. पंकज भूषण, डॉ. अनिकेत चौधरी, डॉ. अनामिका सिंह, डॉ. नजमा खातून, डॉ. पिंकी पाल, डॉ. सौरभ सांख्यान, डॉ. मैथिली ठाकुर, डॉ. सफी नियाज़, डॉ. प्रशांत कुमार मिश्रा, डॉ. मदन प्रसाद, डॉ. तूलिका सिंह, डॉ. शिवानी दास, डॉ. क्लीना टुडू को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर रोटरी के सदस्य डॉ. श्रवण कुमार और डॉ. पुष्पा को भी सम्मानित किया गया. इस समारोह में संजय बैद, सिद्धार्थ पारख, मुकेश अग्रवाल, बिनोद चोपड़ा, पूजा बैद, आनंद अग्रवाल, गौरव रस्तोगी, मंजीत सिंह, ललिता चोपड़ा, चनप्रीत सिंह, रितु अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, ब्रूस टबोडा, कुमार अमरदीप, किरण कुमार, माधुरी सिंह, ज्योति अग्रवाल, ब्रेंडा टबोडा, संजय रस्तोगी, अर्चना सिंह, कविता मल्लिक, शैल रस्तोगी आदि उपस्थित थे.

## गिरिडीह रेड क्रॉस की सेवाएं सराहनीय : डीसी

**गिरिडीह।** राष्ट्रीय डॉक्टर्स दिवस व चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस के अवसर पर गिरिडीह रेड क्रॉस भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में रेड क्रॉस के अध्यक्ष सह उपायुक्त रामनिवास यादव और विशिष्ट अतिथि के रूप में उपाध्यक्ष सह एसडीएम श्रीकांत यशवंत बिसपुते उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत व सम्मान के साथ की गई. इस दौरान अपने संबोधन में डीसी श्री यादव ने उपस्थित चिकित्सकों व चार्टर्ड अकाउंटेंट को बधाई देते हुए कहा कि दोनों ही लोग समाज के अभिन्न अंग हैं. उन्होंने गिरिडीह रेड क्रॉस की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि इतनी कम सेवा शुल्क में आधुनिक फिजियोथेरेपी व ओपीडी सेवा उपलब्ध कराना काबिले तारीफ है. उन्होंने समाज के अन्य लोगों से भी रेड क्रॉस की सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की. एसडीएम ने अपने संबोधन में रेड क्रॉस की सेवाओं और सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि नई टीम के सदस्यों के जज्बे ने रेड क्रॉस भवन की तस्वीर बदल दी है. उन्होंने रेड क्रॉस परिसर में शीघ्र ब्लड बैंक निर्माण की दिशा में पहल करने की भी बात कही. इससे पूर्व, स्वागत भाषण में रेड क्रॉस के चेयरमैन अरविंद कुमार ने सेवा दे रहे चिकित्सकों के साथ-साथ रेड क्रॉस फिजियोथेरेपी सेंटर में आधुनिक मशीनें लगाने में आर्थिक सहयोग करने वाले चार्टर्ड अकाउंटेंट संगठन के सदस्यों का आभार व्यक्त किया. उन्होंने रेड क्रॉस भवन में संचालित सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी. इस दौरान रेड क्रॉस में सेवा दे रहे वरीय चिकित्सक डॉ. जीसी सिन्हा, डॉ. प्रियंका अग्रवाल, डॉ. ओमकार और डॉ. विक्की को अतिथियों के हाथों शॉल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. फिजियोथेरेपी सेंटर की मशीनों के लिए आर्थिक सहयोग करने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंट टीम को भी सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद ज्ञापन सचिव विवेश जालान ने किया. मौके पर उप-चेयरमैन चरणजीत सिंह सलूजा, कार्यकारिणी सदस्य मदनलाल विश्वकर्मा, सीए श्रवण केड़िया, विकास खेतान, प्रकाश कुमार दत्ता, डॉ. रामरतन केड़िया, प्रमोद कुमार, दशरथ शर्मा, भोला प्रसाद गुप्ता, संजीव कपिसवे समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे.



# भोगनाडीह उपद्रव मामले में गोड्डा से दो गिरफ्तार





**खास बात**

- अरोपी पूर्व सीएम के करीबी होने का दावा

**शुभम संदेश। गोड्डा**

हूल दिवस के अवसर पर साहिबगंज के भोगनाडीह गांव में हुए उपद्रव के मामले में गोड्डा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को नगर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है. मामले की जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार ने मीडिया को बताया कि बीते 30 जून को हूल दिवस के दिन शहीद स्थल पर कार्यक्रम करने को लेकर विवाद हो गया था. जिसको लेकर बरहेट थाना में मामला दर्ज किया गया था. इस मामले में साहिबगंज जिले के पुलिस अधीक्षक ने फोन पर घटना में शामिल आरोपियों पर नजर रखने और उनकी धर पकड़ करने के लिए मदद मांगी थी. इसके आलोक में प्रशिक्षु डीएसपी गौरव कुमार के नेतृत्व में सुंदरपहाड़ी थाना प्रभारी, टाउन थाना प्रभारी, मुफस्सिल थाना प्रभारी सहित आसपास के थानों की टीम गठित कर निगरानी की जा रही थी. इसी क्रम में मोबाइल लोकेशन के आधार पर दो युवकों को पकड़ा गया. जिसमें एक की पहचान टाटा निवासी सुधीर कुमार के रूप में और दूसरे की पहचान उसके ड्राइवर गणेश मंडल (उड़ीसा) के रूप में हुई. तलाशी के दौरान इनके पास से धोती-साड़ी के अलावा एक देशी कट्टा भी बरामद किया गया. आगे इनलोगों ने पुलिस को बताया कि वे पिछले एक सप्ताह से भोगनाडीह में ही आसपास रहकर ग्रामीणों से संपर्क कर उनके बीच धोती-साड़ी बांटने का काम कर रहे थे. सुधीर कुमार के बारे में बताया जाता है कि वह पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के करीबी हैं और सोशल मीडिया का कार्य देखते हैं, हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हो सकी है. एसपी के अनुसार, इस तथ्य की जांच के लिए टेक्निकल सेल काम कर रही है. पुलिस अधीक्षक के अनुसार, फिलहाल दोनों युवकों को गिरफ्तार कर कोर्ट में प्रस्तुत कर जेल भेजने का काम किया जा रहा है. आगे दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी.

### गिरफ्तारी के बाद राजनीतिक सरगर्मी हुई तेज

पूर्व सीएम का नजदीकी बताकर जिस प्रकार गिरफ्तारी की गई है, उससे राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है. पुलिस जहां एक ओर उपद्रव की घटना में इन युवकों को मास्टरमाइंड बता रही है और सरकारी कार्यक्रम में उपद्रव कराने की साजिश के तहत मामले को देख रही है, वहीं दूसरी ओर भाजपा इसे प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर बदनाम करने की बात कह रही है. पकड़े गए युवकों का अगर पूर्व सीएम के साथ कोई कनेक्शन निकलता है, तो यह मामला और पेचीदा बन सकता है. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच करने की बात कहकर बाकी आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है. ज्ञात हो कि बीते सोमवार, 30 जून को हूल दिवस के अवसर पर शहीद सिदो-कान्हू के वंशज मंडल मुर्मू के साथ ग्रामीणों और आदिवासी संगठनों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था, लेकिन प्रशासन द्वारा रोक लगाकर सरकारी स्तर पर कार्यक्रम करने की तैयारी थी. जिसको लेकर दोनों के बीच तकरार हुआ और विवाद में लाठी, गोली, तीर चले और पुलिसकर्मियों के अलावा ग्रामीण भी जख्मी हुए थे.

### हेमलाल मुर्मू ने असामाजिक तत्वों पर साधा निशाना

**साहिबगंज।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता और लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू ने हूल दिवस के अवसर पर बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह में हुई हिंसक झड़प पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने इस घटना के लिए कुछ असामाजिक तत्वों को जिम्मेदार ठहराया, जो पिछले कुछ दिनों से कार्यक्रम स्थल पर बैरियर लगाने और चोड़का गाड़ने का काम कर रहे थे. मुर्मू ने जोर देकर कहा कि यह कार्यक्रम अब एक सरकारी मेला बन गया है और इसे बाधित करने का किसी को कोई अधिकार नहीं है. उन्होंने यह भी बताया कि सिदो-कान्हू के वंशजों को छोड़कर, सभी लोग मंच पर उपस्थित थे और एक व्यक्ति जो कथित तौर पर धमकी दे रहा था, उसकी मंशा को समझना मुश्किल है. हेमलाल मुर्मू ने घटना में कुछ पुलिसकर्मियों के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी दी, जिनमें से एक को कुल्हाड़ी और दूसरे को तीर लगा है. उन्होंने ऐसी विचारधारा वाले लोगों का कड़ा विरोध करते हुए उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की.

भाजपा ओबीसी मोर्चा कार्यालय का उद्घाटन

## कार्यालय का लाभ आम जनता को मिले : बाबूलाल



**शुभम संदेश। गिरिडीह**

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को गिरिडीह शहर के मकतपुर में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला कार्यालय का उद्घाटन किया. इस दौरान श्री मरांडी ने कहा कि पार्टी के ओबीसी मोर्चा के जिला कार्यालय का उद्घाटन होना अच्छी बात है. इस कार्यालय का पूरा लाभ आम जनता को मिलना चाहिए. उन्होंने मोर्चा के जिलाध्यक्ष रंजीत वर्णवाल से अपील की कि वे जितना हो सके लोगों की परेशानियों को दूर करने का प्रयास करें. इस अवसर पर पूर्व मंत्री चंद्रमोहन प्रसाद, पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, पार्टी जिलाध्यक्ष महादेव दूबे, संजीत सिंह पप्पू, उषा कुमारी, संदीप डंगाइच, विनीता कुमारी, विनय सिंह, नवीन सिन्हा, नवनीत सिंह, लखन वर्णवाल, बासुदेव वर्णवाल, प्रकाश दास सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

## पर्यावरण-मैत्री प्रयासों के लिए डीपीएस बोकारो को मिला एसडीजी स्कूल अवार्ड

नई दिल्ली के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में प्राचार्य डॉ. गंगवार ने ग्रहण किया पुरस्कार

**शुभम संदेश। बोकारो**



सतत विकास लक्ष्यों (सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स) की प्राप्ति की दिशा में डीपीएस बोकारो द्वारा किए जा रहे प्रयासों को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट मान्यता प्राप्त हुई है. संधारणीय विकास एवं पर्यावरण-मैत्री पहलों के लिए विद्यालय को एसडीजी स्कूल अवार्ड से सम्मानित किया गया है. यह प्रतिष्ठित पुरस्कार रविवार को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एजुकेशनल लीडरशिप कॉन्क्लेव 2025 में प्रदान किया गया, जिसे विद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने ग्रहण किया. इस आयोजन का संयोजन भारत ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा किया गया था. जो नीति आयोग, भारत सरकार एवं एमएसएमई से संबद्ध सेंटर फॉर एजुकेशनल डेवलपमेंट (सीईडी) फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित हुआ था. इस समारोह में देशभर के शिक्षाविद एवं विद्यालय प्रमुख शामिल हुए, जिनमें बोकारो जिले से सम्मान प्राप्त करने वाला डीपीएस बोकारो एकमात्र विद्यालय रहा. डॉ. गंगवार को यह पुरस्कार सीईडी फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ. प्रियदर्शी नायक, केंद्रीय विद्यालय संगठन के पूर्व संयुक्त आयुक्त जयदीप दास, एनसीईआरटी के एनपीईपी एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. विजया कुमार मल्लिक सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया. सोमवार को पुरस्कार प्राप्त कर बोकारो लौटने के बाद, प्राचार्य डॉ. गंगवार ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों की सफलता विद्यालय के विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं समस्त हितधारकों के सम्मिलित प्रयासों का परिणाम है. उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय सभी को दिया. डॉ. गंगवार ने बताया कि डीपीएस बोकारो परिवार 'गो ग्रीन इनिशिएटिव' के तहत अधिकाधिक पौधरोपण, वर्षा-जल संचयन, सौर ऊर्जा का उपयोग, पेपर रिसाइक्लिंग, वर्मीकल्चर, फुलवारी और अतिथियों का हरित सत्कार जैसे विभिन्न माध्यमों से पर्यावरण एवं ऊर्जा स्रोतों के संरक्षण की दिशा में लगातार कार्यरत है.

अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ ने मनाया 75वां स्थापना दिवस

## मजबूत एलआईसी ही देश को समृद्ध करेगा : धर्म प्रकाश

**शुभम संदेश। गिरिडीह**



अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर गिरिडीह शाखा इकाई द्वारा एलआईसी शाखा परिसर में झंडारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई. शाखा अध्यक्ष संजय शर्मा ने झंडारोहण किया, जिसमें शाखा के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे. इसके बाद कर्मचारियों द्वारा यह शपथ ली गई कि वे सभी मिलकर अपने प्रिय संगठन अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ को मजबूत करेंगे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारा संगठन काफी मजबूत और संगठित है, जिसके कारण कर्मचारियों का हित संरक्षित है तथा एलआईसी का उत्तरोत्तर विकास हो रहा है. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ की स्थापना 1 जुलाई 1951 को हुई थी. अपने स्थापना काल से ही संघ ने जीवन बीमा क्षेत्र के राष्ट्रीयकरण के लिए संघर्ष किया, जिसके परिणामस्वरूप 1 सितंबर 1956 को 250 देशी-विदेशी बीमा कंपनियों का राष्ट्रीयकरण कर भारतीय जीवन बीमा निगम की स्थापना की गई. उन्होंने आगे बताया कि 5 करोड़ रुपये की पूंजी से प्रारंभ होकर एलआईसी की कुल परिसंपत्ति लगभग 55 लाख करोड़ रुपये है. एलआईसी ने एक दिन में सबसे अधिक बीमा कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है. इतना ही नहीं, देश के आधारभूत संरचना के विकास में सबसे अधिक निवेश एलआईसी ही करती है. ऐसे में, जितना एलआईसी मजबूत होगा, देश उतना ही समृद्ध होगा. इस अवसर पर संघ द्वारा गिरिडीह मुफस्सिल थाना परिसर में 20 फलदार पौधे लगाए गए तथा लोगों से आग्रह किया गया कि वे अपने विशेष दिन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाएं, ताकि पर्यावरण को संतुलित किया जा सके. कार्यक्रम में मंडलीय संगठन सचिव अनुराग मुर्मू, प्रवीण कुमार हांसदा, विजय कुमार, राजेश कुमार, कुमकुम बाला वर्मा, रोशन कुमार, विनय कुमार, अभय कुमार श्वेता, राजेश कुमार, विजय कुमार, नीरज कुमार सिंह, श्वेता कुमारी, अंशु कुमारी सिंघानिया, कुलजीत कुमार, रवि देवनाथ दास, प्रभास कुमार शर्मा, प्रीतम कुमार मेहता, गौरव कुमार सिंह, नीतीश कुमार गुप्ता, माहेश्वरी वर्मा, सुनील कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार, संजय कुमार शर्मा, प्रदीप प्रसाद, घनश्याम साहू, पंकज कुमार, विजय मंडल, संजय गुप्ता सहित सभी कर्मचारियों ने भाग लिया.

**ब्रीफ खबरें**

### जमुआ में पूजा के दौरान मारपीट

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ थाना क्षेत्र के धुरगडगी गांव में बीते 27 जून को एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच मारपीट होने का मामला सामने आया है. दोनों पक्षों ने जमुआ थाना में मामला दर्ज कराकर कई लोगों को आरोपी बनाया है. दिए गए आवेदन में प्रथम पक्ष के महादेव महतो ने कहा कि उनके भाई की पत्नी हेमंती देवी पूजा कर घर लौट रही थी, तभी शिव शंकर वर्मा, सिकंदर वर्मा, कमलू वर्मा समेत कई अन्य ने हेमंती को रोककर मारपीट की, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गईं. दूसरे पक्ष की अनीता देवी ने अपने आवेदन में कहा कि वह गांव में आयोजित पूजा में भाग लेकर घर लौट रही थी, इसी दौरान गांव के ही हेमंती देवी, जागेश्वर वर्मा, महादेव महतो आदि ने उसके साथ मारपीट की, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गईं.

### रोटरी क्लब बीएसएल की नई कमिटी ने ली शपथ

**बोकारो।** बोकारो में रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी की रोटरी वर्ष 2025-26 की नई कमिटी का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को संपन्न हुआ. हरदीप सिंह ने क्लब के अध्यक्ष, प्रदीप रे ने उपाध्यक्ष, घनश्याम दास ने सचिव, और डॉ. राजदीप ने कोषाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया. अध्यक्ष हरदीप सिंह और उपाध्यक्ष प्रदीप रे ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और कहा कि रोटरी वर्ष की शुरुआत समाज सेवा से करना क्लब के मूल्यों को दर्शाता है. शपथ ग्रहण के बाद क्लब द्वारा तीन प्रमुख समाजसेवी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें रक्तदान, पौधरोपण तथा डॉक्टर्स डे के अवसर पर डॉक्टरों का सम्मान शामिल रहा.

### 'स्टॉप डायरिया कैंपेन' अभियान का शुभारंभ

**साहिबगंज।** मंगलवार को स्टॉप डायरिया कैंपेन अभियान का विधिवत शुभारंभ उपायुक्त हेमंत सती, सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया, डीआरसीएचओ डॉ. एस.एन. मिश्रा तथा अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया. यह विशेष अभियान जिले में 1 जुलाई से 14 जुलाई तक चलाया जाएगा. कार्यक्रम के दौरान अभियान के तहत की जाने वाली प्रमुख गतिविधियों की जानकारी साझा की गई. बताया गया कि डायरिया से शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जिले भर में घर-घर जाकर ओआरएस एवं जिंक का वितरण, जागरुकता रैली, वीएचएनडी के माध्यम से स्वास्थ्य शिक्षा, स्कूलों में हैंडवॉश (हस्त धुलाई) डेमो, और सहिया एवं एएनएम के माध्यम से निगरानी गतिविधियां संचालित की जाएंगी.

### तिसरी में झामुमो प्रखंड मोर्चा का गठन

**तिसरी (गिरिडीह)।** धनवार के पूर्व विधायक और झामुमो नेता निजामुद्दीन अंसारी मंगलवार को पार्टी के प्रखंड कमिटी गठन को लेकर तिसरी पहुंचे. इस दौरान मुख्यालय स्थित बरनवाल धर्मशाला में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रिंकू वर्णवाल, बीस सूत्री अध्यक्ष मो. मुनिबुद्दीन, धनवार बीस सूत्री अध्यक्ष सफीक अंसारी आदि की उपस्थिति में पार्टी के किसान मोर्चा, महिला मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, युवा मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा का गठन किया गया. जिसमें अल्पसंख्यक मोर्चा में मोहम्मद नसीम (अध्यक्ष) और मोहम्मद इनामुद्दीन साईं (सचिव), अनुसूचित जाति मोर्चा में लोटो रविदास (अध्यक्ष) और उपेंद्र कुमार दास (सचिव), महिला मोर्चा में बेरोनिका हेंब्रम (अध्यक्ष) और लथनी देवी (सचिव), युवा मोर्चा में अफसर हुसैन (अध्यक्ष) और सुरेश मरांडी (सचिव), किसान मोर्चा में अर्जुन हांसदा (अध्यक्ष) और दासो सोरेन (सचिव) बनाया गया.

**न्यूज अपडेट**

### 30 छात्रों को पुलिस ने किया सम्मानित

**कसमार (बोकारो)।** कसमार थाना परिसर में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोकारो के ट्रैफिक डीएसपी विद्याशंकर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कसमार सीओ प्रवीण कुमार व जरीडीह सर्किल इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह उपस्थित थे. इस दौरान कसमार प्रखंड के 16 स्कूलों के मैट्रिक, इंटर (सभी संकाय) के स्कूल टॉपर्स सहित नीट की परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, डायरी व कलम देकर सम्मानित किया गया. इसके अलावा, सभी विद्यालयों के प्राचार्यों को भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में इनके अलावा स्थानीय जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, जरीडीह थाना प्रभारी विपिन कुमार महतो, पेटरवार थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा, कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो, प्रखंड बीस सूत्री कमिटी अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम के अलावा कई पंचायतों के मुखिया, पंसस व अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे. इस अवसर पर उपस्थित बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि ट्रैफिक डीएसपी विद्याशंकर ने कहा कि सफलता प्राप्त करने वाले सभी बच्चे निश्चित तौर पर काफी मेहनती हैं. उन्होंने सभी बच्चों से कहा कि वे आगे चलकर इससे भी बड़ी उपलब्धि हासिल करें, इसकी तैयारी जोरदार तरीके से करें. सीओ प्रवीण कुमार एवं जरीडीह सर्किल इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सफलता हर बच्चे का जन्मसिद्ध अधिकार है. इसलिए सफल बच्चे निरंतर रूप से अपनी सफलता को बरकरार रखें. कसमार थाना प्रभारी भजन लाल महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभावान बच्चों की कमी नहीं है. उनकी प्रतिभा में और ज्यादा निखार हो एवं मनोबल आगे बढ़े, ताकि आगे चलकर ये बच्चे सफलता के नए-नए कीर्तिमान स्थापित करें, यह कामना है.

### जलवायु परिवर्तन पर कसमार में मुखिया संघ की बैठक

**कसमार (बोकारो)।** जलवायु परिवर्तन और आजीविका विषयक सम्मेलन को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता कसमार प्रखंड अध्यक्ष हारू रजवार ने की, जिसमें प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया एवं उनके प्रतिनिधि मौजूद थे. बैठक में मुख्य रूप से जलवायु परिवर्तन के स्थानीय प्रभावों और आजीविका संकट से जुड़ी जमीनी चुनौतियों पर चर्चा की गई. बताया गया कि कैसे 'कॉन्फ्रेंस ऑफ पंचायत' जैसे मंच के माध्यम से सरकार और नीति निर्माताओं तक इन मुद्दों को पहुंचाया जा सके. बैठक को संबोधित करते हुए बेरमो मुखिया संघ के अध्यक्ष चंद्रदेव घासी ने कहा कि कॉन्फ्रेंस ऑफ पंचायत हम मुखियाओं के लिए जलवायु परिवर्तन और आजीविका के सवालों को साझा करने का एक बेहतरीन मंच है. यहाँ हम सरकार को सुझाव और समाधान दे सकते हैं, जो हमारी ज़मीन से जुड़े हैं. पर्यावरण कार्यकर्ता गुलाब चंद्र ने बैठक में कहा कि जल, जंगल और जमीन का संरक्षण करते हुए आजीविका की सुरक्षा करना आज की प्राथमिकता है. जलवायु परिवर्तन के स्थानीय प्रभावों का आकलन कर, हमें अनुकूल आजीविकाओं का विकास करना होगा.

### मुहर्रम को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

**साहिबगंज।** आगामी मुहर्रम पर्व-2025 को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. इस बैठक की अध्यक्षता जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने की. बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे. बैठक में मुहर्रम के अवसर पर जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया. उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि मुहर्रम के दौरान जुलूस, ताजिया यात्रा और अन्य धार्मिक गतिविधियों के समय विधि-व्यवस्था संधारण सर्वोपरि है. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी समुदायों की धार्मिक आस्थाओं का सम्मान करता है, लेकिन कानून-व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा. उन्होंने निर्देश दिया कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, सीसीटीवी कैमरे की निगरानी और फ्लैग मार्च जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाय. साथ ही, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर सख्ती से नजर रखने और उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने को भी कहा. पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने कहा कि जिले में शांति भंग करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

### डायरिया पर 14 जुलाई तक चलेगा विशेष कार्यक्रम

**डुमरी (गिरिडीह)।** डायरिया रोकथाम अभियान के तहत 1 जुलाई से 14 जुलाई तक चलने वाले विभिन्न कार्यक्रम और दवाई वितरण के परिप्रेक्ष्य में, अभियान के पहले दिन मंगलवार को रेफरल अस्पताल और सभी स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों के बीच ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां वितरित की गईं. रेफरल अस्पताल में दवा वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश महतो, बीपीएम पूजा कुमारी, बीटीटी मानिकचंद महतो सहित सभी स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे. इस संबंध में डॉ. महतो ने कहा कि डायरिया एक प्रमुख जन स्वास्थ्य समस्या है. उन्होंने बताया कि डायरिया से होने वाली ज्यादातर मौतों को समय पर पहचान और डिहाइड्रेशन के सही प्रबंधन से रोका जा सकता है. दस्त के समय जिंक की गोली, ओआरएस घोल और पर्याप्त पोषण का उपयोग करके डायरिया से होने वाली मृत्यु को काफी हद तक कम किया जा सकता है. .

### शिकारीपाड़ा में बालू का अवैध उठाव और परिवहन जारी



**दुमका।** दुमका जिले का शिकारीपाड़ा प्रखंड पश्चिम बंगाल की सीमा पर स्थित है. यहाँ से लकड़ी, कोयला के साथ-साथ बालू का अवैध परिवहन पश्चिम बंगाल लगातार जारी है, जिसका प्रमाण वन विभाग द्वारा समय-समय पर वाहन सहित जब्त की गई लकड़ियां देती हैं. आरोप है कि स्थानीय प्रशासन पर माफिया तत्वों का काफी प्रभाव है. बालू के उठाव एवं परिवहन को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा 10 जून 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक पूर्ण रूप से पाबंदी लगा दी गई है. लेकिन एनजीटी द्वारा जारी इस आदेश का यहां कोई असर नहीं दिख रहा है. छोटे तथा बड़े वाहनों से बालू का उठाव कर प्रखंड क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम बंगाल भेजने का कार्य निर्बाध रूप से जारी है. पूर्व में दुमका जिले में केवल एक जिला खनन पदाधिकारी का ही पदस्थापन था और खान निरीक्षकों के दो स्वीकृत पद रिक्त पड़े हुए थे. इधर, एक वर्ष से दोनों पदों पर खान निरीक्षकों का पदस्थापन है, उसके बावजूद अवैध कारोबार जारी है. बालू के उठाव एवं परिवहन पर एनजीटी द्वारा रोक को लेकर अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर कहते हैं कि उन्हें भी लगातार इसकी शिकायत मिल रही है. उन्होंने बताया कि बालू लदे वाहनों को पकड़ने के लिए वह लगातार दो दिन से प्रयास कर रहे हैं, लेकिन वे पकड़ में नहीं आ रहे हैं. उनका मानना है कि इसमें स्थानीय जनता एवं बुद्धिजीवियों का सहयोग काफी महत्व रखता है. जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि हर हाल में एनजीटी द्वारा जारी दिशा-निर्देश का पालन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि अवैध बालू उठाव का रूट बताने पर कार्रवाई अवश्य होगी.

▼ ब्रीफ खबरें

### कोयला नगर में ट्रेड यूनियनों की बैठक

**धनबाद।** ट्रेड यूनियनों की संयुक्त मोर्चा की बैठक मंगलवार को कोयला नगर स्थित रिक्रेशन क्लब में संपन्न हुई. इस बैठक में बीसीसीएल में कार्यरत सभी श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे. बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के महामंत्री एके झा और संचालन एसएस डे ने किया. बैठक को सपन बनर्जी, भवानी बंदोपाध्याय, नंदू यादव ,आनंदमयपाल पाल, मानस चटर्जी ,हरि प्रसाद पप्पू ,ए के मित्रा, जय कुमार शेखर ,रामप्रीत यादव, शकील अहमद, उदय कुमार सिंह, संजीत सिंह ने संबोधित किया. सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 3 जुलाई तक सभी क्षेत्रीय स्तर पर शाखा एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रस्तावित 9 जुलाई के भारत बंद औद्योगिक हड़ताल को पूर्ण रूप से सफल बनाने की रणनीति पर संयुक्त रूप से विचार विमर्श करेंगे. गेट मीटिंग ,मोटरसाइकिल जुलूस, नुक्कड़ सभा ,जनसंपर्क अभियान, पदयात्रा, मसाल जुलूस आदि कार्यक्रम तय करके उसे क्रियान्वित करेंगे. 5 जुलाई को 9:00 बजे लोदना एरिया के साउथ तीसरा एमओसीपी कॉलोनी के सामुदायिक भवन में संयुक्त मोर्चा की आम सभा की जाएगी. 7 जुलाई को 3:00 बजे संयुक्त मोर्चा द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जाएगा.

### आदिवासियों पर लाठीचार्ज के खिलाफ फूंका सीएम का पूतला

**गोविंदपुर।** भोगनाडीह में आदिवासियों पर लाठीचार्ज के खिलाफ धनबाद जिला ग्रामीण भाजपा ने मंगलवार को श्रीहरदेवराम स्मृति भवन से विरोध मार्च निकाला गया. सुभाष चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया. धनबाद जिला ग्रामीण के प्रभारी विनय जायसवाल ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन सरकार की कथित आदिवासी हितैषी छवि एक बार फिर पूरी तरह से उजागर हो गई है. हूल दिवस जैसे ऐतिहासिक और गरिमामयी अवसर पर भोगनाडीह की पवित्र धरती पर हुए घटनाक्रम ने समस्त राज्यवासियों को स्तब्ध कर दिया है. पूर्व मंत्री अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा कि सबसे पहले शहीद सिदो-कान्हू के वंशजों को कार्यक्रम में शामिल होने से रोका गया.

# भाजपा ने किया मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन

- भोगनाडीह घटना के खिलाफ जताया आक्रोश

**शुभम संदेश। धनबाद**

भारतीय जनता पार्टी धनबाद महानगर के तत्वावधान में आज रणधीर वर्मा चौक पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया. यह विरोध प्रदर्शन भोगनाडीह में हूल दिवस के अवसर पर सिदो-कान्हू के वंशजों और जनजातीय समाज पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज और आंसू गैस के प्रयोग के खिलाफ था. कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने की, जिसमें सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया. इस दौरान सिदो-कान्हू अमर रहे, भारत माता की जय और हेमंत सोरेन मुर्दाबाद के नारे गूंजे. महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने भोगनाडीह की पवित्र धरती पर आदिवासियों की अस्मिता पर हमला किया. उन्होंने पुलिस



कार्रवाई को अमानवीय और लोकतंत्र पर धब्बा बताया. राय ने आरोप लगाया कि महागठबंधन सरकार का रवैया अंग्रेजी हुकूमत जैसा है, जो आदिवासियों की आवाज दबाने का प्रयास कर रहा है. प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजीव अग्रवाल, सत्येंद्र कुमार और रमेश राही ने कहा कि आदिवासी समाज का स्वाभिमान लाठी और आंसू गैस से नहीं दबाया जा सकता. जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र हाँसदा ने कहा कि यह घटना हेमंत सरकार के नैतिक पतन का प्रमाण है और यह इसके अंत की शुरुआत होगी. जिला महामंत्री मानस प्रसून, धनेश्वर महतो, जिला उपाध्यक्ष शेखर सिंह और मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा ने कहा कि भोगनाडीह वही भूमि है, जहां 1855 में सिदो-कान्हू ने हूल क्रांति का बिगुल फूंका था. कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्येंद्र कुमार, संजीव अग्रवाल, रमेश राही, जिला महामंत्री मानस प्रसून, धनेश्वर महतो, जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान, शेखर सिंह, मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा, राज किशोर जैना, मंडल अध्यक्ष राजाराम दत्त, संजय कुशवाहा, सूरज पासवान, सन्नी रवानी, रवि सिन्हा, रंजय सिंह, अरुण राय, मुकेश पांडे, सुमन सिंह, बबलू सिंह, कन्हैया पांडे, रजनीश तिवारी, दीपक सिंह, सुप्रभात कुमार, शिल्पी घोष, रूमकी गुप्ता, मनोज रिंकू, इंद्रकांत झा, विजेंद्र कुमार और भोला पांडे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# भ्रष्टाचार मुक्त भारत ने वन प्रमंडल और लेखपाल के खिलाफ दिया धरना

**शुभम संदेश। धनबाद**

रणधीर वर्मा चौक पर भ्रष्टाचार मुक्त भारत संस्था ने एक दिवसीय धरना देकर वन प्रमंडल अधिकारी एवं लेखपाल द्वारा वनभूमि की लूट एवं वन संपदा की तस्करी को लेकर सीबीआई जांच कराने की मांग की है. संस्था के रणधीर यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत संघर्ष मोर्चा धनबाद वन प्रमंडल के अधिकारी और लेखपाल के द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों के खिलाफ यह धरना का आयोजन किया गया है. डीएफओ अधिकारी माफियाओं के साथ मिलकर सैंकड़ों एकड़ वन भूमि पर अवैध कब्जा करवा रहे हैं. फर्जी दस्त भेजो के आधार पर मार्केट और मॉल बनवाए गए हैं. वन सुरक्षा के लिए पिलर लगाने में सरकारी धन का गबन अवैध खदानों और आरा मशीनों के संरक्षण तथा वन संपदा की तस्करी इनके द्वारा प्रायोजित है. बिहार और बंगाल के कुख्यात अपराधियों की संरक्षण देने के साथ-साथ उनके खिलाफ आवाज उठाने वाले को झूठे मुकदमे में फसाया जा रहा है. जिसमें



हम सब की कई मांगे हैं. भ्रष्ट डीएफओ और लेखपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए तथा समाजवादी पार्टी महासचिव मुमताज अली को झूठे केस में फंसाने की साजिश करना बंद किया जाए. डीएफओ और लेखपाल के द्वारा अर्जित की गई अवैध संपत्ति की जांच सीबीआई से हो. वन भूमि की लूट एवं वन संपदा की तस्करी करने वाले पर भी करवाई किया जाए. टुंडी, तोपचांची और गोविंदपुर तथा निरसा में वन भूमि पर अवैध कब्जे एवं अवैध माइंस पर रोक लगाई जाए. संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि मांगें पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा. इस गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई कर भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जाए और वन संपदा की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए. इस मौके पर बैद्यनाथ महतो, दीपक चौरसिया, सुधीर जायसवाल, संजय तिवारी, शारदा सिंह, अफ़साना रुकसार खातून, आरिफ खान, अवधेश यादव, मोहन यादव, धर्मवीर यादव आदि लोग मौजूद थे.

# अल्पसंख्यकों से संबंधित मामलों को दें प्राथमिकता : ज्योति सिंह

**शुभम संदेश। धनबाद**

झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) ज्योति सिंह मथारू ने मंगलवार को सर्किट हाउस में जिले के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अल्पसंख्यकों से संबंधित मामलों की समीक्षा की. उपाध्यक्ष ने बीपीएल नामांकन को लेकर उसका अनुपालन सुनिश्चित करने, अल्पसंख्यकों से संबंधित म्यूटेशन के लंबित मामलों का निष्पादन करने, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गुरुज क्रेडिट कार्ड, साइकिल वितरण, कब्रिस्तान घेराबंदी, उर्दू शिक्षकों की संख्या सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की. उपाध्यक्ष ने कहा कि बीपीएल कोटा में नामांकन के लिए छात्रों का चयन तो जरूर होता है, लेकिन कुछ विद्यालय द्वारा उनका नामांकन नहीं लिया जाता है. जिस कारण अल्पसंख्यक बच्चे शिक्षा से वंचित रह



जाते हैं. उन्होंने मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना व गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया. साथ ही अल्पसंख्यकों से संबंधित मामलों का प्राथमिकता देकर निष्पादन करने का निर्देश दिया. बैठक से पूर्व जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने उपाध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया. इसके पहले उपाध्यक्ष ने सर्किट हाउस में अल्पसंख्यक समुदाय के साथ बैठक कर उनकी समस्या सुनी. इसमें मैथन डीवीसी, जोड़ापोखर, मनईटांड, मटकुरिया, गुरुनानक कॉलेज, खालसा हाई स्कूल, जामाडोबा गुरुद्वारा, झरिया सहित अन्य क्षेत्र से आए लोगों की समस्या सुनी. बैठक में डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, जिला कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी एल.बी.के. सहदेव, ट्राफिक इंस्पेक्टर लव कुमार, जोरापोखर इंस्पेक्टर राजेश कुमार के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

# बेकारबांध में शिव महाआरती 14 जुलाई को

**शुभम संदेश। धनबाद**

जीटा द्वारा लगातार चौथे वर्ष 14 जुलाई को श्रावण मास के प्रथम सोमवार को बेकारबांध के राजेंद्र सरोवर में शिव महाआरती का भव्य आयोजन किया जाएगा. यह कार्यक्रम वाराणसी के दशाश्वमेध घाट की तर्ज पर आचार्य रणधीर मिश्रा और उनकी टीम द्वारा संपन्न होगा. इसके साथ ही अन्य पारंपरिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे. उक्त जानकारी जीटा के महासचिव राजीव शर्मा ने दी. झारखण्ड इंडस्ट्रीज एण्ड ट्रेड एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को होटल वसुंधरा रेसिडेन्सी, हरि मंदिर रोड, हीरापुर में अमितेश कुमार सहाय की अध्यक्षता में हुई. इस दौरान कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई.

**एमएसएमई उद्योगों के लिए फैक्ट्री लाइसेंस नवीकरण :** फैक्ट्री लाइसेंस का नवीकरण 5 से 10 वर्ष तक करने से एमएसएमई उद्योगों को सुविधा मिली थी, लेकिन प्रतिवर्ष रिटर्न फाइल करने की बाध्यता से उद्यमियों को परेशानी हो रही है. जीटा ने सरकार से एमएसएमई को इस प्रक्रिया से मुक्त करने की मांग की है, ताकि नए और युवा उद्यमी उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित हों, जिससे रोजगार सृजन और राज्य के राजस्व में वृद्धि हो. इस मुद्दे पर जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर समाधान के लिए प्रयास करेगा.

### कोयला आवंटन में समस्या



जीटा के अध्यक्ष अमितेश कुमार सहाय ने बताया कि बीसीसीएल द्वारा हाल ही में कोयला आवंटन/बिक्री के लिए आयोजित ऑक्शन को सभी प्रक्रियाओं के बावजूद रद्द कर दिया गया, जिससे कोयला उद्यमियों को खरीद में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. इस संबंध में जीटा का एक प्रतिनिधिमंडल बीसीसीएल के सीएमडी से मुलाकात कर चर्चा करेगा. बैठक का संचालन महासचिव राजीव शर्मा ने किया, जिसमें संरक्षक केदार नाथ मित्तल, उपाध्यक्ष गगन दुदानी, उमेश हेलीवाल, संजीव चौरसिया, गोपी कटेसरिया, और आजाद कृष्ण अग्रवाल सहित अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे.

## आसनसोल

**आसनसोल अग्निकांड**

# बबलू के घर पहुंची फॉरेंसिक टीम

- बबलू के घर की चाबी पुलिस के पास
- शिल्पा के ठीक होने का इंतजार

**शुभम संदेश। आसनसोल**

पश्चिम बंगाल आसनसोल साऊथ पुलिस फाड़ी अंतर्गत फतेहपुर स्वागतम रेसीडेंसी मे स्थित झारखंड धनबाद जिले के निरसा के रहने वाले कोयला व्यवसायी बबलू सिंह के घर हॉउस नंबर बी2 में शनिवार देर रात हुई भीषण अग्निकांड मामले की जाँच करने मंगलवार को क्षेत्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की चार सदस्यीय टीम दोपहर को पहुँची थी, जिनके साथ आसनसोल साऊथ थाना के आईसी कौशिक कुंडू, एसआई अमरनाथ दास, एसआई बंसीबदन कर्मकार, कांस्टेबल ताहेरुद्दिन मुख्य रूप से उपस्थित थे. फॉरेंसिक टीम ने घर के दोनों मंजिलों की हर एक कोने



की बारीकी से जाँच की. साथ में उन्होंने कई नमूने और कुछ सेम्पल घर से एकत्रित भी किये. इसके अलावा उन्होंने जाँच के दौरान कुछ तसवीरें भी ली, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है की बबलू सिंह के घर में अग्निकांड कैसे और किस तरह हुई. फॉरेंसिक टीम द्वारा की जा रही जाँच के दौरान बबलू के परिजनों के साथ -साथ शिल्पी की बहन पूजा चटर्जी भी मौके पर उपस्थित थी. जाँच पूरी होने के बाद घर में ताला लगाकर आसनसोल साऊथ थाना पुलिस चाबी अपने साथ ले गई. इस दौरान उन्होंने स्वागतम रेजीडेंसी सोसाइटी के तमाम मेंबरों को भी बुलाया और यह कहा की शिल्पी चटर्जी जब पूरी तरह स्वस्थ होकर थाने आएगी, तब बबलू के परिजनों को भी बुलाया जाएगा. दोनों पक्ष के बीच बात करवाई जाएगी. दोनों की सहमति से ही आगे कोई कदम उठाया जाएगा. इस दौरान अगर दोनों पक्ष के बीच किसी तरह की कोई समस्या खड़ी होती है तो उसको देखते हुए पुलिस कोई ठोस कदम उठाएगी. अगर मामला कोर्ट कचहरी तक पहुँचता है तो वैसे में पुलिस न्यालय के आदेश को मान्यता देगी. जिसके पक्ष में सुनवाई होगी उसके पक्ष में पुलिस खड़ी होकर घर का चाभी उसके सौंपेंगे. घर के अंदर तब तक जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी, जबतक घर के दोनों दावेदार एक साथ उपस्थित ना हो. बताते चलें की शनिवार देर रात करीबन 11 बजकर 30 मिनट पर बबलू के घर उस वक्त आगजनी की घटना घटी जब घर में बबलू की तथाकथित पत्नी शिल्पी चटर्जी और उसके तथाकथित ससुर बीरेंद्र नाथ चंद व सास गायत्री चंद मौजूद थे. स्थानीय लोगों की माने तो वेसब सोने की तैयारी कर रहे थे, तभी अचानक शिल्पी चटर्जी की चीखने और चिल्लाने की आवाज सुनी, जिसके बाद वह भागे -भागे शिल्पी के घर पहुँचे, शिल्पी दरवाजे के सामने खड़ी थी और दरवाजा आग से घिरा था. लोगों ने आनन -फानन में पानी फेंककर आग पर काबू पाने की कोशिश की और किसी तरह शिल्पी को वह आग से बचाकर घर से बाहर निकाला. इस बीच स्थानीय लोगों ने शिल्पी से बार-बार पूछा घर में और कौन-कौन फंसा है. शिल्पी ने अपने पड़ोसियों को जवाब देते हुए कहा उसके माता पिता आग में झूलसर मर गए हैं, पड़ोसियों ने शिल्पी से बबलू सिंह के बारे मे भी कई बार पूछा, बबलू क्या घर है, क्या वह आग में फंसा है. शिल्पी ने पड़ोसियों को उनके सवालों का कोई जवाब नहीं दिया और वह बार-बार यही बोलती रही की उसके माता पिता आग में जलकर मर गए. इसी बीच पड़ोसियों द्वारा की दी गई दमकल विभाग को घटना की जानकारी के बाद मौके पर दमकल पहुंच कर आग पर काबू पाने की कोशिश की. जिसमें झूलसकर मारे जा चुके बबलू सिंह, उसके तथाकथित ससुर बीरेंद्र नाथ चंद और सास गायेत्री चंद के शव को कब्जे में लेकर आसनसोल जिला अस्पताल पॉस्मार्टम के लिये भेज दिया. जलने से घायल शिल्पी चटर्जी की बेहतर इलाज के लिये दुर्गापुर के एक गैर सरकारी अस्पताल मे भेज दिया गया, जहाँ उसका इलाज चल रहा है.

### सेव ड्राइव सेफ लाइफ जन जागरुकता रेली

**बराकर।** आसनसोल दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट अंतर्गत बराकर सब ट्रैफिक गार्ड की ओर से बराकर में सेव ड्राइव सेफ लाइफ जागरूकता अभियान के तहत एक रैली का आयोजन किया गया. बराकर सब ट्रैफिक गार्ड के एसआई संजीव सरकार के नेतृत्व में रैली बराकर स्टेशन से प्रारंभ होकर बैगुनिया मोड तक निकाली गई. जिसमें बड़ी संख्या में ट्रैफिक गार्ड के कर्मी बराकर चेंबर , बैगुनिया चेंबर के सदस्य, स्थानीय ऑटो चालक, मुख्य रूप से शामिल हुए. इस दौरान ट्रैफिक गार्ड के जवान हाथों में सेव ड्राइव सैफ लाइफ की तख्तियां लिए लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे थे. सब ट्रैफिक गार्ड एसआई ने बताया कि ट्रैफिक सुरक्षा सप्ताह के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सड़क पर वहां चालकों को सचेत करना ओर सुरक्षित रखना है. पूरे सप्ताह बराकर सब ट्रैफिक गार्ड की ओर से एरिया में जन जागरूकता के उद्देश्य से चलाया जाएगा ताकि सड़क पर कम से कम दुर्घटना हो.

# प. बंगाल के लोगों की रक्षा करनी है तो भाजपा ही विकल्प : सांसद

## गौरांगी रांगुनी गढ़ में हूल दिवस पर आदिवासी समाज के सम्मान सुरक्षा की बातें

**शुभम संदेश। पुरुलिया**

जंगल के हर कोने में आदिवासी पुरुषों और महिलाओं पर अत्याचार, दुर्व्यवहार और उनकी उपेक्षा की जा रही है. अगर पश्चिम बंगाल के लोगों की रक्षा करनी है तो भारतीय जनता पार्टी के अलावा कोई विकल्प नहीं है. उक्त बातें पुरुलिया के सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो ने सोमवार को काशीपुर के विधायक भाजपा के कमलाकांत हांसदा की पहल पर विधानसभा के गौरांगी रांगुनी गढ़ में ऐतिहासिक हूल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में कही. उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में आदिवासी समुदाय और महिला शक्ति सुरक्षित नहीं है, तृणमूल कांग्रेस माताओं और बहनों की इज्जत लूट रही है और आदिवासियों की जमीन लूटने का काम जारी है. जिले के एसटी



मोर्चा के अध्यक्ष प्रहलाद चंद्र माझी ने अपने भाषण में काशीपुर विधानसभा के पूर्व तृणमूल विधायक पर संथालों की जमीन लूटने का आरोप लगाया तथा तृणमूल समर्थित आदिवासियों को दलाल बताकर उनका उपहास उड़ाया. कार्यक्रम के अंत में विधायक कमल कांत हांसदा ने कहा कि मौजूदा सरकार आदिवासियों के साथ छल कर रही है. वे कहते हैं कि जंगल हंस रहा है, लेकिन स्थिति बिल्कुल उलट है. कार्यक्रम का संचालन काशीपुर मंडल तीन और छह के अध्यक्ष कृष्णपद हालदार और श्यामापद मंडल ने किया. मौके पर पुरुलिया के पूर्व जिला अध्यक्ष विवेक रांगा सहित पार्टी के प्रमुख नेता और सहयोगी उपस्थित थे.

भूमि अधिग्रहण मुआवजा ढांचे में सुधार की नई नीति भूमि खोने वालों के लिए महत्वपूर्ण

# भूमि मालिकों को मुआवजे के लिए ईसीएल ने की नई नीति की घोषणा

**शुभम संदेश। सांकतोड़िया**

ईसीएल ने अपने भूमि अधिग्रहण मुआवजा ढांचे में सुधार के उद्देश्य से एक प्रगतिशील नई नीति की घोषणा की है. इस पहल के तहत, पारंपरिक रोजगार-आधारित मुआवजा मॉडल के बदले में भूमि मालिकों को एकमुश्त मौद्रिक मुआवजा या संशोधित वार्षिकी योजना (प्रति-अनुपात आधार पर) का विकल्प दिया जाएगा. मंगलवार को ईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक सतीश झा ने सांकतोड़िया ईसीएल मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में संबोधित करते हुए जानकारी दी. कहा कि यह नीति कंपनी में भूमि खोने वालों को रोजगार देने की लंबे समय से चली आ रही प्रथा से एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाती है. इससे सीमांत भूमि मालिकों को लाभ मिलने की उम्मीद है, जिन्हें अक्सर अपनी भूमि के




आकार आदि के कारण रोजगार के लिए पात्र होने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है. एकमुश्त भुगतान से भूमि मालिकों के लिए तत्काल वित्तीय सुरक्षा, समान लाभ वितरण और अधिक लचीलापन सुनिश्चित होगा. नए ढांचे को एक दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ डिज़ाइन किया गया है. इसका उद्देश्य परियोजना से प्रभावित परिवारों के शिक्षित युवाओं को पूंजी उपलब्ध कराकर और उन्हें उद्यमशीलता, स्वरोजगार या उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना है, बजाय इसके कि उन्हें निचले स्तर की कंपनी की भूमिकाओं में शामिल किया जाए. साथ ही, छोटे व्यापारी ईसीएल में नौकरी के रूप में बंधने के बजाय, अपने मौजूदा व्यवसाय को उन्नत करने के लिए वित्तीय लाभ का उपयोग कर सकते हैं. इसके अलावा, वे भूमि मालिक जिनके पास पहले से ही आय का स्रोत है, जैसे कि नौकरी या व्यवसाय, वे वार्षिकी योजना का विकल्प चुन सकते हैं, जो उनके लिए आय का दूसरा मासिक स्रोत खोल देगा.

न्यूज अपडेट ▼

### इंटक ने लगाया श्रमिक शिविर, मजदूरों ने भरे फार्म

**बराकर।** कुल्टी ब्लॉक इंटक के पहल पर एवं श्रम दफ्तर के राज्य मंत्री मलय घटक के सहयोग से पश्चिम बंगाल श्रम दफ्तर की ओर से कुल्टी विधान सभा में दिहाड़ी मजदूरों के लिए बराकर बस स्टैंड में पांच दिवसीय श्रमिक शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में मुख्य रूप से कुल्टी बोरो चैयरमेन सताब्दी भंडारी, कुल्टी ब्लॉक इंटक अध्यक्ष बाबू दत्त, स्थानीय पार्षद जोगा मण्डल, पूर्व पार्षद सजल घोष, पूर्व पार्षद सुमिता घोष, माइनॉरिटी के सलानपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजा खान, जतिन गुप्ता, माणिक बिद, गुड्डू खान आदि उपस्थित थे. पहले दिन शिविर में श्रम योजना को पाने के लिए करीब 100 लोगों ने फॉर्म भरा. इंटक अध्यक्ष ने बताया कि शिविर 5 जुलाई तक चलेगी. शिविर में 18 से लेकर 60 वर्ष आयु के नीचे सभी अपना फॉर्म भरकर इस योजना से जुड़े सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं.

### चिकित्सकों का सम्मान समारोह

**रानीगंज।** डॉक्टर डे दिवस पर चिकित्सकों का सम्मान किया गया. स्त्री रोग विशेषज्ञ सरवानी मंडल, प्लास्टिक सर्जन सैकत मजूमदार, लंग्स विशेषज्ञ शिलादित्य एवं डॉक्टर सुमंत्त चटर्जी को समारोह के दौरान सम्मानित किया गया. इस मौके पर आयोजक सुपर स्पेशलिस्ट सुभदर्शनी कॉरपोरेट हॉस्पिटल की सीईओ अंतरा गांगुली ने डॉक्टर दिवस पर प्रकाश डाला एवं चिकित्सकों को फूल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया.

### रिटायरमेंट के बाद दोस्तों संग जी रहे जिंदगी

**रानीगंज।** ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के रिटायर्ड अधिकारी अपने दोस्तों के साथ जीवन यापन कर रहे हैं. प्रहलाद प्रसाद ने बताया कि करीब 15 वर्षों से ज्यादा समय से हम लोग नौकरी से रिटायर हो चुके हैं जिंदगी के अंतिम पड़ाव में है लेकिन कहावत है कि बुढ़ापा बहुदा बचपन का पुनरआगमन होता है हम लोग बच्चों की तरह ही अपने दोस्तों के साथ प्रतिदिन मॉर्निंग वॉक एवं इवनिंग वॉक में मिलते हैं एवं समय व्यतीत करते हैं. वही बुद्धदेव, उत्तम पासवान, अवधेश सिंह, लखन शर्मा, ब्राह्मण मंडल, घनश्याम सिंह ने बताया कि हम लोग समाज में एकता का संदेश दे रहे हैं.

### कांग्रेस ने दी डॉ विधानचंद्र राय को श्रद्धांजलि


**कुल्टी।** कुल्टी ब्लॉक कांग्रेस की ओर से मंगलवार को चिकित्सक दिवस पर कुल्टी में डॉ.विधान चंद्र राय की जन्मदिन मनायी गई. इस दौरान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष सुकान्त दास के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डॉ.विधानचंद्र राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्होंने याद किया. इस दौरान सुकांत ने कहा कि बंगाल के भूतपूर्व मुख्यमंत्री डॉ.विधान चंद्र राय ने राजनीति के अलावा चिकित्सा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है. उन्होंने कहा कि डॉ.विधान चंद्र राय को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था. उन्होंने कहा कि चिकित्सक भगवान का रूप है, जो मानव सेवा करते हैं.

### डॉ बीसी राय के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर

**कुल्टी।** पश्चिम बंगाल राज्य के दूसरे मुख्यमंत्री सह चिकित्सक डॉ विधान चंद्र राय के जन्म दिन एवं चिकित्सक दिवस पर कुल्टी क्षेत्र के विभिन्न संस्थानों की ओर से कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया. उत्कल सेवा समिति कुल्टी की ओर से जगन्नाथ मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन. जिसमें आसनसोल जिला अस्पताल के ब्लड बैंक के तकनीकी सहायक बेनुसेन गुप्ता, अरिंदम लाहा,शुभ्रा मांझी के नेतृत्व में काफी संख्या में लोगों ने रक्तदान किया, शिविर में अधिकांश महिलाएं शामिल थी.

### संस्था साथी ने डॉक्टरों को किया सम्मानित

**पुरुलिया।** डॉ बिधान चंद्र रॉय की जयंती और पुण्यतिथि मंगलवार को चिकित्सक दिवस के रूप में मनाया गया. इस अवसर पर पुरुलिया के कुस्तौर ब्लॉक अस्पताल में स्वयंसेवी संस्था साथी ने डॉक्टरों को सम्मानित कर डॉक्टर्स डे मनाया. राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर अस्पताल के सभी डॉक्टरों को फूलों के गुलदस्ते और कलम देकर सम्मानित किया गया. इस मौके पर बीएमओएच मृणाल कांति रजक और साथी के सदस्य मौजूद थे.



## शिवलिंग की तरह दिखता है आयरलैंड का 'स्टोन ऑफ डेस्टिनी'

आयरलैंड में एक खास पत्थर है जिसे लोग कई बार शिवलिंग समझने लगते हैं। सोशल मीडिया पर भी खूब इसके चर्चे थे, लेकिन वास्तव में यह खास आकार का शिवलिंग नहीं, बल्कि आयरलैंड का 'स्टोन ऑफ डेस्टिनी' है। इसे बोलने वाला पत्थर भी कहा जाता है। यह लिआ फेइल पत्थर आयरलैंड के काउंटी मीथ में तारा पहाड़ी पर स्थित है। वास्तव में यह यहां के राजाओं के लिए राज्याभिषेक पत्थर के रूप में पहचाना जाता है। इसकी ऊंचाई तीन फीट तीन इंच है। इस पत्थर को लेकर मान्यताएं हैं कि जब आयरलैंड के राजा ने इस पर पैर रखा था, तो खुशी से यह पत्थर दहाड़ने लगा था।




## बेहद खूबसूरत है नीदरलैंड का 36 मीटर ऊंचा पिरामिड, अनूठी है ज्यामिति आकृति

नीदरलैंड का ये पिरामिड अपनी अनोखी संरचना के लिए जाना जाता है। इसकी ज्यामिती आकृति बेहद खूबसूरत है। इस पिरामिड को साल 1804 में तैयार किया गया था। इस पिरामिड को फ्रेंच जनरल ने तैयार कराया था। यह फ्रेंच जनरल नेपोलियन बोनापार्ट की सेना का हिस्सा रहा है। यह पिरामिड मिस्त्र में गीजा के पिरामिड से प्रभावित है। इस पिरामिड की ऊंचाई 36 मीटर है, जो कि अब नीदरलैंड की राष्ट्रीय धरोहर बन गया है।





# स्टेट हाईवे को कैसे मिलता है नेशनल हाईवे का दर्जा?



आप अक्सर राज्य की सड़कें या नेशनल हाईवे से होकर गुजरे होंगे, लेकिन क्या आपको ये पता है कि कुछ सड़कों को नेशनल हाईवे क्यों कहा जाता है? ये आम सड़कें कब और कैसे नेशनल हाईवे में बदल दी जाती हैं? आपको बता दें, राज्य की सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों में बदलने में एक औपचारिक प्रक्रिया का सामना करना पड़ता है। सड़कों को नेशनल हाईवे में बदलने के लिए राज्य और केंद्र दोनों सरकारों के बीच सहमति होना जरूरी होता है। इसके अलावा कुछ नियम, सिद्धांत और मानक भी तय किए जाते हैं। जब ये मानदंड राज्य की सड़कों से मेल नहीं खाते हैं तो इन्हें एनएच की मान्यता नहीं दी जाती है।

### भारत में कितनी तरह की होती हैं सड़क?

देश की अर्थव्यवस्था में सड़कों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। किसी भी सामानों का आयात-निर्यात करने के लिए के लिए सड़क मार्ग ही काम आता है। सड़क सामानों को कहीं भी पहुंचाने के सबसे आसान जरिया होता है। यही कारण है कि सड़कों को देश के विकास की रीढ़ माना जाता है। जानकारी के लिए बता दें, देश में सड़कें 3 कैटेगरी में बांटे हुए हैं- राष्ट्रीय राजमार्ग (नेशनल हाईवे), राजकीय राजमार्ग (स्टेट हाईवे), जिला और ग्रामीण सड़कें।

स्टेट हाईवे, राज्य की राजधानी को उसके जिला मुख्यालयों, प्रमुख शहरों और अन्य राजमार्गों से जोड़ती हैं। इनके देखभाल की जिम्मेदारी राज्य सरकार के हाथों में होती है। कुछ मानकों को पूरा करने के बाद स्टेट हाईवे और अन्य सड़कों को भी नेशनल हाईवे का दर्जा दिया जाता है।

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जुलाई 2023 में बताया था कि किसी सड़क को नए राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित करने के लिए उन्हें कुछ मानदंडों को पूरा करना जरूरी होता है। मानदंड कुछ इस प्रकार हैं-

- नेशनल हाईवे की श्रेणी में वही आएंगे, जो सड़कें देश की लम्बाई/चौड़ाई से होकर गुजरती हो।
- वैसी सड़क जो नजदीकी देशों, प्रमुख बंदरगाहों, गैर-प्रमुख बंदरगाहों, बड़े औद्योगिक या पर्यटन केंद्रों और राष्ट्रीय राजधानियों को राज्य की राजधानी से जोड़ती हो।
- पहाड़ी और पृथक क्षेत्र में महत्वपूर्ण सामरिक आवश्यकता हो।
- वैसी सड़कें जो यात्रा की दूरी को कम करती हों और पर्याप्त आर्थिक विकास हासिल करने में भी सक्षम हों।
- सड़कें जो पिछड़े क्षेत्र और पहाड़ी क्षेत्र के बड़े भूभाग से मिलती हों।
- वैसी सड़कें जो 100 किमी की राष्ट्रीय राजमार्ग ग्रिड की उपलब्धि में योगदान देती हों।
- पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के साथ तालमेल रखने वाली सड़कें।

## यह है भारत का सबसे पुराने हाईवे, जानिए इसके बारे में 3 खास बातें

भारत का सबसे पुराना हाईवे जीटी रोड या ग्रैंड ट्रंक रोड है। यह हाईवे सिर्फ भारत में ही, बल्कि दूसरे देशों तक भी जाता है। चलिए हम आपको इसके बारे में कुछ खास बातें बताते हैं। हमारे देश में 599 नेशनल हाईवे पर अगर आपसे कोई यह सवाल पूछे कि भारत का सबसे पुराना हाईवे कौन सा है, तो क्या आप इसका जवाब दे पाएंगी? अगर आप इसका जवाब जानना चाहती हैं, तो इस लेख को अंत तक जरूर पढ़ें क्योंकि हम आपको बताने जा रहे हैं भारत के सबसे पुराने हाईवे ग्रैंड ट्रंक रोड के बारे में कुछ खास बातें।

### कब बना यह हाईवे?

भारत का सबसे पुराना हाईवे ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल के दौरान हुआ था। इसे सोलहवीं शताब्दी में शेरशाह सूरी ने पक्का कराया था। इस पर जगह-जगह दूरी मापने के लिए पेड़ भी लगाए गए थे। एक कोस में 3.22 किलोमीटर की दूरी होती थी। सिर्फ यही नहीं, यात्रियों के रुकने के लिए कमरे, उस समय इस रोड पर पशुओं को बांधने की जगह और पानी के लिए एक कुआं भी बना होता था।

### कहां तक जाता है यह हाईवे?

यह हाईवे सिर्फ देश में ही नहीं खत्म होता, बल्कि दूसरे देशों तक भी जाता है। आपको बता दें कि यह हाईवे बांग्लादेश से शुरू होकर यह बर्दवान, आसनसोल, सासाराम, प्रयागराज, अलीगढ़, दिल्ली, अमृतसर और फिर पाकिस्तान के लाहौर और रावलपिंडी से होते हुए अफगानिस्तान तक जाता है।

### इस हाईवे के थे कई नाम

भारत में NH-1,NH-2,NH-5 और NH-91 भी इसी हाईवे का हिस्सा हैं। इस हाईवे का नाम भी कई बार बदला जा चुका है। यह सड़क उत्तर भारत में है, इसलिए सबसे पहले इसको उत्तरापथ कहा जाता था। बाद में सड़क-ए-आजम, बादशाही सड़क, द लॉंग रोड रखा गया। ग्रैंड ट्रंक रोड पुराना होने के साथ-साथ बहुत लंबा भी है। भारत में ऐसे कई अन्य हाईवे हैं जो देश के सबसे लंबे नेशनल हाईवे लिस्ट में शामिल हैं। एनएच 27 देश का दूसरा सबसे बड़ा हाईवे है। यह हाईवे लगभग 7 राज्यों और लगभग 27 शहरों से होकर गुजरता है। वहीं देश के तीसरा सबसे बड़ा नेशनल हाईवे का खिताब एनएच-48 के पास है। इस हाईवे की कुल लम्बाई लगभग 2,807 किलोमीटर है। यह भारत की राजधानी दिल्ली से शुरू होकर दक्षिण भारत के चेन्नई में जाकर समाप्त होती है। इसके अलावा एनएच 52 देश का चौथा सबसे लंबा हाईवे एनएच-52 है। यह करीब 2,317 किलोमीटर लंबा है।



# सनातन धर्म की अनमोल देन "गुरु शिष्य परम्परा"

श्रीमती कविता गांगुली

भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराएं अत्यंत प्राचीन और समृद्ध हैं। उनमें से एक अनमोल परंपरा है – 'गुरु - शिष्य परंपरा'। वर्तमान में अधिकांश लोगों का जीवन भागदौड़ तथा समस्याओं से ग्रसित है । जीवन में मानसिक शांति एवं आनंद प्राप्त करने के लिए कौन सी साधना, कैसे करें, इसका यथार्थ ज्ञान गुरु ही करवाते हैं । यह परंपरा केवल ज्ञान के हस्तांतरण का माध्यम नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, आत्मा के उत्थान और आध्यात्मिक मार्गदर्शन का आधार भी रही है। भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी श्रेष्ठ स्थान दिया गया है।

**संत कबीर कहते है -**

**"गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाय। बलिहारी गुरु आपने, गोविंद दियो बताय॥"**

**गुरु का महत्व:** 'गुरु' शब्द का अर्थ होता है 'अंधकार (अज्ञान) को दूर कर प्रकाश (ज्ञान) की ओर ले जाने वाला'। गुरु वह होता है जो शिष्य के जीवन को दिशा देता है, उसके भीतर स्थित आत्मा को जागृत करता है और उसे आत्मबोध की ओर ले जाता है

**"गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरुः साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः॥"**

यह श्लोक गुरु के महत्व और उनके द्वारा दिए गए ज्ञान के प्रति आभार व्यक्त करता है, जो हमें अज्ञान के अंधकार से निकालकर सत्य का प्रकाश दिखाते हैं। यह गुरु को सर्वोच्च स्थान देता है, जो ब्रह्मा, विष्णु और महेश के समान ही शक्ति और महिमा रखते हैं।

**ईश्वर और गुरु एक ही हैं :** गुरु अर्थात ईश्वर का साकार रूप और ईश्वर अर्थात गुरु का निराकार रूप। किसी बैंक की अनेक शाखाएँ होती हैं। उनमें से किसी भी स्थानीय शाखा में खाता खोलकर पैसे जमा किए जा सकते हैं। ऐसा करना सरल भी होता है। यह आवश्यक नहीं कि मुख्य कार्यालय में जाकर ही पैसे जमा किए जाएं। वहाँ जाने का कष्ट करने की आवश्यकता नहीं होती। उसी प्रकार भक्ति, सेवा, त्याग आदि यदि अदृश्य ईश्वर के लिए करने की अपेक्षा, उसके सगुण स्वरूप अर्थात गुरु के संदर्भ में किए जाएं, तो वह सरल होता है। स्थानीय शाखा में जमा किया गया धन जैसे मुख्यालय में ही जमा होता है, वैसे ही गुरु की सेवा की जाए, तो वह सेवा ईश्वर तक ही पहुँचती है।

**शिष्य का स्वरूप-** 'शिष्य' वह होता है जिसमें सीखने की तड़प हो, श्रद्धा रखता हो और अपने जीवन में गुरु के उपदेशों को आत्मसात करने की उत्कंठा रखता हो। शिष्यता केवल ज्ञान प्राप्त करना नहीं है, बल्कि अहंकार का त्याग कर समर्पण के भाव से गुरु के चरणों में लीन होना है। आध्यात्मिक उन्नति हेतु जो गुरु द्वारा बताई साधना करता है, उसे 'शिष्य' कहते हैं । आज्ञाकारिता, शिष्य के समस्त गुणों में सर्वश्रेष्ठ है। शिष्य के श्रेणी में आने हेतु मुमुक्षुत्व का गुण होना भी अनिवार्य है । वास्तव में जबतक शिष्य यह बात ठान न ले, तब तक वह जीवन्मुक्त नहीं हो सकता । जिसकी प्रज्ञा जागृत हुई, वही वास्तविक शिष्य है ।

**गुरुकुल परंपरा-** प्राचीन भारत में शिक्षा का प्रमुख माध्यम गुरुकुल व्यवस्था थी, जहाँ शिष्य गुरु के आश्रम में रहकर शिक्षा प्राप्त करते थे। यहाँ शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होती थी, बल्कि धर्म, नीति, व्यवहार, अस्त्र-शस्त्र, संगीत, योग और आत्म ज्ञान की भी शिक्षा दी जाती थी। उदाहरणस्वरूप, श्रीराम ने ऋषि वशिष्ठ एवं विश्वामित्र से शिक्षा प्राप्त की; श्री कृष्ण ने ऋषि सन्दीपनि से शिक्षा प्राप्त की। गुरु-शिष्य परंपरा का आध्यात्मिक पक्ष गुरु केवल शास्त्रों का ही ज्ञाता नहीं होता, वह शिष्य की आत्मा का चिकित्सक भी होता है। जब शिष्य अपने संदेहों, भ्रमों और अहंकारों से मुक्त होकर गुरु के सान्निध्य में आता है, तब उसे आत्मसाक्षात्कार का मार्ग प्राप्त होता है।

**गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए श्री शंकराचार्य ने कहा है :** "ज्ञानदान करनेवाले सद्गुरुओं की उपमा इस त्रिभुवन में कहीं भी नहीं मिलती। यदि उन्हें पारस की उपमा दी जाए, तो भी वह अधूरी ही रहेगी; क्योंकि पारस लोहे को स्वर्ण तो बना सकता है, परंतु उसे अपना 'पारसत्व' नहीं दे सकता।" "कल्पवृक्ष की उपमा दी जाए तो भी कम है, क्योंकि कल्पना करने से उसका महिमा मिलता है। परंतु बिना कल्पना किए ही जो इच्छा पूर्ण कर दे, वह कामधेनु स्वरूप श्रीगुरु ही हैं।" — श्री गुरुचरित्र वास्तव में "गुरु को उपमा देने योग्य कोई भी वस्तु इस जगत में नहीं है। वर्तमान में गुरु-शिष्य परंपरा आज की आधुनिक शिक्षा व्यवस्था में यह परंपरा धुंधली पड़ती जा रही है। शिक्षक और छात्र के बीच का संबंध केवल शैक्षणिक सीमाओं में सिमटता जा रहा है। सिर्फ आध्यात्मिक संस्थाओं, संगीत, योग और पारंपरिक कलाओं में यह परंपरा आज भी कुछ मात्रा में जीवित है ।

**निष्कर्ष-** गुरु और शिष्य की परंपरा भारत की आत्मा का प्रतिनिधित्व करती है। यह केवल ज्ञान का संबंध नहीं है, बल्कि आत्मा से आत्मा का मिलन है। समाज में यदि गुरु-शिष्य की यह परंपरा पुनः सशक्त हो, तो शिक्षा केवल रोजगार का साधन न होकर जीवन को पूर्ण और सार्थक बनाने का माध्यम बन सकती है।

**सन्दर्भ : सनातन संस्था निर्मित ग्रंथ 'गुरुकृपायोग' एवं शिष्य**

**संकलक : सनातन संस्था**
**संपर्क - 9830227666**



# दक्षिण अमेरिका के मूल निवासी हैं विचित्र जानवर कैपीबारा

**कैपीबारा एक जिज्ञासु जानवर है। हालांकि वे आपकी आम सड़क या रसोई की अलमारी में रहने वाले जानवर की तरह नहीं दिखते, लेकिन दक्षिण अमेरिका के ये मूल निवासी दुनिया के सबसे बड़े कृंतक हैं। भले ही वे विचित्र दिखते हों, कैपीबारा जल्दी ही इंटरनेट के छद्म सितारे बन गए हैं - मुख्य रूप से इस तथ्य के कारण कि वे बड़े गिनी पिग की तरह दिखते हैं। कैवी परिवार (कैविडे) से संबंधित, उनके सबसे करीबी रिश्तेदार वास्तव में गिनी पिग और रॉक कैवी हैं।**

कैपीबारा को हमेशा जल निकायों के पास पाया जा सकता है, क्योंकि उनकी अर्ध-जलीय जीवनशैली होती है। अमेज़ॅन नदी के किनारे, ये गंदे पानी कैपीबारा के लिए कई खतरे पैदा करते हैं, लेकिन पानी के किनारे जीवन अभी भी शिविर लगाने के लिए एकदम सही जगह है - जिससे उन्हें जल्दी से पीछे हटने और एनाकोंडा, जंगली बिल्लियों और यहां तक कि चील जैसे शिकारियों से बचने का मौका मिलता है। जालदार पैर उन्हें पानी में चलने में मदद करते हैं, और उनके चेहरे की विशेषताएं उनके बड़े सिर के ऊपर की ओर स्थित होती हैं, जिससे उन्हें तैरते समय देखने और सांस लेने में मदद मिलती है।

### वे पानी में भी सो सकते हैं

कैपीबारा एक बार में 5 मिनट तक गोता लगा सकते हैं और पानी के अंदर रह सकते हैं - अक्सर पानी में सो जाते हैं और अपनी नाक किनारे पर रखते हैं। नदियों, मैंग्रोव और दलदलों के किनारे झपकी लेने से उन्हें ठंडा रहने में मदद मिलती है।

### ज़मीन पर भी बेहद फुर्तीले होते हैं

हालांकि कैपीबारा को पानी के किनारे घर जैसा महसूस होता है, लेकिन वे निश्चित रूप से ज़मीन पर अपना रास्ता जानते हैं, और 35 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति तक पहुंचने में सक्षम हैं - जो घोड़े के बराबर है!

### उनके दांत लगातार बढ़ते रहते हैं

कठोर जलीय पौधों और घासों को खाने से होने वाले लगातार घिसाव की भरपाई के लिए उनके मोती जैसे सफ़ेद दांत बढ़ते रहते हैं! खरगोशों की तरह, उनके ऊँचे मुकुट वाले, संकरे किनारे वाले दाँत उनके भोजन को काटने के लिए पूरी तरह से अनुकूल होते हैं। अक्सर प्रकृति के ओटोमन या चलती कुर्सियों के रूप में संदर्भित, ये दोस्ताना जीव कभी भी किसी अन्य जानवर से सवारी साझा करने के अनुरोध को अस्वीकार नहीं करते हैं। पक्षियों की कई प्रजातियाँ, बंदर, खरगोश और यहाँ तक कि अन्य कैपीबारा को एक बहुत ही विनम्र कैपीबारा की पीठ पर बैठे, बैठे या लेटे हुए देखा गया है।

### वे अत्यधिक सामाजिक प्राणी हैं

मिलनसार कैपीबारा लगभग 10-20 के बड़े झुंडों के बीच रहना पसंद करता है, और अक्सर अन्य जानवरों के साथ घुलमिल कर देखा जाता है। 8 ये उदाहरण अक्सर सहजीवी संबंध के प्रदर्शन होते हैं, जिसके तहत एक जानवर, जैसे कि एक पक्षी, कीड़ों के एक मुफ्त स्मोर्गासबोर्ड का आनंद ले सकता है, जबकि कैपीबारा आराम से बैठकर अपने मुफ्त संवारने के सत्र का आनंद लेता है। उनका अविश्वसनीय रूप से सामाजिक स्वभाव उन्हें शिकारियों से बचाने और संभोग की संभावनाओं को बेहतर बनाने में भी मदद करता है।

### कैपीबारा शाकाहारी होते हैं

ये शाकाहारी जलीय पौधे, घास, छाल, कंद और गन्ना खाते हैं। और यद्यपि वे जन्म के एक ही सप्ताह में अपनी हरी सब्जियाँ खाने में सक्षम होते हैं, वे अपने जीवन के पहले 16 सप्ताह तक दूध पीते हैं - समूह में किसी भी माँ से बिना किसी भेदभाव के दूध पीते हैं।

### वयस्क मनुष्य के बराबर होता है वजन

लगभग 50 किलोग्राम के औसत वजन के साथ, ये बैरल के आकार के स्तनधारी निश्चित रूप से कोई फील्ड चूहे नहीं हैं - इनका वजन 35 से 70 किलोग्राम के बीच होता है। हालाँकि मादा कैपीबारा अपने नर समकक्षों की तुलना में थोड़ी भारी होती हैं।



**मंथन**

## झारखंड की सहकारिता को संजीवनी की दरकार

दिल्ली में आयोजित सहकार से समृद्धि मंथन कार्यक्रम में झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने जिस बेबाकी से राज्य की सहकारिता क्षेत्र की चुनौतियों को रखा, वह सराहनीय है. यह स्पष्ट संकेत है कि राज्य सरकार सहकारी संस्थाओं को पुनर्जीवित करने के लिए केंद्र से ठोस मदद चाहती है. झारखंड में 4,400 से अधिक एमपीसीएस (बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समिति) कार्यरत हैं, लेकिन इनमें अधिकांश आर्थिक रूप से जूझ रही हैं. सरकार द्वारा 28 करोड़ वर्किंग कैपिटल के रूप में प्रदान करना सकारात्मक पहल है, पर यह स्पष्ट है कि यह राशि समुचित नहीं है. मंत्री का यह आग्रह कि केंद्र चयनित एमपीसीएस को वित्तीय मदद दे, न केवल वाजिब है बल्कि समय की मांग भी है. भंडारण क्षमता की 57% कमी और पैक्स की अंशदान देने में अक्षमता, झारखंड की कृषि व्यवस्था की बुनियादी समस्याओं को उजागर करती है. यदि किसान अपनी उपज का भंडारण ही न कर सकें तो मूल्यवर्धन और मुनाफे की बात बेमानी हो जाती है. ऐसे में मंत्री द्वारा गोदाम निर्माण में 100% केंद्रीय अनुदान की मांग उचित है. एससी–एसटी को सहकारी संस्थाओं में प्रतिनिधित्व देने और आरक्षण जैसी व्यवस्थाएं सामाजिक समावेश को बढ़ावा देंगी. सहकारिता, आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक सशक्तीकरण का भी माध्यम है. केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा राज्यों की व्यावहारिक जरूरतों को समझते हुए नीतिगत बदलाव का भरोसा देना उम्मीद जगाता है. अब यह ज़रूरी है कि यह भरोसा ठोस योजनाओं और संसाधनों में तब्दील हो, ताकि झारखंड की सहकारिता व्यवस्था भी आत्मनिर्भरता और समृद्धि की राह पर अग्रसर हो सके.

**नजरिया**

## राज्य में प्रशासनिक भ्रष्टाचार का विकराल चेहरा अब सामने

राज्य में शराब घोटाले में पहले से ही जेल में बंद निलंबित आईएएस विनय चौबे अब 2.75 एकड़ खासमहाल ज़मीन घोटाले में भी फंसते नजर आ रहे हैं. यह न केवल प्रशासनिक नैतिकता का ह्रास है, बल्कि न्याय व्यवस्था की अवहेलना भी है. वर्ष 2008 से 2010 के बीच हजारीबाग के उपायुक्त के रूप में कार्यरत रहते हुए विनय चौबे पर आरोप है कि उन्होंने सरकारी ज़मीन को फर्जी दस्तावेजों से 23 निजी व्यक्तियों के नाम निबंधित करवा दिया. इससे पहले 1948 में सेवायत ट्रस्ट को दी गई यह ज़मीन 1978 में लीज समाप्त होने के बाद खाली पड़ी थी. झारखंड हाईकोर्ट के स्पष्ट निर्देश के बावजूद इस ज़मीन को निजी स्वामित्व में स्थानांतरित करना एक सोची-समझी साजिश प्रतीत होती है. अब जबकि एसीबी इस मामले में केस दर्ज करने की तैयारी में है और राज्य सरकार से अनुमति की प्रतीक्षा कर रही है, यह समय है जब भ्रष्टाचार के ऐसे मामलों में तेजी से कार्रवाई की जाए. चौबे के खिलाफ लंबित अन्य जांचों की फाइलों को भी दोबारा खोलना यह संकेत है कि झारखंड की भ्रष्टाचार विरोधी प्रणाली धीरे-धीरे सजग हो रही है. यदि ऐसे मामलों में दोषियों को कठोर दंड नहीं मिला, तो यह संदेश जाएगा कि सत्ता और प्रशासन में बैठे लोग कानून से ऊपर हैं. झारखंड जैसे खनिज संपन्न, लेकिन प्रशासनिक दृष्टि से कमजोर राज्य के लिए यह निर्णायक अवसर है- व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही की स्थापना का. उम्मीद है कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार पर अब कोई समझौता नहीं करेगी.

# दहकती धरती बनी विश्व के लिए चुनौती

राजेन्द्र सिंह



**भारत जलवायु परिवर्तन के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील देश बन गया है.**

जलवायु परिवर्तन से बढ़ता तापमान वैश्विक संकट है, जिसके प्रभाव पर्यावरण, समाज, और अर्थव्यवस्था पर गहरे और दीर्घकालिक हैं. इसके समाधान के लिए सरकारों, उद्योगों, वैज्ञानिकों, और व्यक्तियों के सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है. भारत, जो दुनिया का दूसरा सबसे अधिक आबादी वाला देश है, जलवायु परिवर्तन के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील है. इसके तटीय एवं हिमालयी क्षेत्र, और कृषि-आधारित अर्थव्यवस्था इसे जोखिम में डालते हैं. इस खतरे से निपटने के लिए भारत ने राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन कार्य योजना, इंटरनेशनल सोलर अलायंस और स्मार्ट सिटी जैसी कई पहल शुरू की हैं.

पेरिस समझौते के तहत वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री तक सीमित करने का लक्ष्य तय किया गया है. जिसमें भारत ने 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का वादा किया है. विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार 1850-1900 की तुलना में वैश्विक औसत तापमान में लगभग 1.1 डिग्री की वृद्धि हो चुकी है. जलवायु परिवर्तन मुख्य रूप से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण होता है, जो वातावरण में गर्मी को रोककर पृथ्वी के तापमान को बढ़ाते हैं. औद्योगिक क्रांति के बाद से, मानवीय गतिविधियों ने इन गैसों के उत्सर्जन को तेजी से बढ़ाया है. नतीजतन, ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र का स्तर बढ़ रहा है, और मौसम की चरम घटनाएं अधिक तीव्र और बार-बार हो रही हैं. भारत जैसे विकासशील देशों में, जहां कृषि और जल संसाधनों पर निर्भरता अधिक है, यह समस्या और भी गंभीर है.

बढ़ते तापमान के कारण गर्मी की लहरें अधिक तीव्र और बार-बार हो रही हैं. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हीटस्ट्रोक और डिहाइड्रेशन जैसी गर्मी से संबंधित बीमारियां बढ़ रही हैं. हिमालयी ग्लेशियरों के पिघलने से नदियों में पानी की उपलब्धता अनिश्चित हो रही है. उदाहरण के लिए, गंगा और ब्रह्मपुत्र जैसी नदियां, जो भारत और दक्षिण एशिया की जीवनरेखा हैं, प्रभावित हो रही हैं.अनियमित मानसून और सूखे ने जल संकट को और गहरा दिया है, जिससे पेयजल और सिंचाई के लिए पानी की कमी हो रही है. तापमान में वृद्धि और अनियमित वर्षा से फसलों की पैदावार भी प्रभावित हो रही है. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अनुसार, गेहूं और चावल जैसी प्रमुख फसलों की उत्पादकता में कमी देखी जा रही है. तापमान वृद्धि के कारण चक्रवात, बाढ़, सूखा, और जंगल की आग की घटनाएं बढ़ रही हैं. भारत में, केरल (2018, 2019) व उत्तराखंड (2021) की बाढ़ इसका उदाहरण हैं. प्राकृतिक आपदाओं से बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान हो रहा है. विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, जलवायु परिवर्तन से विकासशील देशों को सालाना अरबों डॉलर का नुकसान हो सकता है.कृषि और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में उत्पादकता की कमी से आर्थिक स्थिरता पर असर पड़ रहा है.

इस खतरे को कम करने के लिए भारत सरकार सौर, पवन, और जलविद्युत जैसे स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा दे रही. इसके साथ ऊर्जा-कुशल उपकरणों, इमारतों, और परिवहन प्रणालियों को प्राथमिकता दी जा रही है. परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना इस कवायद का हिस्सा है. वहीं भारत ने अपनी राष्ट्रीय वन नीति के तहत 33% भूमि को वन क्षेत्र बनाने का लक्ष्य रखा है. कार्बन उत्सर्जन में कमी करने के साथ उद्योगों में स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को अपनाकर भी चुनौती से निपटा जा सकता है. सरकारी प्रयासों के अलावा आम आदमी को भी भविष्य की चुनौती से लड़ने के लिए तैयार होना होगा.

भारतीय जनमानस को स्कूलों, समुदायों और मीडिया के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और समाधानों के बारे में जागरूक करने की आवश्यकता है. पानी और बिजली की बचत, पुनर्चक्रण, और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग जैसे छोटे-छोटे कदम इस अभियान का अहम हिस्सा हैं. स्थानीय स्तर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान के माध्यम से इस वैश्विक चुनौती से निपटा जा सकता है. लोग अधिक से अधिक पौधरोपण करें, पौधों का दान भी चलन में लाना होगा. जिससे लोग पर्यावरण के प्रति जागरुक हो सकें. भारत जैसे देशों के लिए, जहां संसाधन सीमित हैं, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और नवाचार महत्वपूर्ण हैं. यदि हम अभी कार्रवाई नहीं करते, तो भविष्य की पीढ़ियों को इसका भारी मूल्य चुकाना पड़ सकता है.

**इस मामले में केंद्र और राज्य सरकारें भी संजीदा दिख रही हैं, जो एक शुभ संकेत है. अब जरूरत है आम जनमानस को व्यापक पौधरोपण अभियान से जुड़ने की, तभी देश में इसके सकरात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं.**

पिछले आठ वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री एवं योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अकेले उत्तर प्रदेश में 210 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं. यही प्रयास देश की अन्य राज्य सरकारे भी कर रही हैं इसके अतिरिक्त, भारतीय वन सर्वेक्षण (आईएसएफआर) 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, केवल उत्तर प्रदेश में 559.19 वर्ग किलोमीटर वन और वृक्ष आच्छादन में वृद्धि हुई है. फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट देहरादून की थर्ड पार्टी मॉनिटरिंग के अनुसार, यूपी का ग्रीन कवर पिछले 8 सालों में 3.38 लाख एकड़ बढ़ा है और वन क्षेत्र के बाहर वृक्षावरण में 3.72 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है.

सरकारी प्रयासों से लगाए गए पौधों में 70-75 प्रतिशत जीवित हैं, जबकि निजी और स्वैच्छिक संगठनों द्वारा लगाए गए पौधों की जीवितता दर 65-70 प्रतिशत है. वन विभाग के अनुसार, 2021-22 में 77 प्रतिशत, 2022-23 में 84 प्रतिशत, 2023-24 में 90 प्रतिशत, और पिछले साल 96 प्रतिशत पौधे जीवित रहे. यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के वृहद पौधरोपण अभियानों और जनसहभागिता के कारण संभव हुई है. इस मामले में केंद्र और राज्य सरकारे भी संजीदा दिख रही है जो एक शुभ संकेत है अब जरूरत है आम जन मानस को इस अभियान से जुड़ने की तभी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं. **(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं.)**

**आज का इतिहास**

- 1908: सर अरबिंदो को माणिकटोला बम कांड में गिरफ्तार किया गया.
- 1956: तमिल फिल्मकार मणि रत्नम का जन्म.
- 1988: बॉलीवुड के शोमैन राज कपूर का निधन.
- 1996: उक्रेन अंतिम परमाणु युद्धास्त्र रूस को सौंपने के साथ परमाणु मुक्त देश बना.
- 2000: पाकिस्तान की कोर्ट ने नवाज शरीफ़ की उम्रकैद को मृत्युदंड में बदलने संबंधी याचिका स्वीकार की.
- 2003: म्यांमार की आन सांग सू की की गिरफ़्तारी के बाद देश की सभी शिक्षण संस्थाएं बंद.
- 2006: अमेरिका ने दाऊद इब्राहीम तथा उसके संगठन पर प्रतिबंध लगा.
- 2012: मिस्र के पूर्व राष्ट्रपति होस्नी मुबारक को 2011 में अरब क्रांति के दौरान प्रदर्शनकारियों की हत्या का आदेश देने के आरोप में उम्रकैद की सजा सुनाई गई.
- 2014: तेलंगाना भारत का 29 राज्य बना.

## मधुर व्यवहार से पराए भी अपने हो जाते हैं...

**चिंतन**

यूनिवर्सिटी के प्रोफ़ेसर ने अपने छात्रों को एसाइनमेंट दिया. विषय था मुंबई की धारावी में रहते 10 से 13 साल के लड़कों के बारे में अध्ययन करना और उनके घर की तथा सामाजिक परिस्थितियों की समीक्षा करके भविष्य में वे क्या बनेंगे, इसका अनुमान निकालना. करीब 1 साल लगा एसाइनमेंट पूरा होने में. निष्कर्ष निकला कि उन लड़कों में से 95% बच्चे गुनाह के रास्ते पर जाएंगे. केवल 5% बच्चे ही अच्छा जीवन जी पाएंगे.

एसाइनमेंट तो पूरा हो गया. 25 साल बाद एक दूसरे प्रोफ़ेसर की नज़र इस अध्ययन पर पड़ी,उसने यह कितना सही निकला यह जानने के लिए 3-3 छात्रों की 5 टीम बनाई और धारावी भेज दी. 200 में से कुछ का तो देहांत हो चुका था तो कुछ कहीं चले गए थे. फिर भी 180 लोगों से मिलना हुआ. छात्रों ने जब 180 लोगों की जिंदगी की जानकारी प्राप्त की तो हतप्रभ हो गए. पहले की गयी स्टडी के विपरीत ही परिणाम दिखे.उन में से केवल 4-5 ही मारामारी में जेल गए थे! और बाकी सभी सामान्य ज़िंदगी जी रहे थे. कुछ तो आर्थिक दृष्टि से बहुत अच्छी स्थिति में थे. अध्ययन कर रहे छात्रों व प्रोफ़ेसर अचरज हुआ कि जहां का माहौल गुनाह की और ले जाने वाला था, वहां लोग ईमानदारी की जिंदगी पसंद करें, ऐसा कैसे संभव हुआ? छात्र पुनः उन 180 लोगों से मिले और उनसे ही जानने की कोशिश की. तब हर एक ने कहा कि शायद हम भी ग़लत रास्ते पर चले जाते, परन्तु हमारी एक टीचर के कारण हम सही रास्ते पर चले. छात्रों ने उस टीचर से मिलना तय किया. वे स्कूल गए तो मालूम हुआ कि वे तो रिटायर हो चुकी हैं. फिर तलाश करते-करते वे उनके घर पहुंचे. उनसे सब बातें बताई और फिर पूछा कि आपने उन लड़कों पर ऐसा कौन सा चमत्कार किया कि वे एक सभ्य नागरिक बन गए? शिक्षिका ने कहा : चमत्कार? अरे! मुझे कोई चमत्कार नहीं आता.मैंने तो उनसे मेरी संतानों जैसा ही प्रेम किया. बस, इतना ही! मित्रों, प्रेम व स्नेह से पशु भी वश हो जाते हैं. मधुर संगीत से गौ भी अधिक दूध देती है. मधुर व्यवहार से पराये भी अपने हो जाते है. जो भी काम हम करें थोड़ा स्नेह-प्रेम और मधुरता की मात्रा उसमे मिला के करने लगें तो हमारी दुनिया जरूर सुंदर होगी. आपका दिन मंगलमय हो, ऐसी शुभभावना.

**इंडिया पर ट्रेंडिंग**




1. #DoctorsDay
2. #10YearsOfDigitalIndia
3. श्री अखिलेश यादव
4. #GlobeCiviLIPOListed
5. #MPPWD1LakhPlantation
6. #OrganDonation
7. SURIYA 50 BDAY MONTH BEGINS
8. Al Hilal
9. Peace Within
10. Sant Rampal Ji YtChannel

**बहुरंग**

## नेटफ्लिक्स पर 'मौत' का आखिरी खेल शुरू
## 27 जून से रिलीज हो रही 'स्क्विड गेम 3'

दुनियाभर में तहलका मचाने वाली कोरियन सीरीज 'स्क्विड गेम' अब अपने तीसरे और अंतिम सीजन के साथ एक बार फिर वापसी कर रही है. पहले दो सीजन में जहां मौत के खेल की कहानी ने दर्शकों को हैरान कर दिया, वहीं अब इस सीजन में और भी ज्यादा रोमांच, धोखा और भावनात्मक टकराव देखने को मिलेगा.

**कब और कहां देख सकेंगे:** 'स्क्विड गेम 3' को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. ये मच अवेटेड सीजन 27 जून 2025 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रहा है. मध्यरात्रि 12 बजे सीजन ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो जाएगा. खास बात ये है कि भारत में ये शो दोपहर 12:30 बजे से स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध होगा और इसके सभी 6 एपिसोड एक साथ लॉन्च किए जाएंगे. नेटफ्लिक्स के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी पुष्टि करते हुए लिखा गया है- गुड लुक्स देट केन किल'.

**कहानी में क्या नया होगा:** तीसरे सीजन की शुरुआत वहीं से होती है जहां दूसरा सीजन खत्म हुआ था. प्लेयर 456 यानी गी-हुन इस बार बदले की भावना से खेल में वापस आता है. उसका मकसद है - इस भयानक खेल को हमेशा के लिए खत्म करना. लेकिन इस बार गेम और भी खतरनाक हो चुका है. जहां पिछली बार गेम जीतने के बाद उसे उम्मीद थी कि वो बदलाव ला पाएगा, वहीं अब वह खुद सिस्टम का हिस्सा बनने की कगार पर है. फिनाले में गी-हुन को फ्रंट मैन द्वारा अपने सबसे करीबी दोस्त की मौत का गवाह बनना पड़ता है, जिससे वो टूट जाता है. लेकिन खेल खत्म नहीं होता,



बल्कि और खतरनाक हो जाता है.

**कौन-कौन हैं कास्ट में :** ली जंग-जे फिर से गी-हुन की भूमिका में नजर आएंगे. ली ब्युंग-हुन इस बार भी फ्रंट मैन की भूमिका निभा रहे हैं. साथ ही नए किरदारों में कांग हा-न्यूल (डे-हो), पार्क ग्यू-यंग (नो-ईल), यांग डोंग-ग्यून (योंग-सिक) और जो यूरी (जुन-ही) जैसे सितारे भी शामिल हैं.

**क्या इस बार सिस्टम हारेगा**



ये सीजन सिर्फ एक सर्वाइवल गेम नहीं बल्कि इंसान की जिद और सिस्टम के खिलाफ उसके संघर्ष की दास्तान है. सवाल ये है कि क्या गी–हुन इस बार गेम को तोड़ पाएगा या फिर वह खुद इस हिंसक सिस्टम का हिस्सा बनकर खत्म हो जाएगा? गौरतलब है ये सीजन इस सीरीज का आखिरी सीजन है, यानी इसके आखिर में कोई ना कोई निष्कर्ष जरूर निकल जाएगा. अब क्या वो गी–हुन के पक्ष में होगा या फिर उसके विपरीत होगा, ये देखना काफी दिलचस्प होगा.



## अफेयर की अफवाहों पर एक्ट्रेस फातिमा सना शेख ने तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड की 'दंगल गर्ल' फातिमा सना शेख इन दिनों अपने प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चा में हैं. अब तक कई फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखा चुकीं फातिमा जल्द ही 'आप जैसा कोई नहीं' और 'मेट्रो इन दिनों' जैसी फिल्मों में नजर आने वाली हैं. हालांकि, इन दिनों उनकी फिल्मों से ज्यादा उनके अफेयर की खबरें सुर्खियों में हैं. फातिमा का नाम एक्टर विजय वर्मा के साथ जोड़ा जा रहा है. हालांकि, इस पर एक्ट्रेस ने चुप्पी तोड़ी है. फिलहाल फातिमा सना शेख अपनी अपकमिंग फिल्म 'आप जैसा कोई' के प्रमोशन में जुटी हुई हैं. हाल ही में मुंबई में हुए ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान मीडिया ने जब उनसे उनके रिलेशनशिप स्टेटस को लेकर सवाल किया तो उन्होंने इन अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया. एक्ट्रेस ने साफ कहा, मैं सिंगल हूं. इसके बाद जब फातिमा से पूछा गया कि उनके मुताबिक एक सफल रिश्ते की परिभाषा क्या है, तो उन्होंने बड़ी खूबसूरती से जवाब दिया, ₹मेरे लिए एक परफेक्ट रिलेशनशिप वही होता है, जिसमें दोनों एक-दूसरे का सम्मान करें, एक-दूसरे को समझें और साथ मिलकर आगे बढ़ें.₹ उनके इस बयान ने रिश्तों को लेकर उनकी सोच को खूबसूरती से बयां किया. बाद में अपने रिलेशनशिप स्टेटस पर खुलकर बात करते हुए फातिमा सना शेख ने मुस्कुराते हुए कहा, ₹आजकल अच्छे लड़के मिलना बड़ा मुश्किल हो गया है. वो तो अब सिर्फ फिल्मों में ही नजर आते हैं, असल ज़िंदगी में तो जैसे खो ही गए हैं.फातिमा और विजय वर्मा जल्द ही फिल्म 'गुस्ताख इश्क' में एक साथ नजर आने वाले हैं. फिल्म का पोस्टर रिलीज हो चुका है और दर्शकों में इसे लेकर खासा उत्साह है. इस रोमांटिक ड्रामा में नसीरुद्दीन शाह और शारिब हाशमी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे.

**'कन्नप्पा' फेम एक्टर विष्णु मांचू का खुलासा**

## शिवलिंग वाले दृश्य समेत कई संवेदनशील सीन में हुए बदलाव

साउथ स्टार विष्णु मांचू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'कन्नप्पा' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं. 27 जून को रिलीज होने वाली विष्णु मांचू की फिल्म 'कन्नप्पा' में कुछ सींस में बदलाव किए गए हैं. इसका खुलासा खुद विष्णु मांचू ने एक इंटरव्यू के दौरान किया है.

**सेंसर बोर्ड के कट्स :** 123 तेलुगु डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, विष्णु मांचू ने बताया कि सेंसर बोर्ड ने हिंदी रिलीज के लिए कुछ सीन में बदलाव की मांग की. खासतौर पर, शिवलिंग पर पैर रखने और मूर्ति पर मुंह से पानी डालने जैसे दृश्यों को संवेदनशील माना गया. लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए, फिल्म की टीम ने इन दृश्यों को हटाने या मामूली संपादन करने का फैसला किया. इसका उद्देश्य कहानी की प्रामाणिकता को बनाए रखते हुए दर्शकों की भावनाओं को ठेस न पहुंचाना है.



**बदली गई फिल्म की रिलीज :** पहले फिल्म 'कन्नप्पा' 25 अप्रैल 2025 को तेलुगु और तमिल, कन्नड़, मलयालम, हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं के डब संस्करणों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन वीएफएक्स वृद्धि और पोस्ट-प्रोडक्शन के मुद्दों के कारण इसमें देरी हुई. अब यह फिल्म 27 जून 2025 को कई भाषाओं में रिलीज होगी.

**फिल्म का निर्माण और निर्देशन :** फिल्म का निर्देशक मुकेश कुमार सिंह और निर्माण मोहन बाबू ने किया है. इस फिल्म का संगीत स्टीफन देवसी और मणि शर्मा ने तैयार किया है. यह एक पौराणिक ड्रामा फिल्म है. यह फिल्म न केवल दक्षिण भारत बल्कि उत्तर भारत में भी दर्शकों का ध्यान खींचने के लिए तैयार है. विष्णु की इस फिल्म की रिलीज का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

**फिल्म कन्नप्पा :** विष्णु मांचू की महत्वाकांक्षी फिल्म 'कन्नप्पा' 27 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है, जो अपनी स्टार कास्ट और पौराणिक कथानक के कारण चर्चा में है. इस अखिल भारतीय फिल्म में प्रभास, मोहनलाल, अक्षय कुमार, मोहन बाबू, काजल अग्रवाल, सरथकुमार, प्रीति मुकुधन और मधुबाला जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में हैं. निर्देशक मुकेश कुमार सिंह ने भक्त कन्नप्पा की भगवान शिव के प्रति अटूट भक्ति को दर्शाने का प्रयास किया है.




आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर
8210075897

**मेष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें. वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा. किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव. सुख आरोग्य प्रभावित होगा. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. किसी नजदीकी शुभचिंतक की सलाह उपयोगी सिद्घ होगी. शुभांक-5-6-7

**वृष :** नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. व्यापार में वृद्घि व उत्तम लाभ मिलेगा. मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा. आत्मचिंतन करें. पुराने मित्र से मिलन होगा. पुरुषार्थ का सहारा लें. यात्रा का योग बनेगा. विद्यार्थियों को लाभ. शुभांक-5-7-8

**मिथुन :** दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. शिक्षा में परेशानी आ सकती है. स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें. व्यापार में वृद्घि होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. स्वविवेक से कार्य कर. शुभांक-4-6-7

**कर्क :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. कामकाज की अधिकता रहेगी. शुभांक-4-6-7

**सिंह :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. मनोरथ सिद्घि का योग है. सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा. प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा. आमोद-प्रमोद का दिन होगा. व्यावसायिक प्रगति भी होगी. शुभांक-6-7-9

**कन्या :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे. उन्नति के याग हैं. शुभांक-4-5-7

**तुला :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी. कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ. विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें. राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें. जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें. नये आगंतुकों से लाभ होगा. जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें. शुभांक-7-8-9

**वृश्चिक :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है. मान-सम्मान में वृद्घि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें. रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी. शुभांक-4-6-8

**धनु :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. घर वाले मदद करेंगे. शुभांक-5-7-9

**मकर :** बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा. हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा. कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम. व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. धार्मिक यात्रा का योग हैं. शुभांक-5-6-7

**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. लाभ में आशातीत वृद्घि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं. किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं. 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी. निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा. इच्छित कार्य सफल होंगे. शुभांक-4-6-8

## ब्रीफ न्यूज

### बच्ची के गले में लिपटे सांप, पिता ने मार डाला

**गया।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के जम्हेता गांव में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक दस वर्षीय बच्ची के गले में दो ज़हरीले करैत सांप लिपटे हुए पाए गए. यह घटना रविवार रात की है, जब राजू कुमार केसरी अपने परिवार के साथ सोए हुए थे. सोमवार सुबह उनकी पत्नी ने देखा कि उनकी बेटी सलोनी कुमारी के गले में दो सांप लिपटे हैं. यह देख उन्होंने शोर मचाया, जिससे घर में अफरातफरी मच गई. राजू ने अपनी बेटी की जान बचाने के लिए अदम्य साहस दिखाया. उन्होंने दोनों सांपों के मुंह को हाथ से दबाकर मार डाला.

### गंडक नदी में नहाते समय युवक डूबा, तलाश जारी

**बेतिया।** बगहा के पटखौली ओपी थाना क्षेत्र के में एक दुखद घटना घटी, जहां युवक सतीश कुमार गंडक नदी में नहाते समय डूब गया. सतीश, प्रदुम्न राम का पुत्र था और वह अपने तीन दोस्तों के साथ रविवार को नदी में नहाने गया था. नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा. मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम को बुलाया गया, जो गंडक नदी में युवक की तलाश में जुटी हुई है.

### ज्योति सिंह ने विस चुनाव लड़ने का किया ऐलान

**पटना।** भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है. वे काराकाट क्षेत्र की किसी एक विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में उतरेंगी. उन्होंने साफ किया कि यदि किसी बड़ी पार्टी से टिकट नहीं मिलता है तो वे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ेंगी. ज्योति सिंह पिछले एक साल से काराकाट में लगातार सामाजिक और स्थानीय कार्यक्रमों में सक्रिय रही हैं. उनकी यह सक्रियता पहले से ही चुनावी तैयारी का संकेत दे रही थी, जिसे अब उन्होंने औपचारिक रूप से स्वीकार कर लिया है.

### नीतीश सरकार की नई पहल से कैदियों की रिहाई का रास्ता होगा साफ

# आर्थिक तंगी में फंसे गरीब कैदियों को मिलेगी मदद

**शुभम संदेश। पटना**





नीतीश कुमार की सरकार ने राज्य की जेलों में बंद ऐसे गरीब कैदियों की मदद के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जो आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण जुर्माना या जमानत राशि जमा नहीं कर पा रहे हैं. अब सरकार इन कैदियों की रिहाई के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी, जिससे उनके लंबे समय तक जेल में रहने की समस्या को कम किया जा सके. इस योजना के तहत नई गाइडलाइन जारी की गई है, जिसके अनुपालन के लिए गृह विभाग ने सभी जिलों के जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) और पुलिस अधीक्षक (एसपी) को निर्देश दिए हैं.

गाइडलाइन के मुताबिक, यदि किसी विचाराधीन कैदी को न्यायालय से जमानत मिलने के बाद भी सात दिनों के भीतर रिहा नहीं किया जाता है, तो जेल प्रशासन संबंधित मामले की सूचना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव को देगा. इसके बाद सचिव इस बात की जांच करेंगे कि क्या कैदी को आर्थिक सहायता की जरूरत है या नहीं. इस जांच प्रक्रिया में प्रोबेशन अधिकारी, समाजसेवी और नागरिक समाज के सदस्यों की मदद ली जा सकती है. जांच पूरी करने की अवधि अधिकतम 10 दिन निर्धारित की गई है. जांच के बाद, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ऐसे मामलों को दो से तीन सप्ताह के भीतर जिला स्तरीय अधिकार प्राप्त समिति के समक्ष प्रस्तुत करेंगे. यह समिति विचाराधीन कैदियों के लिए अधिकतम 40,000 रुपये तक और दोषी करार पाए गए कैदियों के लिए अधिकतम 25,000 रुपये तक की सहायता राशि स्वीकृत कर सकती है. अगर किसी कैदी की जमानत या जुर्माने की राशि इन निर्धारित सीमाओं से अधिक है, तो वह मामला राज्य स्तरीय निगरानी समिति को भेजा जाएगा. सरकार ने इस योजना को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए स्पष्ट किया है कि यह सहायता उन मामलों पर लागू नहीं होगी जिनमें कैदी भ्रष्टाचार, मनी लॉन्ड्रिंग, एनडीपीएस एक्ट, या किसी असामाजिक गतिविधि में संलिप्त हों. यह कदम गरीब कैदियों के हक में एक राहत भरा उपाय माना जा रहा है, जिससे उनकी आर्थिक कमजोरियों के कारण अनावश्यक जेल में बंदी की स्थिति खत्म होगी.

इस पहल से न केवल गरीब कैदियों को न्याय मिलने में सुविधा होगी, बल्कि न्यायालयों और जेल प्रशासन पर भी बोझ कम होगा. साथ ही, इससे सामाजिक न्याय की दिशा में भी एक सकारात्मक संदेश जाएगा कि आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण किसी को न्याय से वंचित नहीं रखा जाएगा. राज्य सरकार की यह योजना मानवाधिकारों की रक्षा करतेह ुए न्याय प्रक्रिया को तेज और प्रभावी बनाएगी. सरकार का मानना है कि इस आर्थिक सहायता योजना से जेलों में बंद गरीब कैदियों की समस्या में कमी आएगी और उनके परिवारों को भी राहत मिलेगी. यह एक ऐसा कदम है जो सामाजिक न्याय और इंसानियत के सिद्धांतों को मजबूती प्रदान करेगा. इस नई गाइडलाइन के जरिए राज्य सरकार न्याय की पहुँच को और व्यापक तथा समावेशी बनाने की दिशा में अग्रसर है.

### मोबाइल पासपोर्ट सेवा कैंप का सफल शुभारंभ

**लखीसराय।** क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना द्वारा समाहरणालय कार्यालय परिसर, लखीसराय में 1 से 3 जुलाई तक तीन दिवसीय पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है. इस सेवा का शुभारंभ मंगलवार को स्वधा रिजवी, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, पटना एवं मिथिलेश मिश्र, जिला पदाधिकारी, लखीसराय ने आवेदकों की मौजूदगी में किया. लखीसराय जिले में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र की अनुपस्थिति और आवेदकों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए यह सुविधा प्रदान की जा रही है, जिससे आवेदकों को अपने निकटतम स्थान पर पासपोर्ट संबंधी सेवाएं आसानी से मिल सकें. भारत सरकार ने 12 मई से चिप युक्त पासपोर्ट जारी करना शुरू कर दिया है, जिसमें आवेदकों की सभी जानकारी डिजिटल रूप में संग्रहित रहती है. अप्रैल 2024 से अब तक कुल नौ मोबाइल कैंप सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें सिवान, गोपालगंज, पूर्णिया एवं बगहा के पुलिस जिले शामिल हैं. लखीसराय में यह दसवां कैंप है, जो क्षेत्रीय स्तर पर पासपोर्ट सेवा को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. इस पहल से स्थानीय नागरिकों को पासपोर्ट बनवाने में सहूलियत मिलेगी और वे बिना दूर जाने आसानी से आवेदन कर सकेंगे.

### लोजपा | बिहार विस चुनाव से पहले चिराग पासवान की पार्टी को लगा झटका

# कई नेताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

**शुभम संदेश। पटना**



बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी चरम पर है. सभी प्रमुख दल अपने-अपने स्तर पर चुनावी तैयारियों में जुटे हैं. जहां एनडीए गठबंधन अपने विकास कार्यों का बखान कर वोटरों को लुभाने की कोशिश कर रहा है, वहीं इंडी गठबंधन राज्य में कानून-व्यवस्था और बढ़ती अराजकता को मुख्य मुद्दा बनाकर मौजूदा सरकार पर हमला बोल रहा है. इस पूरे राजनीतिक परिदृश्य में एक बार फिर दल-बदल की राजनीति तेज हो गई है. नेता लगातार अपने पुराने दलों से नाता तोड़कर नए खेमों में शामिल हो रहे हैं. हाल ही में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 26 वर्षों से साथ निभा रहे एक करीबी सहयोगी ने उन्हें अलविदा कहकर जनसुराज अभियान के संस्थापक प्रशांत किशोर का दामन थाम लिया. अब इसी क्रम में एक और बड़ा राजनीतिक झटका सामने आया है, और इस बार यह झटका केंद्रीय मंत्री व लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान को लगा है. पटना स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक भव्य मिलन समारोह में लोजपा (रामविलास) के पूर्व महासचिव और दो बार के विधायक डॉ. अच्युतानंद, महासचिव नवल किशोर सिंह और अमरेंद्र कुमार चौधरी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हो गए. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई. इस मौके पर कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे, जिनमें पूर्व विधायक भावना झा, अजय चौधरी, स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, सत्येंद्र कुमार सिंह, रौशन कुमार सिंह और रवि गोल्डन शामिल थे.

इस घटनाक्रम से जहां कांग्रेस को चुनाव से पहले एक नई ऊर्जा मिली है, वहीं चिराग पासवान को यह एक बड़ा सियासी झटका माना जा रहा है. विधानसभा चुनाव के नजदीक आते-आते बिहार में नेताओं के पाला बदलने का सिलसिला और तेज हो गया है.

### सड़क हादसे में डीटीओ सब इंस्पेक्टर की मौत दो कर्मचारी हुए घायल

**दरभंगा।** शोभन क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में जिला परिवहन कार्यालय के सब इंस्पेक्टर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गए. यह हादसा उस समय हुआ जब वे ड्यूटी पर क्षेत्र में निरीक्षण के लिए निकले थे. अचानक एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी गाड़ी को जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई. पुलिस के अनुसार, सब इंस्पेक्टर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घायल कर्मचारियों को स्थानीय लोगों की मदद से दरभंगा मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया. हादसे की सूचना मिलते ही बहेड़ी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. पुलिस फुटेज और टोल प्लाजा की मदद से अज्ञात वाहन की पहचान करने में जुटी है.

## न्यूज अपडेट

### बिहार में छह नए एयरपोर्ट निर्माण का रास्ता साफ

**पटना।** बिहार में छह नए एयरपोर्ट बनाने का मार्ग साफ हो गया है. राज्य सरकार और एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के बीच इस संबंध में सोमवार को नई दिल्ली में एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ. बिहार निवास में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा की उपस्थिति में यह समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए. इस योजना के तहत बिहार के बीरपुर, वाल्मीकिनगर, सहरसा, मधुबनी और मुंगेर में नए हवाईअड्डे विकसित किए जाएंगे. साथ ही, एएआई के अंतर्गत आने वाले मुजफ्फरपुर एयरपोर्ट का पुनर्निर्माण भी किया जाएगा. यह सभी एयरपोर्ट केंद्र सरकार की 'उड़ान' योजना के तहत बनाए जा रहे हैं, जिसके लिए नागर विमानन मंत्रालय ने प्रत्येक एयरपोर्ट के लिए 25 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में कैबिनेट ने इन परियोजनाओं के पहले चरण के लिए 150 करोड़ रुपये की प्रारंभिक राशि भी स्वीकृत की है. चुनावी वर्ष को ध्यान में रखते हुए इन परियोजनाओं का शिलान्यास जल्द ही शुरू होने की संभावना है. इस पहल से बिहार के कई जिलों को बेहतर हवाई संपर्क मिलेगा और राज्य के स्थानीय आर्थिक विकास को भी मजबूती मिलेगी.

### राघोपुर दियारा में सिंगापुर मॉडल लागू होगा

**पटना।** पटना के समीप राघोपुर दियारा, जो नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का विधानसभा क्षेत्र है, विकास की नई परिभाषा तैयार करने जा रहा है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहल पर इस क्षेत्र को सिंगापुर मॉडल के अनुसार विकसित करने की प्रक्रिया तेज़ हो गई है. योजना के तहत राघोपुर और आसपास के क्षेत्रों को इंडस्ट्रियल एरिया, लॉजिस्टिक हब, आईटी पार्क और आधुनिक टाउनशिप में बदला जाएगा. इससे क्षेत्र की आर्थिक, सामाजिक और पर्यटकीय गतिविधियों को मजबूत बढ़ावा मिलेगा. मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद एक उच्चस्तरीय समिति ने राघोपुर इलाके का भौतिक सर्वेक्षण किया. इस टीम में पथ निर्माण विभाग के विशेष सचिव शीर्षत कपिल अशोक, जल संसाधन विभाग के यशपाल मीणा, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अजीव वत्स राज, और नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर सचिव राजीव कुमार श्रीवास्तव शामिल थे. अधिकारियों ने गंगा के उत्तरी तट से लेकर चकसिकंदर तक क्षेत्र का दौरा कर विकास की संभावनाओं का गहन मूल्यांकन किया. इस पहल से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्थानीय विकास को नई दिशा मिलेगी.

### पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली

**पटना।** पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है. इस सिलसिले में हवाई अड्डा थाना में मामला दर्ज किया गया है. ई-मेल में लिखा है कि एयरपोर्ट पर बम रखा गया है और वह जल्द फटने वाला है. एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है. हवाईअड्डे के अधिकारियों ने पूरे परिसर में व्यापक छानबीन की है. जांच के दौरान कोई संदिग्ध या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है. बीती देररात हवाई अड्डा थाना में केस दर्ज किया गया है. फिलहाल पुलिस ई-मेल भेजने वाले का पता करने में जुटी है. इसमें तकनीकी और साइबर विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है. उधर, इस समय पटना एयरपोर्ट में चप्पे-चप्पे पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान तैनात हैं. एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले लोगों पर भी निगाह रखी जा रही है. एसपी (सिटी) दीक्षा ने बताया कि केस दर्ज कर आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के साइबर सेल को जांच करने के लिए कहा गया है.

### सड़क हादसे में मर्चेंट नेवी के जवान की हुई मौत

**आरा।** जिले के बबुरा थाना क्षेत्र के इंग्लिशपुर गांव के पास आरा-छपरा फोरलेन पर सड़क हादसे में मर्चेंट नेवी के जवान प्रमोद कुमार सिंह की मौत हो गई. 37 वर्षीय प्रमोद बाइक से अपने ससुराल नारायणपुर गांव (कोईलवर थाना क्षेत्र) से लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार बालू लदे ट्रक ने उन्हें कुचल दिया. मौके पर ही उनकी मौत हो गई. हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया. मृतक की पहचान इंग्लिशपुर गांव निवासी बलेश्वर सिंह के पुत्र के रूप में हुई है. प्रमोद हाल ही में गल्फ देश कतर में पोस्टेड थे. उनके परिवार में मां मीना देवी, पत्नी अंकिता सिंह और दो बेटे शिनु व प्रिंसी हैं. वे तीन भाइयों और दो बहनों में तीसरे स्थान पर थे. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों व परिजनों ने इंग्लिशपुर गांव के पास शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और डिवाइडर निर्माण व मुआवजे की मांग की. इस दौरान लोगों ने आगजनी भी की. करीब साढ़े तीन घंटे तक यातायात बाधित रहा.

## कारोबार

### एसबीआई करेगी 40 लाख घरों को सौर ऊर्जा से रोशन

**नयी दिल्ली।** देश के सबसे बड़े सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्त्वाकांक्षी योजना की घोषणा की है. बैंक का लक्ष्य है कि वित्त वर्ष 2026-27 तक देश के 40 लाख घरों को सौर ऊर्जा से रोशन किया जाए. इस योजना के अंतर्गत एसबीआई घरों की छतों पर सोलर पैनल और अन्य आवश्यक उपकरण स्थापित करेगा, जिससे बिना पारंपरिक बिजली के भी घरों में रौशनी की जा सकेगी. एसबीआई ने यह पहल अपनी 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर घोषित की है. बैंक का कहना है कि यह सोलर रूफटॉप कार्यक्रम भारत में नवीकरणीय ऊर्जा बदलाव में एक अग्रणी भूमिका निभाएगा. यह योजना पर्यावरणीय स्थिरता के साथ-साथ ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक ठोस कदम है.

### रेयर अर्थ मैग्नेट्स की सप्लाई रुकने से वाहन उद्योग प्रभावित

# विकल्प तलाशने में जुटे भारत व जापान

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



चीन द्वारा भारत को रेयर अर्थ मैग्नेट्स की सप्लाई रोकने से देश की ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री पर संकट गहराता जा रहा है. अप्रैल 2025 से चीन ने इन महत्वपूर्ण मैग्नेट्स की आपूर्ति बंद कर दी है, जिससे भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों, ऊर्जा भंडारण प्रणालियों और हाई-टेक उपकरणों के निर्माण पर प्रतिकूल असर पड़ा है. रेयर अर्थ मैग्नेट्स की वैश्विक आपूर्ति में चीन की हिस्सेदारी करीब 90% है, जिससे इस क्षेत्र में उसका एकाधिकार है. इस चुनौती से निपटने के लिए भारत ने वैकल्पिक रास्तों की तलाश शुरू कर दी है. इसमें घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना और अन्य देशों से आपूर्ति सुनिश्चित करना शामिल है. इसी कड़ी में भारत और जापान के बीच सहयोग की संभावनाएं तेज़ हुई हैं. जापान की एक दर्जन से अधिक कंपनियों के प्रतिनिधि इन दिनों भारत में हैं. ये कंपनियां बैटरी निर्माण और क्रिटिकल मिनरल्स की सप्लाई चेन से जुड़ी हैं. प्रमुख कंपनियों में पैनासोनिक, मित्सुबिशी केमिकल्स और सुमिमोटो मेटल्स एंड माइनिंग शामिल हैं. ये सभी जापान की इंडस्ट्री बॉडी "बैटरी एसोसिएशन ऑफ सप्लाई चेन" का हिस्सा हैं.

भारतीय कंपनियां अमारा राजा और रिलायंस, जापानी प्रतिनिधियों के साथ बातचीत कर रही हैं. इस बातचीत का केंद्र लीथियम-आयन बैटरियों की आपूर्ति श्रृंखला है, जिसका उपयोग ईवी और एनर्जी स्टोरेज सिस्टम्स में किया जाता है. भारत और जापान की ये कंपनियां मिलकर चीन के वर्चस्व को चुनौती देने की योजना बना रही हैं. हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि जापानी कंपनियों के साथ साझेदारी के बावजूद भारत को तुरंत बड़ा लाभ नहीं मिलेगा. इसकी प्रमुख वजह यह है कि रेयर अर्थ की माइनिंग, रिफाइनिंग और प्रोसेसिंग पर अभी भी चीन का नियंत्रण है. वर्तमान में भारत की ईवी कंपनियां तीन-चौथाई से अधिक बैटरियां चीन से आयात करती हैं, जबकि शेष बैटरियां जापान और दक्षिण कोरिया से मंगाई जाती हैं.

भारतीय कंपनियां बैटरी निर्माण के क्षेत्र में तेजी से काम कर रही हैं, लेकिन लागत एक बड़ी चुनौती है. विशेषज्ञों के अनुसार, चीन की तुलना में भारत में बनी बैटरियां 20-30% तक महंगी हो सकती हैं. इसका कारण यह है कि चीन की कंपनियों को कच्चे माल के लिए आयात पर निर्भर नहीं रहना पड़ता, जिससे उनकी उत्पादन लागत कम रहती है. जापान की कंपनियां भारत को बैटरी मटीरियल्स और टेक्नोलॉजी में सहायता कर सकती हैं, खासकर हाइब्रिड टेक्नोलॉजी में, जिसमें उनका काफी अनुभव है. हालांकि, यह सहयोग तभी सार्थक होगा जब भारत रेयर अर्थ एलिमेंट्स के स्रोत और रिफाइनिंग क्षमताओं को विकसित करने में आत्मनिर्भर बने. अंततः, चीन की आपूर्ति बंदी ने भारत को अपनी तकनीकी निर्भरता पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर कर दिया है. जापान के साथ संभावित साझेदारी भारत को दीर्घकालिक समाधान की दिशा में ले जा सकती है, लेकिन इसके लिए ठोस रणनीति, निवेश और समय की जरूरत होगी.

### एफएसआईबी अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल बढ़ा

**नयी दिल्ली।** सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों में निदेशकों की नियुक्ति करने वाली संस्था फाइनेंशियल सर्विसेज इंस्टीट्यूशन ब्यूरो (एफएसआईबी) के अध्यक्ष और अंशकालिक सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ा दिया है. यह सेवा विस्तार 1 जुलाई, 2025 से प्रभावी होगा और 30 जून, 2026 तक या उसके बाद तक लागू रहेगा. एफएसआईबी के वर्तमान अध्यक्ष भानु प्रताप शर्मा हैं, जो पूर्व में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के सचिव रह चुके हैं. उन्हें 2018 में बैंक बोर्ड ब्यूरो (बीबीबी) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था. उन्होंने बीबीबी के पहले अध्यक्ष विनोद राय का कार्यकाल पूरा होने पर पदभार संभाला था. मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने एफएसआईबी के सभी अंशकालिक सदस्यों के कार्यकाल को भी एक वर्ष के लिए बढ़ाने की मंजूरी दी है. इसमें पूर्व ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन और एमडी अनिमेष चौहान, आरबीआइ के पूर्व कार्यकारी निदेशक दीपक सिंघल, और आईएनजी वैश्य बैंक के पूर्व एमडी शैलेन्द्र भंडारी शामिल हैं. बीमा क्षेत्र में भी नियुक्तियों के लिए एफएसआईबी के अंशकालिक सदस्यों को सेवा विस्तार मिला है. इनमें एलआईसी की पूर्व प्रबंध निदेशक उषा सांगवान, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के पूर्व चेयरमैन और एमडी ए.वी. गिरिजा कुमार, तथा इरडा के पूर्व पूर्णकालिक सदस्य (वितरण) सुजय बनर्जी शामिल हैं. गौरतलब है कि एफएसआईबी का कार्यकाल पिछले वर्ष भी एक साल के लिए बढ़ाया गया था.

### पहली छमाही में भारतीय अरबपतियों की दौलत बढ़ी

**नयी दिल्ली।** 2025 की पहली छमाही में बाजार में भारी अस्थिरता के बावजूद कई भारतीय अरबपतियों की संपत्ति में जबरदस्त वृद्धि देखने को मिली. विदेशी और खुदरा निवेशक इस दौरान काफी हद तक किनारे पर रहे, जबकि म्यूचुअल फंड ने जियो-पॉलिटिकल तनाव और ऊंचे मूल्य वाले इक्विटी बाजारों के बीच अपनी कैश होल्डिंग्स को बरकरार रखा. इस बीच, एक ऐसे अरबपति ने अपने नेटवर्थ में 78% की अभूतपूर्व बढ़ोतरी दर्ज कर मुकेश अंबानी और गौतम अडानी जैसे दिग्गजों को भी पीछे छोड़ दिया. यह अरबपति सत्यनारायण नुवाल हैं, जो सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया के को-फाउंडर और प्रेसीडेंट हैं. नागपुर स्थित यह कंपनी एक्सप्लोसिव, डेटोनेटर, ड्रोन, और गोला-बारूद बनाने में अग्रणी है. ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार, नुवाल की कुल संपत्ति अब 7.90 बिलियन डॉलर तक पहुंच गई है. सोलर इंडस्ट्रीज ने 2023 में 54% और 2024 में 45% की वृद्धि के बाद 2025 में अपने शेयरों में 81% की वृद्धि दर्ज की है. यह उल्लेखनीय उपलब्धि इस बात का संकेत है कि कठिन आर्थिक और वैश्विक राजनीतिक हालात के बावजूद भी भारतीय उद्योगपतियों के लिए अवसर मौजूद हैं, खासकर ऐसे सेक्टर्स में जो राष्ट्रीय सुरक्षा और अत्याधुनिक तकनीक से जुड़े हैं. सत्यनारायण नुवाल की सफलता ने भारतीय अरबपतियों की दौलत की रेस में नया अध्याय जोड़ दिया है.

### लिंक एक्सप्रेसवे : जमीन की खरीद-फरोख्त पर रोक

**नयी दिल्ली।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेसवे के आसपास जमीन की खरीद-फरोख्त पर रोक लगा दी गई है. उत्तर प्रदेश औद्योगिक गलियारा विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं और कहा है कि इस आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. यह लिंक एक्सप्रेसवे लगभग 74.3 किलोमीटर लंबा होगा और गंगा एक्सप्रेसवे को यमुना एक्सप्रेसवे से भी जोड़ेगा. गंगा एक्सप्रेसवे को करीब 4000 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है, जो मेरठ को प्रयागराज से जोड़ेगा. प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेसवे बुलंदशहर जिले के स्याना क्षेत्र से शुरू होकर नोएडा के सेक्टर 21 स्थित फिल्म सिटी के पास यमुना एक्सप्रेसवे से जुड़ जाएगा. युपीडा के निर्देशों के बाद नोएडा प्रशासन ने सर्वे तेज कर दिया है और नोएडा तथा बुलंदशहर जिलों में प्रभावित भूखंडों की पहचान की जा रही है. इस लिंक एक्सप्रेसवे की कुल चौड़ाई 120 मीटर होगी. यमुना सिटी के विकसित सेक्टरों को काटने से बचाने के लिए इसका मार्ग बदला गया है. अब यह एक्सप्रेसवे 56 गांवों से होकर गुजरेगा, जिनमें 8 गांव नोएडा जिले के और 48 गांव बुलंदशहर जिले के हैं. ये गांव मुख्य रूप से जेवर, खुर्जा, स्याना और शिकारपुर तहसीलों में आते हैं.

### तीव्र रैली के बाद शेयर बाजार में वैल्यूएशन का खतरा

**नयी दिल्ली।** पिछले तीन महीनों में भारतीय शेयर बाजार, खासकर सेंसेक्स, में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है. सेंसेक्स करीब 12,000 अंकों की छलांग के साथ 72 लाख करोड़ रुपये की रैली कर चुका है, जिससे बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 461 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है. इस तेजी का मुख्य कारण बाजार में बढ़ती लिक्विडिटी है. डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स ने 3.5 लाख करोड़ रुपये और विदेशी निवेशकों ने लगातार खरीदारी की है. जेएम फाइनेंशियल के वेंकटेश बालासुब्रमण्यम का मानना है कि यह रैली मुख्यतः लिक्विडिटी से प्रेरित है. मई 2025 तक म्यूचुअल फंड्स के पास 2.17 लाख करोड़ रुपये का कैश था, और हर महीने सिप से 26,000 करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है. हालांकि, इस उछाल ने वैल्यूएशन और फंडामेंटल्स के बीच अंतर बढ़ा दिया है. एनालिस्ट्स का कहना है कि लार्ज कैप, मिड कैप और स्मॉल कैप सभी अपने औसत वैल्यूएशन से ऊपर ट्रेड कर रहे हैं, जिससे भविष्य के रिटर्न पर संदेह बना हुआ है. कोटक एएमसी के नीलेश शाह के अनुसार, अगले कुछ वर्षों में रिटर्न की संभावनाएं सीमित हो सकती हैं और यह पूरी तरह से अर्निंग्स ग्रोथ पर निर्भर करेगा, जो 8-12% के बीच रह सकता है

### भारत के विनिर्माण क्षेत्र में आया जबरदस्त उछाल

**नयी दिल्ली।** वित्तीय वर्ष 2025 की पहली तिमाही में भारत के विनिर्माण क्षेत्र ने उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है. एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के अनुसार, मई 2025 में 57.6 रहा सूचकांक जून में बढ़कर 58.4 हो गया, जो पिछले 14 महीनों का उच्चतम स्तर है. यह आंकड़ा 54.1 के दीर्घकालिक औसत से काफी अधिक है, जो व्यापार स्थितियों में मजबूती का संकेत देता है. इस वृद्धि का प्रमुख कारण अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर में तेज इजाफा है. जून में निर्यात मांग 2005 में सर्वे शुरू होने के बाद तीसरी सबसे तेज गति से बढ़ी. अधिकांश कंपनियों ने अमेरिका को प्रमुख मांग स्रोत बताया. वैश्विक रुचि में इस मजबूती ने कुल बिक्री और उत्पादन वृद्धि को बल दिया. उत्पादन की दर अप्रैल 2024 के बाद सबसे तेज रही.

### भारत-यूएस | भारत-अमेरिका के बीच संभावित अंतरिम व्यापार समझौता

# संवेदनशील मुद्दों पर भारत का सख्त रुख

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर बातचीत अपने अंतिम चरण में है. सूत्रों के अनुसार, यह समझौता इसी सप्ताह अंतिम रूप ले सकता है, जो दोनों देशों के बीच एक व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में पहला कदम माना जा रहा है. इस वार्ता में कई जटिल मुद्दे शामिल हैं, जिन पर भारत का रुख बेहद स्पष्ट और सख्त है. व्यापार वार्ताओं में सबसे संवेदनशील मुद्दों में से कुछ हैं—कृषि क्षेत्र में अमेरिकी उत्पादों को बाजार में पहुंच, जेनेटिकली मॉडिफाइड (जीएम) फसलों की अनुमति और डेयरी उत्पादों का आयात. भारत ने इन मुद्दों पर किसी भी प्रकार का समझौता करने से साफ इनकार कर दिया है, खासकर भारतीय किसानों के हितों को देखते हुए. भारत के कृषि ढांचे में छोटे और सीमांत किसान बड़ी संख्या में हैं, और जीएम फसलें या अमेरिका से आने वाले सस्ते डेयरी उत्पाद उनके लिए खतरा बन सकते हैं. फाइनेंशियल टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों देशों के बीच 9 जुलाई से पहले समझौते को अंतिम रूप देने का प्रयास किया जा रहा है. दरअसल, अमेरिका ने भारत से आने वाले कुछ उत्पादों पर 26% का रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, जिसे 9 जुलाई तक के लिए टाल दिया गया है. यह टैरिफ अमेरिका द्वारा अन्य देशों पर लगाए गए व्यापार शुल्कों का हिस्सा है. भारत इस समयसीमा से पहले एक समझौते पर पहुंचने की कोशिश कर रहा है ताकि इन टैरिफों से बचा जा सके. भारत के व्यापार वार्ताकारों ने वॉशिंगटन में 27 जून को समाप्त होने वाली अपनी यात्रा को आगे बढ़ा दिया है, जिससे यह संकेत मिलता है कि बातचीत अभी भी निर्णायक दौर में है. एक सूत्र ने बताया कि यह बातचीत ₹एक महत्वपूर्ण मोड़ पर₹ पहुंच चुकी है और समझौता कई चरणों में हो सकता है. पहले चरण में जिन मुद्दों पर सहमति बन सकती है, उन पर अभी काम चल रहा है, जबकि अन्य जटिल पहलुओं को बाद में हल किया जा सकता है.

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने घरेलू निर्यातकों और औद्योगिक संगठनों को सूचित किया है कि यह समझौता चरणबद्ध तरीके से होगा और फिलहाल पहले चरण को अंतिम रूप देने की कोशिश जारी है. यह भी संकेत दिया गया है कि आगे चलकर अन्य मुद्दों पर भी चर्चा और समझौते की संभावना है. अमेरिका की ओर से जीएम फसलें और पशु चारा भारत को निर्यात करने की मांग लंबे समय से की जा रही है, लेकिन भारत ने स्पष्ट किया है कि यह उसके लिए एक अत्यंत संवेदनशील मुद्दा है. अमेरिका 10% से कम टैरिफ पर समझौता नहीं करना चाहता, जबकि भारत अपनी कृषि अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए इन शर्तों को मानने को तैयार नहीं है.

### टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अब तक इन 13 टीमों का ऐलान

# सात पायदानों के लिए 22 टीमों के बीच होगी जंग

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए अब तक 13 टीमों का ऐलान हो चुका है. भारत और श्रीलंका में अगले साल फरवरी-मार्च में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें खेलने वाली हैं. इनमें से मेजबान भारत और श्रीलंका समेत कुल 13 टीमें फाइनल हो चुकी हैं, जबकि सात और टीमों का ऐलान इस साल के अक्टूबर के आखिर तक होगा. हाल ही में कनाडा की टीम ने अमेरिकी रीजन से क्वालीफाई किया है. वहीं, यूरोप क्वालीफायर्स के जरिए दो टीमें 11 जुलाई तक फाइनल हो जाएंगी. ये टूर्नामेंट भी पिछले टूर्नामेंट के फॉर्मेट में खेले जाएगा, जिसमें पहले 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा जाएगा. इसके बाद सुपर 8 के मुकाबले होंगे और फिर सेमीफाइनल और फाइनल मैच का आयोजन होगा.मेजबान के रूप में भारत और श्रीलंका ने 2026 के टी20 वर्ल्ड कप के लिए पहले दो स्थानों पर कब्जा कर लिया था. उसके बाद अगले 10 स्थानों का निर्धारण 2024 संस्करण में सुपर आठ क्वालीफायर और 30 जून 2024 की कट-ऑफ डेट पर ICC मेंस T20I टीम रैंकिंग के आधार पर हुआ. वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप 2024 में सुपर 8 में प्रवेश के कारण अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज ने 2026 टी20 विश्व कप में जगह बनाई, जबकि यूएसए ने भी टॉप 8 में पाकिस्तान को हराकर प्रवेश किया था. वहीं, टी20 वर्ल्ड कप 2025 में सुपर 8 से चूकने के बावजूद पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड और आयरलैंड के साथ अपनी T20I रैंकिंग की बदौलत अगले संस्करण में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया.




**अब तक क्वालीफाई करने वाली टीमें**

भारत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, कनाडा, इंग्लैंड, आयरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका, यूएसए और वेस्टइंडीज

**सात और टीमें इस टूर्नामेंट में खेलेंगी:** इन टीमों के अलावा सात और टीमें इस टूर्नामेंट में खेलेंगी. एक तरह से देखा जाए तो 22 टीमों में बाकी के सात पायदानों के लिए जंग होनी है. एशिया और ईस्ट एशिया पेसिफिक रीजन से तीन टीमें क्वॉलीफाई करेंगी, जबकि दो-दो टीमें यूरोप क्वालीफायर और अफ्रीका क्वालीफायर से आएंगी. एशिया-ईस्ट एशिया पेसेफिक रीजन से जापान, कुवैत, मलेशिया, नेपाल, ओमान, पापुआ न्यू गिनी, कतर, समोआ और यूएई की टीमें क्वालीफायर्स खेलेंगी और इनमें से तीन टीमें सीधे टूर्नामेंट में प्रवेश करेंगी.वहीं, यूरोप क्वालीफायर्स में इटली, जर्सी, ग्वेर्नसे, नीदरलैंड और स्कॉटलैंड की टीम खेलेगी. इनमें से दो टीमें टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी. इसके अलावा अफ्रीका क्वालीफायर्स की बात करें तो बोत्सवाना, केन्या, मलावी, नामीबिया, नाइजीरिया, तंजानिया, युगांडा और जिम्बाब्वे की टीम क्वालीफायर्स खेलती नजर आएगी. इनमें से भी दो टीमों को ग्लोबल टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिलेगा.

# घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे यशस्वी जायसवाल

**एजेंसी। मुंबई**



भारतीय युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आगामी 2025-26 घरेलू सत्र में मुंबई की ओर से ही खेलते नजर आएंगे. मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने उनके गोवा जाने के लिए जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) को वापस लेने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है.एमसीए अध्यक्ष अजिक्य नाइक ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, यशस्वी हमेशा से मुंबई क्रिकेट की एक गौरवशाली उपज रहे हैं. हमने उनके एनओसी वापसी के आवेदन को स्वीकार कर लिया है और वह आगामी घरेलू सत्र में मुंबई के लिए उपलब्ध रहेंगे.इस साल अप्रैल में जायसवाल ने गोवा के लिए खेलने के इरादे से एनओसी मांगी थी, जिसे एमसीए ने चौंकाने वाला कदम बताया था. हालांकि, एक महीने बाद उन्होंने पुनः एमसीए को पत्र लिखकर बताया कि वह अपने परिवार के साथ गोवा स्थानांतरित होने का विचार कर रहे थे, लेकिन अब उन्होंने वह योजना बदल दी है और वे मुंबई के लिए ही खेलना चाहते हैं.23 वर्षीय जायसवाल ने अंडर-19 स्तर से ही मुंबई का प्रतिनिधित्व किया है. उन्होंने 2019 में मुंबई के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में पदार्पण किया था और अब तक 10 प्रथम श्रेणी मैचों में 53.93 की औसत से 863 रन बनाए हैं. इसमें उनके चार शतक, दो अर्द्धशतक और उत्तर प्रदेश के खिलाफ 181 रन की सर्वश्रेष्ठ पारी शामिल है.

### इंग्लैंड के खिलाफ वापसी के लिए भारत के सामने स्पिनरों के चयन की दुविधा

# पहली जीत की तलाश में उतरेगा भारत

**एजेंसी। बर्मिंघम**

भारत को चयन के मामले में पारंपरिक सोच से अलग हटकर इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो पूरे 20 विकेट ले सकें .हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड ने जब 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया तब भारतीय टीम प्रबंधन ने खुद स्वीकार किया था कि कुलदीप यादव की कमी टीम को खली .सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि भारत टीम संयोजन तलाशने की कोशिश में है जिससे बल्लेबाजी की गहराई पर असर नहीं पड़े और ऐसे गेंदबाज भी हों जो 20 विकेट ले सकें .डोइशे ने कहा , रणनीति की बात करें तो हम हर गेंदबाज को व्यक्तिगत तौर पर देख रहे हैं कि वे विकेट ले सकते हैं या नहनीं . हम संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन लेकर उतरना चाहेंगे. उन्होंने कहा , टीम को पूरे 20 विकेट की जरूरत है . इंग्लैंड टीम भी इसी प्रयास में होगी और हमें उसका भी ध्यान रखना है . हम इस पर लगातार बात कर रहे हैं और हल निकालने की कोशिश में हैं .बर्मिंघम में मौसम गर्म है और पिच पर ऊपर घास है लेकिन नीचे से यह सूखी है .इसी मैदान पर तीन साल पहले इंग्लैंड ने 378 रन का लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला ड्रॉ कराई थी . पिछले कुछ साल में काउंटी क्रिकेट में इस मैदान पर काफी रन बने हैं . इस मैदान पर स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और भारत को तय करना है कि वे रविंद्र जडेजा की मदद करने वाले वॉशिंगटन सुंदर को उतारेगा या विकेट लेने में माहिर कुलदीप को जगह मिलेगी . यह तो तय है कि भारत दो स्पिनरों के साथ उतरेगा .पहले टेस्ट में शार्दुल ठाकुर तेज गेंदबाज हरफनमौला थे लेकिन संभव है कि बल्लेबाजी हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी को दूसरे टेस्ट में जगह मिले .ठाकुर ने पहले टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया लेकिन एक टेस्ट के बाद बाहर करना भी ज्यादती होगी .जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता पर भी संदेह है . अगर वह दूसरा टेस्ट नहीं खेलते हैं तो तेज गेंदबाजी का जिम्मा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा संभालेंगे . बुमराह के नहीं खेलने पर इस तिकड़ी को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी.हेडिंग्ले में पांचवें दिन टर्निंग पिच पर कोई कमाल नहीं कर सके जडेजा अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे . पहले टेस्ट में भारत की कैचिंग काफी खराब रही और यशस्वी जायसवाल को स्लिप से हटाना पड़ गया .पहले टेस्ट की दोनों पारियों में भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने कोई योगदान नहीं दिया जिसमें सुधार करना होगा . पहले मैच में शतक लगाने वाले केएल राहुल, जायसवाल, ऋषभ पंत और कप्तान शुभमन गिल इस लय को कायम रखना चाहेंगे .साइ सुदर्शन और करूण नायर को खराब शुरूआत के बावजूद फिर मौका मिल सकता है. दूसरी ओर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने परिवार में इमरजेंसी के कारण मैच से नाम वापिस ले लिया है लेकिन क्रिस वोक्स की अगुवाई में गेंदबाजी आक्रमण आत्मविश्वास से भरा है .



**टीमें**

**इंग्लैंड :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर.

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा.

**बुमराह पर फैसला आज कुलदीप की वापसी**

भारत के गेंदबाजी विभाग में कुलदीप यादव को खिलाया जा सकता है. तेज गेंदबाजी में बदलाव होते नहीं दिख रहे हैं. जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा की तिकड़ी लगातार दूसरे मैच में देखने को मिल सकती है .बुमराह की अगुआई वाले भारतीय तेज गेंदबाजों ने पिछले मैच में औसत प्रदर्शन किया था. बुमराह ने खुद पहली पारी में 5 विकेट झटके थे, लेकिन दूसरी पारी में खाली हाथ रहे. 5 विकेट लेने वाले प्रसिद्ध कृष्णा ने दोनों पारियों में मिलाकर 212 रन खर्च कर दिए थे, जबकि सिराज 2 विकेट ही ले सके.

### एजबेस्टन टेस्ट से पहले वोक्स ने कहा-

# गेंदबाजों के लिए हो सकता है एक और कठिन सप्ताह

**एजेंसी। बर्मिंघम**




इंग्लैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स ने एजबेस्टन में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले माना है कि यह सप्ताह गेंदबाजों के लिए एक और चुनौतीपूर्ण हो सकता है. वोक्स अब इंग्लैंड की गेंदबाजी इकाई में सबसे वरिष्ठ खिलाड़ी हैं, और इस भूमिका का वह पूरा आनंद ले रहे हैं.वोक्स ने सोमवार को एक बयान में कहा, मैंने अपने करियर का अधिकांश हिस्सा जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ खेला है, इसलिए अब हालात कुछ अलग हैं. यह मेरे लिए एक शानदार अवसर है. मैं युवा खिलाड़ियों को अनुभव बांट रहा हूं और उनसे भी सीख रहा हूं. हर बार जब आप मैदान पर उतरते हैं तो कुछ नया सीखते हैं और यही यात्रा चलती रहती है.36 वर्षीय वोक्स ने यह भी कहा कि वह एंडरसन की तरह 41 साल की उम्र तक क्रिकेट नहीं खेलेंगे लेकिन उम्र को लेकर जितनी बातें होती हैं, वह उन्हें ज्यादा अहमियत नहीं देते.उन्होंने कहा,मुझे नहीं लगता कि मैं 41 की उम्र में इंग्लैंड के लिए खेल रहा होऊंगा. लेकिन जब तक मैं टीम के लिए योगदान दे रहा हूं और अच्छा प्रदर्शन कर रहा हूं, तब तक खेलता रहूंगा. अगर कभी ऐसा समय आता है जब कोई कंधे पर हाथ रखकर विदाई की बात करे, तो वह भी ठीक है. लेकिन फिलहाल मैं खेल का पूरा लुत्फ उठा रहा हूं, उन्होंने कहा.हेडिंग्ले टेस्ट में भारत की ओर से पांच शतक लगे और कुल मिलाकर दोनों टीमों ने मिलकर 1,673 रन बनाए. वोक्स ने स्वीकार किया कि पिच बल्लेबाजों के अनुकूल थी जिससे गेंदबाजों को काफी मेहनत करनी पड़ी.उन्होंने कहा,हम जानते हैं कि भारतीय बल्लेबाज कितने मजबूत हैं. हेडिंग्ले में पिच बहुत फ्लैट थी, जिससे गेंदबाजी करना मुश्किल हो गया था, लेकिन हम 20 विकेट लेने में सफल रहे. बल्लेबाजों के हावी होने के बाद भी हमने मैच में वापसी की, जो एक अहम काबिलियत है. एजबेस्टन में भी हालात कुछ ऐसे ही हो सकते हैं, मौसम अच्छा है, तो गेंदबाजों के लिए यह एक और मुश्किल सप्ताह हो सकता है.इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में 371 रनों का पीछा कर जीत दर्ज की, जो टेस्ट इतिहास में उनकी दूसरी सबसे बड़ी सफल रन चेज थी. वोक्स ने कहा कि टीम को अपने खेलने के तरीके पर भरोसा है और वे इसे आगे भी जारी रखेंगे.उन्होंने कहा,आप जब अच्छा खेलकर जीतते हैं तो आत्मविश्वास बढ़ता है. हम जानते हैं कि हमें और बेहतर होना है. पिछले सप्ताह जो चीजें हमने ठीक नहीं कीं, उन्हें इस बार सुधारने की कोशिश करेंगे.उन्होंने कहा,हम अपनी क्रिकेट शैली को लेकर संतुष्ट हैं, यही ब्रांड पिछले कुछ वर्षों में हमें सफलता दिलाता आया है. हम उसी पर कायम रहेंगे, लेकिन सुधार की गुंजाइश हमेशा रहती है और हम उस पर काम करेंगे.

### भारत-बांग्लादेश सीरीज पर सस्पेंस बरकरार

# बीसीसीआई को सरकार की मंजूरी का इंतजार

- अगस्त में नहीं तो बाद में होगी सीरीज

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय क्रिकेट टीम को अगस्त के महीने में बांग्लादेश का दौरा करना है. जहां भारत और बांग्लादेशके बीच 3-3 मैचों की वनडे और टी20 सीरीज खेली जानी है. लेकिन अब तक इस बारे में कोई पुष्टि नहीं हुई है. लेकिन अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष ने इस दौरे को लेकर बड़ा अपडेट दिया है. दरअसल, यह वनडे और टी20 सीरीज 17 अगस्त से खेली जानी है. लेकिन मौजूदा राजनीतिक हालात को देखते हुए इस दौरे का तय समय पर होना मुश्किल लग रहा है.बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड बांग्लादेश के अपकमिंग दौरे पर अपनी सरकार के फैसले का इंतजार कर रहा है. बोर्ड ने शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में अपनी 19वीं बैठक की. बैठक के बाद बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम ने मीडिया से कहा,₹बीसीसीआई के साथ हमारी पॉजिटिव चर्चा हो रही है.



**वनडे मैचों की तारीखें**

**पहला वनडे :** 17 अगस्त, सुबह 10 बजे (शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम, ढाका)
**दूसरा वनडे :** 20 अगस्त, सुबह 10 बजे (शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम, ढाका)
**तीसरा वनडे :** 23 अगस्त, सुबह 10 बजे (मतीउर रहमान स्टेडियम, चटगांव)

टी20 मैचों की तारीखें

**पहला टी20 :** 26 अगस्त, शाम 6 बजे (मतीउर रहमान स्टेडियम, चटगांव)
**दूसरा टी20 :** 29 अगस्त, शाम 6 बजे (शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम, ढाका)
**तीसरा टी20 :** 31 अगस्त, शाम 6 बजे (शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम, ढाका)

### काउंटी चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन

# तिलक वर्मा से उम्मीदें कायम, चहल रहे विकेट विहीन

**एजेंसी। साउथैम्प्टन**

काउंटी चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन जारी है. हैम्पशायर की ओर से खेल रहे युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा एक बार फिर संकटमोचक की भूमिका में नजर आ रहे हैं. सोमवार को वूस्टरशर के खिलाफ खेले जा रहे मुकाबले के दूसरे दिन तिलक वर्मा 10 रन (32 गेंदों में) बनाकर नाबाद लौटे.हैम्पशायर की टीम एक समय 54 रन पर तीन विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी, तब तिलक क्रीज़ पर आए और कप्तान बेन ब्राउन (7 रन) के साथ पारी को संभाला. दिन का खेल समाप्त होने तक टीम ने 68 रन बनाए थे. गौरतलब है कि तिलक ने अपने काउंटी डेब्यू मैच में शतक जड़ा था और हैम्पशायर को एक बार फिर उनके धैर्यपूर्ण बल्लेबाज़ी की दरकार है, क्योंकि वूस्टरशायर ने पहली पारी में 679 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया है. दूसरी ओर, ईशान किशन ने नॉटिंघमशायर के लिए अपने डेब्यू में शानदार प्रदर्शन किया था और अब वह समरसेट के खिलाफ मुकाबले में बल्लेबाज़ी के लिए उतरने का इंतजार कर रहे हैं. गेंदबाज़ी की बात करें तो युजवेंद्र चहल को नॉर्थैम्प्टनशायर की ओर से खेलते हुए केंट के खिलाफ निराशा हाथ लगी. चहल ने 42 ओवर में 129 रन दिए लेकिन एक भी विकेट नहीं ले सके. केंट ने पहली पारी में 566 रन बनाए, जबकि नॉर्थैम्प्टनशायर ने जवाब में 140 रन पर एक विकेट गंवाया है. इस बीच, खलील अहमद की एसेक्स के लिए शुरुआत फीकी रही.



**हॉकी** यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत-ए टीम का एलान

# संजय के हाथ में होगी भारत ए टीम की कमान

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने आठ से 20 जुलाई तक आठ मैचों के यूरोप दौरे के लिये 20 सदस्यीय भारत ए पुरूष टीम का एलान कर दिया है. हॉकी इंडिया ने कहा कि यह दौरा उदीयमान और अनुभवी खिलाड़ियों को उपयोगी अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर देने के लिये आयोजित किया गया है. भारत ए टीम फ्रांस, आयरलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी, जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मैच खेलना है.हॉकी इंडिया ने कहा, 'इन मैचों से भारतीय हॉकी की प्रतिभाओं के पूल की गहराई और तैयारी का पता चलेगा. वे सीनियर टीम के लिये भी पूल का हिस्सा बन सकेंगे.' भारत ए टीम की कमान संजय के हाथ में होगी जबकि एम रबिचंद्र सिंह उपकप्तान होंगे. गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको स्टैंडबाय होंगे.भारतीय राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच शिवेंद्र सिंह ए टीम के कोच होंगे जो आठ जुलाई को आयरलैंड से पहला मैच खेलेगी. शिवेंद्र ने कहा, 'यह दौरा हमारे खिलाड़ियों के लिये अहम प्लेटफॉर्म होगा जिसमें उन्हें यूरोपीय हॉकी के ढांचे, स्वरूप और प्रवाह के बारे में पता चलेगा.'



**भारत-ए टीम**

- **गोलकीपर :** पवन, मोहित एच शशिकुमार.
- **डिफेंडर :** प्रताप लाकड़ा, वरूण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद, संजय (कप्तान).
- **मिडफील्डर :** पूवन्ना चंदुरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, एम रविचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह, राजिंदर सिंह.
- **फॉरवर्ड :** अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लाठे, सेल्वम कार्ति, उत्तम सिंह.
- **स्टैंडबाय :** अंकित मलिक, सुनील जोजो, सुदीप चिरमाको.

### नीरज चोपड़ा क्लासिक 5 जुलाई को बेंगलुरु में आयोजित होगा

# किशोर जेना बाहर, यशवीर सिंह को मिला मौका

**एजेंसी। बेंगलुरु**

भारतीय भाला फेंक एथलीट किशोर जेना टखने की चोट के चलते नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 से बाहर हो गए हैं. उनकी जगह अब यशवीर सिंह को प्रतियोगिता में शामिल किया गया है. आयोजकों ने सोमवार को उक्त जानकारी दी.किशोर जेना ने पिछले साल हांगझो एशियन गेम्स में नीरज चोपड़ा के पीछे दूसरा स्थान हासिल किया था, जहां उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 87.54 मीटर भाला फेंका था. वे शुरूआती पांच भारतीय प्रतिभागियों में शामिल थे, जिनमें सचिन यादव, रोहित यादव और साहिल सिलवाल भी शामिल हैं. जेना की गैरमौजूदगी में अब यशवीर सिंह को टीम में जगह दी गई है. यशवीर इस समय पुरुषों की भाला फेंक रैंकिंग में 41वें स्थान पर हैं और उन्होंने 2025 एशियन चैंपियनशिप (गुमी, कोरिया) में 82.57 मीटर की थ्रो कर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था.नीरज चोपड़ा क्लासिक को भारत की पहली अंतरराष्ट्रीय भाला फेंक प्रतियोगिता के रूप में प्रचारित किया जा रहा है. इस प्रतियोगिता का आयोजन नीरज चोपड़ा, जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स, एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) और वर्ल्ड एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) के सहयोग से किया जा रहा है. यह भारत में अब तक का सबसे उच्च स्तरीय अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स आयोजन होगा.



## ब्रीफ न्यूज

### विवाह वर्षगांठ पर किया पौधरोपण

**बोकारो।** सेल, बोकारो इस्पात संयंत्र से सेवानिवृत्त मजदूर नेता शैलेश कुमार वर्मा ने अपनी शादी की 50वीं वर्षगांठ पर एक अनुकरणीय पहल की है. इस विशेष दिन को और भी यादगार बनाने के लिए वर्मा ने अपनी धर्मपत्नी शशि प्रभा के साथ मिलकर अपने सेक्टर 4जी स्थित आवासीय परिसर में फलदार वृक्ष लगाए, जिसमें वर्मा के समस्त परिजनों ने शिरकत की. इस अवसर पर वर्मा ने खासकर परिवार के बच्चों को पौधरोपण का महत्व समझाया. उन्होंने बच्चों को पर्यावरण की रक्षा के लिए किसी भी विशेष अवसर पर पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया. साथ ही उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मन की बात' सहित दुनिया के हर मंच से प्रकृति के संरक्षण का आह्वान करते हैं.

### बगरा में लटक रहा हाई वोल्टेज तार, दहशत में ग्रामीण

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के बगरा पंचायत में फागू साव के घर के पीछे 11,000 वोल्ट का हाई वोल्टेज तार पिछले कई महीनों से जमीन से मात्र तीन से चार फीट की ऊंचाई पर झूल रहा है, जिससे वहां से गुजरने वाले लोगों और मवेशियों की जान पर खतरा मंडरा रहा है. स्थानीय लोगों के अनुसार, तार इतना नीचे लटका है कि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है.दो दिन पूर्व रामनगर की महिला समनी देवी, पति अनु भुईंया, झूलते तार की चपेट में आते-आते बचीं. हालांकि उन्हें हल्का करंट लगा.

### रामगढ़ : उपायुक्त ने किया मांडू प्रखंड का दौरा

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड का दौरा किया. इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय मांडू का निरीक्षण किया. मौके पर उन्होंने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के माध्यम से आम जनों को मिल रहे लाभ की जानकारी ली. उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्रखंड सह अंचल कार्यालय अंतर्गत विभिन्न विभागों के कार्यालयों का भी निरीक्षण किया .उपायुक्त ने बारुघुटु उत्तरी पंचायत में बारुघुटु पूर्वी एवं बारुघुटु मध्य पंचायत के लिए निर्माणाधीन पंचायत भवन का निरीक्षण किया.

पीडीजे ने हजारीबाग व्यवहार न्यायालय परिसर में एटीएम व उप डाकघर का किया शुभारंभ, कहा

# जल्द ही खुलेगा रेलवे आरक्षण काउंटर

### बैंक दिवस पर न्यायालय परिसर को मिला तोहफा

**शुभम संदेश । हजारीबाग**



पूरे देश में मनाए जा रहे बैंक दिवस के अवसर पर हजारीबाग व्यवहार न्यायालय परिसर में एसबीआई एटीएम काउंटर और उप डाकघर का उद्घाटन किया गया. इस सुविधा का शुभारंभ जिला एवं प्रधान सत्र न्यायाधीश रंजीत कुमार ने फीता काटकर किया.

इस अवसर पर न्यायाधीश रंजीत कुमार ने कहा कि कोर्ट परिसर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं, जिनमें से कई बार जरूरतमंदों को अचानक पैसों की आवश्यकता पड़ती है. ऐसे में एटीएम की सुविधा काफी सहायक सिद्ध होगी।उन्होंने यह भी कहा कि कई बार कोर्ट से जुड़े दस्तावेज, रजिस्ट्री और आवश्यक कागजात भेजने की आवश्यकता होती है, जिसके लिए अब परिसर में ही बना उप डाकघर सहूलियत देगा.इस डाकघर का लाभ आम जनता भी उठा सकेगी. न्यायाधीश ने जानकारी दी कि आने वाले समय में कोर्ट परिसर में रेलवे आरक्षण काउंटर खोलने की योजना भी है, जिससे दूर-दराज से आने वाले लोगों को सुविधा मिल सकेगी.

### यूसेट में बी टेक के सात छात्रों का हुआ प्लेसमेंट



**हजारीबाग ।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय में 30 जून 2025 को आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में यूनिवर्सिटी कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूसेट) के सात (07) विद्यार्थियों का चयन हुआ है.ईसीई विभाग से कोशिका कुमारी, श्रुति कुमारी जायसवाल सीएससी विभाग से अंजलि कुमारी चौधरी, मोनी कुमारी, पूजा कुमारी मुर्मू, संस्कार किशन तथा आई टी विभाग से विकास कुमार गुप्ता का अंतिम रूप से प्लेसमेंट के लिए चयन कर लिया गया है ।यूसेट के निदेशक डा आशीष कुमार साहा ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामना दिया। यूसेट के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ अर्चना रीना धान ने इस आशय की जानकारी दी और बताया कि निकट भविष्य में एंबिएंट साइंटिफिक कंपन केपी रिलायबल टेक्निक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का भी प्लेसमेंट ड्राइव प्रस्तावित है.

मतदान केंद्रों के नजरी नक्शा सत्यापन को लेकर उपायुक्त ने किया निरीक्षण

# सटीक नक्शा बनाने के लिए बीएलओ को दिए दिशा-निर्देश

**शुभम संदेश । कोडरमा**



आगामी निर्वाचन प्रक्रिया की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्री ऋतुराज ने कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया. निरीक्षण का उद्देश्य मतदान केंद्रों से संबंधित नजरी नक्शों के सत्यापन की प्रक्रिया की समीक्षा करना था.निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्राथमिक विद्यालय चाराडीह स्थित मतदान केंद्र संख्या 195 तथा पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय बरवाडीह स्थित मतदान केंद्र संख्या 144, 145 एवं 146 का भ्रमण किया. इस क्रम में उन्होंने मतदान केंद्रों पर कार्यरत बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से नक्शा निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और उनकी तैयारियों का मूल्यांकन किया.उपायुक्त ने बीएलओ से नजरी नक्शे के निर्माण की तकनीकी प्रक्रिया को समझा और इसे पूरी पारदर्शिता एवं समयबद्धता से पूरा करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों के नक्शे निर्वाचन प्रक्रिया के महत्वपूर्ण अंग होते हैं, जिससे मतदाताओं को सुगमता से मतदान स्थल तक पहुंचने में सहायता मिलती है. अतः इनका सटीक और व्यवस्थित ढंग से तैयार किया जाना अत्यंत आवश्यक है.निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने संबंधित मतदान केंद्रों पर स्थित विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया. उन्होंने प्राथमिक विद्यालय चाराडीह एवं पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय बरवाडीह की शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षकों की संख्या और मूलभूत सुविधाओं की स्थिति की भी समीक्षा की.उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से संवाद कर शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के सुझाव दिए और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर बल दिया.इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गोडविन कुजूर, अंचलाधिकारी कोडरमा सहित अन्य पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे. निरीक्षण के दौरान सभी अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी कार्यों को पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी से संपन्न करने के निर्देश दिए गए.

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं जनसमस्याएं

**कोडरमा।** उपायुक्त ऋतुराज ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से आमजनों से सीधे संवाद स्थापित किया और उनकी विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना. जनता दरबार के दौरान फरियादियों ने कई व्यक्तिगत और सामाजिक समस्याएं सामने रखीं, जिनमें अतिक्रमण रोकने, दाखिल ख़ारिज, वृद्धा पेंशन चालू रोकने, मजदूर भुगतान करने, सड़क निर्माण कार्य को पूरा नहीं करने, गैरमजरूआ आम भुमि पर अतिक्रमण करने, जमीन कब्जा करने, अनुकंपा आधारित जन वितरण प्रणाली दिलाने, जमीन नापी से संबंधित जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं.इन शिकायतों पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे संबंधित विभागों और प्रखंड कार्यालयों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों की शीघ्र जांच कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करे.

### पेज-3 का शेष

### संगठित गिरोहों के खिलाफ आईजी ने दिया...

उन्होंने कहा कि धनबाद में संगठित अपराध एक बड़ी चुनौती है. सभी गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई तेज करते हुए फरार अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए.समीक्षा बैठक में जिले के विभिन्न थानों में लंबित मामलों की समीक्षा की गई और उन्हें शीघ्र निष्पादित करने के निर्देश दिए गए. पॉक्सो और महिला उत्पीड़न जैसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए तय समय में जांच पूरी करने को कहा गया. उन्होंने पुलिस को जनता के प्रति संवेदनशील और मित्रवत रहने का निर्देश दिया, ताकि अपराध रोकथाम और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में जनता का सहयोग मिल सके. बैठक में साइबर क्राइम रोकने के लिए जन-जागरुकता अभियान को प्राथमिकता देने पर चर्चा हुई.आगामी मुहर्रम के मद्देनजर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को चुस्त करने और शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की गई. बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी, सिटी एसपी रित्विक श्रीवास्तव समेत सभी डीएसपी और एसडीपीओ मौजूद थे.

## समाज सेवा में लगे सीए को मायुमं ने किया सम्मानित



**शुभम संदेश । झरिया**

मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे पर शाखा के सीए सदस्यों सम्मानित किया गया. चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर मंच ने समाज में योगदान देने वाले मंच के चार विशिष्ट सीए सदस्यों को सम्मानित किया. सम्मानित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स में सीए श्याम सुंदर साह – मंच के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट, सादगी और मार्गदर्शन के लिए, सीए अनंत भरतिया को मृदुभाषी, दूरदर्शिता के लिए, सीए सन्नी केटेसरिया को ऊर्जावान, नवाचार-प्रिय, युवा नेतृत्व के प्रेरक के लिए और सीए विशाल अग्रवाल को गंभीर, शालीन और सेवा-भाव से ओतप्रोत व्यक्तित्व के लिए सराहा गया. शाखा अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि ईमानदारी और दक्षता जब मिलती है, तब जन्म होता है एक सच्चे चार्टर्ड अकाउंटेंट का. ये चारों सदस्य मंच और समाज की रीढ़ हैं. कार्यक्रम संयोजक गौतम अग्रवाल ने कहा कि सीए केवल लेखा विशेषज्ञ नहीं, बल्कि समाज की नैतिक और आर्थिक दिशा के मार्गदर्शक हैं. कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष विवेक लिल्हा, कोसाध्यक्ष किरण शर्मा, मयंक केजरीवाल सहित मंच के कई सदस्य उपस्थित रहे.

## जनता दरबार में दर्जन से अधिक फरियादियों ने लगायी गुहार



**शुभम संदेश । हजारीबाग**

समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया. उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

इस अवसर पर लगभग एक दर्जन से अधिक फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए. प्रस्तुत समस्याओं में पेंशन, आवास, विद्युत समस्या, दाखिल खारिज, अवैध भूमि कब्जा, भूमि विवाद, ऑन लाईन रसीद, भमि अतिक्रमण, रास्त पर जलजमाव जैसी शिकायतें शामिल रहीं.

उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने प्रत्येक आवेदक से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक मामले की शीघ्र जांच कर त्वरित एवं न्यायसंगत कार्रवाई सुनिश्चित करें.

## एनएसयूआई ने वीसी का पुतला फूंका, जताया विरोध



**शुभम संदेश । हजारीबाग**

विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा द्वारा हूल दिवस मनाने की अनुमति नहीं दिए जाने के विरोध में एनएसयूआई ने सोमवार, 1 जुलाई को विश्वविद्यालय मुख्य द्वार के पास पुतला दहन कर विरोध जताया ।छात्र नेता अभिषेक राज ने बताया कि 25 जून को एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से मुलाकात कर आर्यभट्ट हॉल में 30 जून को हूल दिवस मनाने की अनुमति मांगी थी, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया और कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी गई ।उन्होंने कहा कि हूल दिवस झारखंड के आदिवासी इतिहास, अस्मिता और संघर्ष का प्रतीक है। 1855 में सिद्धो-कान्हू मुर्मू के नेतृत्व में संथाल आदिवासियों ने अंग्रेजों और जमींदारों के खिलाफ विद्रोह किया था, जिसे याद करना हमारा कर्तव्य है ।एनएसयूआई ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर आदिवासी अस्मिता को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया और चेतावनी दी कि अगर छात्रों की लोकतांत्रिक गतिविधियों में बाधा डाली गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। संगठन ने मांग की कि भविष्य में सभी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दिवसों को परिसर में मनाने की अनुमति दी जाए.

**सम्मान** राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर हजारीबाग में होम्योपैथिक चिकित्सकों को मिला सम्मान

# सेवा भावना को बताया गया मानवता का मूल

**शुभम संदेश . हजारीबाग**



राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस के पावन अवसर पर दी होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की हजारीबाग जिला इकाई द्वारा एक भव्य एवं भावनात्मक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.

कार्यक्रम जिला अध्यक्ष डॉ. गणेश शंकर के आवासीय परिसर विष्णुपुरी गली में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में होम्योपैथिक चिकित्सकों की गरिमामयी उपस्थिति रही. कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित चिकित्सकों द्वारा केक काटकर की गईइस शुभ अवसर पर अध्यक्ष, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर समारोह का उद्घाटन किया. इसके पश्चात मंच पर आमंत्रित चिकित्सकों एवं अतिथियों ने चिकित्सा दिवस की महत्ता पर अपने विचार साझा किए. संघ के अध्यक्ष डॉ. गणेश शंकर ने कहा, चिकित्सक समाज में स्वास्थ्य के प्रहरी हैं.उनकी सेवा भावना मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत है।₹वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. नवेंदु शंकर ने कहा, होम्योपैथिक चिकित्सा आज जनमानस में तेजी से लोकप्रिय हो रही है और यह पद्धति रोगों के मूल कारण को जड़ से समाप्त करने में सक्षम है.सचिव डॉ. आनंद शाही ने बल देते हुए कहा, समाज में होम्योपैथी के प्रति जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली से लाभान्वित हो सकें.संघ के प्रवक्ता डॉ. ज्ञानेंदु जयपुरियार ने कहा, आज का दिन यह याद दिलाता है कि डॉक्टर का सम्मान सिर्फ एक दिन नहीं, हर दिन होना चाहिए.डॉक्टर होना सिर्फ पेशा नहीं, बल्कि एक व्रत है.समारोह का वातावरण पूरी तरह प्रेरणादायी और भावनात्मक रहा, जिसमें चिकित्सकों की समर्पण भावना को खूब सराहा गया.इस कार्यक्रम में डॉ. गणेश शंकर, डॉ. अजित कुमार, डॉ. अनिल, डॉ. अभिलाषा, डॉ. विनोद कुमार, डॉ. अभय कुमार सिन्हा, डॉ. निवेदिता, डॉ. जयप्रकाश, डॉ. रंजीत कुमार दांगी, डॉ. इंदु रानी, डॉ. नवेंदु शंकर, डॉ. सृजन जयपुरियार, डॉ. धीरज, डॉ. आनंद शाही, डॉ. ज्ञानेंदु शंकर जयपुरियार, डॉ. शंकर मोदी, डॉ. रंजना कुमारी, डॉ. राजेश कुमार मिश्रा, डॉ. सत्येंद्र कुमार, डॉ. एस. के. वर्मा, डॉ. नसीम, डॉ. अमरेंद्र भाष्कर, डॉ. हकीम खान, डॉ. स्वेता, डॉ. स्नेहाशु साहा, डॉ. जोशी कुमार, डॉ. सुरेंद्र कुमार राय, डॉ. ललिता समेत अन्य कई चिकित्सक शामिल रहे.

### टंडवा में अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**चतरा।** चतरा पुलिस ने टंडवा थाना क्षेत्र में मारपीट की घटना के दौरान हथियार लेकर घूमने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है. इस कार्रवाई के दौरान एक देसी राइफल और अन्य सामान भी बरामद किया गया. चतरा के पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल को गुप्त सूचना मिली थी कि टंडवा में एक लड़ाई के दौरान कुछ युवक हथियार लेकर घूम रहे हैं. सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए.पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर टंडवा एसडीपीओ प्रभात कुमार रंजन के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई और मौके पर छापेमारी की गई. छापेमारी के दौरान पुलिस ने एक 315 बोर का देसी राइफल, साथ ही 315 बोर देसी राइफल का टूटा हुआ लकड़ी का बट और बॉडी बरामद किया. इसके अलावा, एक ग्लैमर बाइक और एक रेडमी फोन भी जब्त किया गया.

## एक नजर

### परशुराम पर आधारित स्मारिका का विमोचन

**बोकारो।** भगवान परशुराम के जीवन पर आधारित स्मारिका का विमोचन समारोह रविवार देर शाम बोकारो के जायका रेस्टोरेंट के सभागार में आयोजित किया गया. इस स्मारिका का प्रकाशन संपूर्ण विश्व शांति सेवा परिषद के तत्वावधान में किया गया. इस आयोजन का उद्देश्य भगवान परशुराम के जीवन व आदर्शों को समाज के समक्ष प्रस्तुत कर जनमानस को प्रेरित करना तथा सनातन संस्कृति को व्यापक रूप से प्रचारित-प्रसारित करना रहा. विमोचन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सिवान लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद ओमप्रकाश यादव उपस्थित रहे. उन्होंने स्मारिका का विधिवत विमोचन करते हुए कहा कि भगवान परशुराम केवल एक युगपुरुष नहीं, बल्कि न्याय, शौर्य, तप और समर्पण के प्रतीक हैं. उन्होंने समाज में व्याप्त अन्याय और अधर्म के विरुद्ध शस्त्र उठाकर धर्म की रक्षा की, जो आज के युग में भी प्रासंगिक है. विशिष्ट अतिथि के रूप में बोकारो स्टील प्लांट के आरएफओ एके तिवारी, बोकारो स्टील के अवकाश प्राप्त महाप्रबंधक बीपी उपाध्याय तथा इस्टेट कोर्ट के सेवानिवृत्त अधिकारी विनोद कुमार मिश्रा ने भी मंच साझा किया. अतिथियों का स्वागत मीडिया प्रभारी विनय कुमार तिवारी ने किया. वहीं धन्यवाद ज्ञापन सम्पूर्ण विश्व शांति सेवा परिषद के केंद्रीय महामंत्री डॉ. अशोक कुमार पांडेय द्वारा किया गया.

### बीएसएल के प्रभारी निदेशक से मुलाकात

**बोकारो।** झारखंड युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा लाइंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा ने जिले के विभिन्न मुद्दों को लेकर बीएसएल के प्रभारी निदेशक बी.के. तिवारी से मुलाकात की. शर्मा ने निदेशक प्रभारी से वर्षों से लंबित विस्थापितों की समस्या पर जोर देते हुए कहा कि विस्थापित अप्रेंटिस संघ के साथी प्रेम महतो की लाठीचार्ज से हुई मृत्यु जैसी अप्रिय घटना ने बोकारो समेत पूरे झारखंड को शर्मसार कर दिया है. उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को लेकर कई नेताओं ने अपने चेहरे चमकाने तथा निजी स्वार्थ साधने की कोशिश की, लेकिन प्रेम महतो की सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब बोकारो के विस्थापितों एवं स्थानीय लोगों को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य में पहली प्राथमिकता मिलेगी. देव शर्मा ने बोकारो हवाई अड्डे के मामले में बीएसएल से युद्ध स्तर पर कदम उठाने की मांग की. उन्होंने यह भी कहा कि बोकारो के विस्थापितों और स्थानीय निवासियों के बच्चों को प्राथमिकता दी जाए. साथ ही, छोटे-मोटे कामों में भी विस्थापितों और स्थानीय ठेकेदारों को पहली प्राथमिकता मिलनी चाहिए. उन्होंने प्रभारी निदेशक से अप्रेंटिस संघ एवं मृत कर्मचारी आश्रित संघ की समस्याओं को भी जल्द समाधान करने की बात कही.

### पदक विजेता खिलाड़ियों ने डीसी से की मुलाकात

**बोकारो।** उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार में दिनांक 23 से 25 जून 2025 तक आयोजित 42वीं ताइक्वांडो ऑफिशियल नेशनल प्रतियोगिता में बोकारो के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए राज्य व जिले का मान बढ़ाया है. चीरा चास, वास्तु विहार–5 स्थित आर.आर. नृत्यशाला एंड आर्ट्स की प्रिंसिपल रजनी पाढ़ी के मार्ग दर्शन और कला केंद्र सेक्टर-2 स्थित नॉक आउट अकादमी के कोच रंजन कुमार के प्रशिक्षण में प्रशिक्षित खिलाड़ियों ने देशभर के प्रतिभागियों के बीच अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया. आयोजित प्रतियोगिता में रेवंत जयेंद्र पाढ़ी ने स्वर्ण पदक, वहीं ऋतिका एवं प्रिया ने रजत पदक जीता है. इन खिलाड़ियों ने कठोर प्रशिक्षण, अनुशासन और एथलेटिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए न केवल अपने संस्थान का नाम रोशन किया, बल्कि झारखंड को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर एक सशक्त उपस्थिति दिलाई है. मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने सभी खिलाड़ियों को उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि बोकारो की प्रतिभा ने फिर यह सिद्ध कर दिया है कि संसाधन से ज़्यादा जरूरी समर्पण और मेहनत होती है. उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन खेलों को हरसंभव सहयोग देगा. इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

### भोगनाडीह उपद्रवः अमित मंडल ने गिरफ्तारी को बताया फर्जी

**गोड्डा।** भोगनाडीह मामले में गोड्डा पुलिस प्रशासन द्वारा गोड्डा से दो लोगों की हथियार सहित गिरफ्तारी को लेकर राजनीतिक गलियारों में बयानबाजी तेज हो गई है. गोड्डा विधानसभा के पूर्व भाजपा विधायक अमित मंडल ने इस गिरफ्तारी को 'प्रथम दृष्टया फर्जी' बताया है. उन्होंने इसे सरकार के खिलाफ जनाक्रोश बताते हुए कहा कि जब सरकार ने देखा कि स्थानीय आदिवासी समुदाय में उनके खिलाफ जबरदस्त रोष है, तो उन्होंने अपने तंत्र का इस्तेमाल कर मुद्दे को भटकाने का एक अच्छा प्रयास किया है. मंडल ने आगे कहा कि इस गिरफ्तारी से एक बात तो तय है कि हेमंत की सरकार बंगाल की ममता सरकार से बहुत कुछ सीख रही है. उन्होंने इसे उसी का उदाहरण बताया. अमित मंडल ने कहा कि सरकार जैसी मर्जी वैसी जांच करवा ले, लेकिन दुर्भावना से ग्रसित होकर नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराए, सारा सच सामने आ जाएगा.

### तिसरी डिग्री कॉलेज विवाद : अंसारी ने भाजपा-माले और प्रशासन को घेरा

**तिसरी (गिरिडीह)।** धनवार के पूर्व विधायक सह झामुमो नेता निजामुद्दीन अंसारी ने एक बार फिर भाकपा माले और भारतीय जनता पार्टी को आड़े हाथों लिया है. उन्होंने कहा कि माले और भाजपा के लोग नहीं चाहते कि तिसरी के बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो. उनके अनुसार, तिसरी के मचनियाटांड़ में निर्माणाधीन डिग्री कॉलेज का कार्य रुकने का एक कारण यह भी हो सकता है. उन्होंने बताया कि झामुमो नेत्री सह गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के प्रयास से तिसरी में डिग्री कॉलेज स्थापना की मंजूरी मिली थी, लेकिन निर्माण कार्य शुरू होने के बाद एक व्यक्ति की याचिका के आधार पर उच्च न्यायालय ने उस पर तत्काल रोक लगा दी है. उन्होंने इसको लेकर संबंधित पदाधिकारियों पर भी सवाल खड़े किए हैं, कहा कि संबंधित पदाधिकारियों को पहले ही उक्त जमीन की जांच-पड़ताल ठीक से करनी चाहिए थी.

### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**कसमार (बोकारो)।** मुहर्रम पर्व को लेकर मंगलवार को कसमार थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार ने की. बैठक में जनप्रतिनिधि, मुहर्रम कमिटी के लोग और गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए. बैठक में मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्देश दिया गया. इस दौरान प्रशासन ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए त्योहार के दौरान किसी भी अफवाह या असामाजिक गतिविधियों पर नजर रखने की बात कही. बोकारो के ट्रैफिक डीएसपी विद्याशंकर ने स्पष्ट किया कि लाइसेंस की शर्तों का पालन अनिवार्य है और जुलूस के दौरान असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी. मौके पर जरीडीह सर्किल इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह, कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो, पेटरवार थाना प्रभारी राजू कुमार मुंडा, जरीडीह थाना प्रभारी विपिन कुमार महतो, दिलीप हेंब्रम, छोगालाल सिंह, यदुनंदन जायसवाल, मुखिया सुमित्रा कुमारी, बबीता देवी, फणींद्र मुंडा, राजेंद्र महतो, हारू रजवार सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे.

### मजदूर संघर्ष संदेश यात्रा का स्वागत


**कसमार (बोकारो)।** भाकपा माले की ओर से निकाली गई मजदूर संघर्ष संदेश यात्रा मंगलवार को कसमार पहुंची. इस दौरान चंडीपुर, खैराचातर एवं कसमार में कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया. इस अवसर पर सभी जगह नुक्कड़ सभाएं आयोजित की गईं. मौके पर भाकपा माले केंद्रीय कमिटी के नेता हलधर महतो, राज्य कमिटी सदस्य भुनेश्वर केवट, जिला कमिटी सदस्य शकूर अंसारी, राजू महतो, उमाशंकर महाराज, मुमताज़ अंसारी, संजय महतो, जागेश्वर, बिनोद मुखर्जी और अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

### मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**गिरिडीह।** मुहर्रम पर्व को लेकर जिले के बेंगाबाद, गावां थाना और परसन ओपी में मंगलवार को शांति समिति की बैठकें संपन्न हुईं. परसन ओपी में प्रभारी सुनील कुमार की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें त्योहार को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया. मौके पर मो. मिनहाज, हाफिज जलाल, गौरव नारायण देव, अनुज वर्मा, रामदेव यादव सहित कई लोग मौजूद थे. बेंगाबाद थाना में आयोजित बैठक की अध्यक्षता बीडीओ सुनील कुमार मुर्मू ने की. इस दौरान मुहर्रम शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया. मौके पर इंस्पेक्टर ममता कुमारी, थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह, राजकुमार, मो. शमीम, अनीता कुमारी, बारीक अंसारी, राजेंद्र वर्मा, बिपिन सिंह, द्वारिका रजक, मो. मिनसर, दिनेश कुमार, रामलाल मंडल, चंद्रकांत मंडल, इंद्रलाल वर्मा सहित कई लोग मौजूद थे. गावां थाना परिसर में बीडीओ महेंद्र रविदास की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई. इस दौरान मुहर्रम के मौके पर विभिन्न पंचायतों में निकलने वाले जुलूसों में शांति व्यवस्था बनाए रखने पर चर्चा की गई.

न्यूज अपडेट

## बाघिन 'रानी' ने एक साथ पांच शावकों को दिया जन्म, देश में बना नया रिकॉर्ड



**जयपुर।** राजस्थान के जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में बाघिन 'रानी' ने एक साथ पांच शावकों को जन्म देकर देश में एक नया रिकॉर्ड बनाया है. यह पहली बार है जब किसी बाघिन ने भारत में एक साथ पांच स्वस्थ शावकों को जन्म दिया है. पार्क प्रशासन ने मंगलवार को शावकों के पार्क के सीनियर पशु चिकित्सक डॉ. अरविंद माथुर ने बताया कि बाघिन 'रानी' ने 27 अप्रैल को दो मादा और तीन नर शावकों को जन्म दिया था. दो माह के संरक्षण और देखभाल के बाद अब इन्हें मां रानी के साथ कराल (ओपन एनक्लोजर) में छोड़ा गया है, जहां वे मानसून के मौसम का आनंद ले रहे हैं.

## पाकिस्तान में आतंकवादियों ने चेक पोस्ट पर कर दिया है बड़ा हमला

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा के निकट उत्तर पश्चिमी बलूचिस्तान के नोशकी जिले में एक चेक पोस्ट पर हुए आतंकवादी हमले के दौरान लेवी जवान तमाशबीन बने रहे. इनमें से पांच को अपने कर्तव्यों का पालन न करने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है. पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र डॉन की खबर के अनुसार, यह हमला पिछले सप्ताह हुआ था. आतंकवादियों ने किशिंगी चेक पोस्ट पर कब्जा करने के लिए स्वचालित हथियारों का इस्तेमाल किया. पोस्ट पर कब्जा करने के बाद उन्होंने जवानों के हथियार और उपकरण छीन लिए. मौके से भागने से पहले लेवी के वाहनों में आग लगा दी. अधिकारियों ने कहा है कि चेक पोस्ट पर तैनात लेवी जवान आतंकवादियों के हमले के दौरान प्रतिरोध करने में विफल रहे.

## पलाऊ के टैंकर जहाज में लगी आग, भारतीय नौसेना ने काबू पाया

**नयी दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में पलाऊ देश के टैंकर जहाज में लगी आग को बुझा कर चालक दल के 14 भारतीय सदस्यों की जान बचाई है. इस जहाज के इंजन कक्ष में यूएई के फुजैराह से लगभग 80 समुद्री मील पूर्व में परिचालन करते समय भीषण आग लग गई थी. आग पर काबू पाने के बाद निरंतर सहायता के लिए भारतीय युद्धपोत आईएनएस तबर पर अग्निशमन उपकरणों के साथ छह सदस्यीय अग्निशमन और क्षति नियंत्रण दल को तैनात किया गया है. प्रशांत महासागर में एक द्वीप राष्ट्र पलाऊ ध्वजांकित टैंकर एमटी यी चेंग 6 उत्तरी अरब सागर से होते हुए अपने देश को वापस जा रहा था.

## उपराज्यपाल ने की अमरनाथ यात्रा की अंतिम तैयारियों की समीक्षा

**श्रीनगर।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सोमवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करके अमरनाथ यात्रा की अंतिम तैयारियों की समीक्षा की. यातायात और सुरक्षा प्रबंधन और सुचारू, सुरक्षित और परेशानी मुक्त पवित्र तीर्थयात्रा के लिए किए गए सभी इंतजामों की व्यापक समीक्षा की. उपराज्यपाल ने अधिकारियों को यातायात सलाह का व्यापक प्रचार करने का निर्देश दिया, ताकि आम आदमी को असुविधा न हो. उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, एसएसपी, ट्रैफिक पुलिस और अन्य विभागों को निर्धारित काफिले में तीर्थयात्रियों की आवाजाही और यातायात योजना के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए निकट समन्वय में काम करना चाहिए. बैठक में मुख्य सचिव अटल डुल्लू, जल शक्ति विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव शालीन काबरा, डीजीपी नलिन प्रभात, विशेष महानिदेशक (समन्वय) पीएचक्यू एसजेएम गिलानी, उपराज्यपाल के प्रधान सचिव और एसएएसबी के सीईओ डॉ. मंदीप के. भंडारी और एसएएसबी, पुलिस और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.



## मोंटेलिरियो थोलोस : शैल मोतियों का सबसे बड़ा संग्रह स्पेन में मिला

**मैड्रिड ।** दक्षिण-पश्चिमी स्पेन के वैलेंसिना डे ला कॉन्सेप्सियन शहर के नीचे स्थित मोंटेलिरियो थोलोस मकबरे की हालिया पुरातात्विक खोज ने इतिहास प्रेमियों को चौंका दिया है. यह मकबरा 2875 ईसा पूर्व से 2635 ईसा पूर्व के बीच ताम्र युग का है और इसे एक भव्य सामूहिक दफन स्थल माना जा रहा है. इस मकबरे से वैज्ञानिकों को शैल मोतियों का अब तक का सबसे बड़ा संग्रह मिला है, जिसमें 2,70,000 से अधिक छोटे-छोटे मोती शामिल हैं. ये मोती मुख्य रूप से अटलांटिक तट से मिले स्कैलप शैल से बनाए गए थे. हर एक मोती को बारीकी से आकार देकर, ड्रिल करके और पॉलिश किया गया, फिर इन्हें ट्यूनिक्स, स्कर्ट और घूंघट जैसे वस्त्रों पर सिल दिया गया. प्रत्येक मोती एक तिहाई इंच से भी कम चौड़ा था, और यह संग्रह महिलाओं के प्रभाव और उनकी सामाजिक स्थिति को दर्शाता है. इससे यह संकेत मिलता है कि ताम्र युग की महिलाओं को समाज में विशेष स्थान प्राप्त था. हाल ही में साइंस एडवांस में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, ये वस्त्र औपचारिक समारोहों के लिए बनाए गए थे, न कि रोज़ाना पहनने के लिए. उनका कुल वज़न 200 पाउंड (लगभग 90 किलोग्राम) से अधिक था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि वे प्रतीकात्मक महत्व रखते थे, न कि व्यावहारिक उपयोग के लिए बनाए गए थे. इन परिधानों को तैयार करने में कम से कम 10 कुशल कारीगरों ने एक वर्ष तक मेहनत की होगी. यह खोज प्राचीन समाज में महिलाओं की भूमिका और सांस्कृतिक धरोहर की समृद्धि को उजागर करती है.

### उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के सुमी क्षेत्र में तनाव चरम पर पहुंच चुका है

# रूस ने इस क्षेत्र में भारी सैन्य जमावड़ा किया, बढ़ेगा संघर्ष

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के सुमी क्षेत्र में तनाव चरम पर पहुंच चुका है. रूस ने इस क्षेत्र में भारी सैन्य जमावड़ा कर लिया है और अनुमान है कि 50,000 से अधिक रूसी विशेष बलों के जवान सुमी सीमा पर डटे हुए हैं. यह वही क्षेत्र है जहां से यूक्रेन ने अगस्त 2024 में रूस के कुर्स्क क्षेत्र पर हमला बोला था और आज भी उसका एक बड़ा हिस्सा यूक्रेन के नियंत्रण में है. अब रूस इस इलाके में निर्णायक जवाबी कार्रवाई के तहत बड़ी लड़ाई की तैयारी कर रहा है. यूक्रेनी जनरल स्टाफ का दावा है कि उन्होंने रूसी आक्रमण को सीमाओं पर रोक दिया है. यूक्रेन का कहना है कि रूसी सेना को जूनाकिवका, यबलुनिवका, नोवोमिकोलेवका, ओलेक्सिएवका और किंडरातिवका की सीमाओं पर ही रोक लिया गया है. यूक्रेनी सेना इन इलाकों में मजबूती से डटी हुई है और पलटवार के लिए तैयार है.

हालांकि रूस ने इस दावे को खारिज करते हुए कहा है कि यूक्रेनी सेना उन्हें ज्यादा देर तक नहीं रोक सकती और जल्द ही पूरे सुमी क्षेत्र पर उनका नियंत्रण होगा. यूक्रेन के शीर्ष सैन्य कमांडर जनरल ओलेक्ज़ांडर सिरस्की ने कहा है कि रूस की रणनीति यूक्रेनी सैनिकों को थकाने की है, ताकि वह मनोबल और संसाधनों की कमी से हार मान लें. इसी को ध्यान में रखते हुए रूस ने सुमी में अपनी सबसे बेहतरीन सैन्य टुकड़ियों को तैनात किया है. इसमें 104वीं एयरबोर्न डिवीजन, 40वीं नौसैनिक ब्रिगेड, 83वीं एयरबोर्न ब्रिगेड और 155वीं मरीन ब्रिगेड शामिल हैं. यूक्रेन ने भी जवाबी कार्रवाई में कोई कसर नहीं छोड़ी है. गुर (यूक्रेनी खुफिया एजेंसी) की विशेष कमांडो यूनिट्स को सुमी के मोर्चे पर उतार दिया गया है. गुर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल किरिलो बुदानोव के मुताबिक इन यूनिट्स ने रूस की अग्रिम पंक्तियों को रोकने में अहम भूमिका निभाई है. हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि सुमी में लड़ाई बेहद कठिन और जटिल है.

लेफ्टिनेंट जनरल बुदानोव का मानना है कि रूस का मुख्य उद्देश्य यूक्रेनी सीमा के अंदर एक बफर जोन बनाना है, ताकि भविष्य में यूक्रेनी हमलों को रोका जा सके. लेकिन इसके लिए रूस को जबरदस्त प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है. कुछ इलाकों में रूस ने मामूली बढ़त जरूर बनाई है, लेकिन वे रणनीतिक दृष्टिकोण से उतने महत्वपूर्ण नहीं हैं. पिछले साल जब यूक्रेनी सेना ने कुर्स्क में बढ़त बनाई थी, तब उम्मीद की जा रही थी कि सुमी क्षेत्र में मजबूत रक्षा तैयारियां की जाएंगी. लेकिन वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के अनुसार, कुर्स्क से पीछे हटने के बाद सुमी में पुराने और कमजोर किलेबंदी ही मौजूद थीं. ड्रोन हमलों के बढ़ते खतरे के बीच सैनिकों को खुद ही सुरक्षात्मक गड्ढे और आश्रय बनाना पड़ रहा है. एक यूक्रेनी इन्फैंट्री कमांडर ने आरोप लगाया कि कई इलाके बारूदी सुरंगों से सुरक्षित नहीं थे और यह तैयारी टैंक युद्ध के लिए की गई थी, जबकि असली जंग अब ड्रोन के जरिए लड़ी जा रही है.

रूस ने हाल ही में अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला भी किया जिसमें 477 ड्रोन और 60 मिसाइलें दागी गईं. यूक्रेनी वायुसेना ने इनमें से 249 ड्रोन और 226 मिसाइलों को मार गिराने का दावा किया, लेकिन इस हमले में 10 नागरिकों की जान चली गई. इसके अलावा, एक एफ-16 यूक्रेनी फाइटर पायलट भी मारा गया. अब रूस फाइटर जेट्स से सुपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइलों का उपयोग कर रहा है ताकि यूक्रेन के समुद्री ड्रोन को नष्ट किया जा सके.

गुर प्रमुख बुदानोव ने इस पर तंज कसते हुए कहा कि इतनी महंगी मिसाइलों को छोटे, तेज़ रफ्तार ड्रोन बोट्स पर इस्तेमाल करना ₹मूर्खतापूर्ण₹ है. यूक्रेनी सेना लगातार और टुकड़ियां भेज रही है, लेकिन यह अभियान उसकी सेनाओं के लिए भारी पड़ रहा है. सुमी में संघर्ष की तीव्रता और बढ़ने की आशंका है. यह स्पष्ट है कि दोनों पक्षों ने अपनी सबसे बेहतरीन ताकत मैदान में झोंक दी है और सुमी अब केवल एक सीमाई इलाका नहीं, बल्कि एक निर्णायक युद्धभूमि बन चुका है

## पैगंबर के कार्टून पर हुआ विवाद: हिंसक विरोध प्रदर्शन



**इस्तांबुल।** तुर्की के इस्तांबुल में हाल ही में भड़के हिंसक प्रदर्शन ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि पैगंबर मोहम्मद के कार्टूनों को लेकर मुस्लिम समुदाय की भावनाएं इतनी तीव्र क्यों होती हैं. लेमन नामक तुर्की की एक व्यंग्य पत्रिका ने एक कार्टून प्रकाशित किया, जिसमें कथित तौर पर पैगंबर और पैगंबर मूसा को मिसाइल हमले के बीच एक-दूसरे को अभिवादन करते हुए दिखाया गया था. इसके बाद सड़कों पर प्रदर्शन शुरू हो गए, जो बाद में हिंसक हो उठे. पुलिस को रबर की गोलियां चलानी पड़ीं, आंसू गैस के गोले दागे गए और लाठीचार्ज किया गया. भीड़ ने पत्रिका के दफ्तर पर पत्थर फेंके और सरकार ने पत्रिका के कुछ वरिष्ठ कर्मचारियों को गिरफ्तार कर लिया. तुर्की के आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने कार्टून को ₹बेशर्मी₹ बताया, जबकि न्याय मंत्री यिलमाज़ तुनक ने कहा कि ₹कोई भी स्वतंत्रता, किसी धर्म के पवित्र मूल्यों को अपमानित करने का अधिकार नहीं देती.₹ वहीं, पत्रिका ने सफाई दी कि कार्टून में दिखाया गया व्यक्ति पैगंबर नहीं था, बल्कि इजरायली हमलों में मारे गए एक मुस्लिम युवक का काल्पनिक नाम ₹मोहम्मद₹ था. लेकिन यह सफाई भी भीड़ के गुस्से को शांत नहीं कर सकी.

## हर साल खाया जा रहा है 360 करोड़ का गुटखा

**नयी दिल्ली।** बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट से भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के सांसद राजकुमार रोत ने डूंगरपुर जिले में गुटखे की भारी खपत को लेकर गंभीर चिंता जताई है. उन्होंने अपनी फेसबुक पोस्ट में खुलासा किया कि जिले में प्रतिदिन लगभग 1 करोड़ रुपये और सालाना करीब 360 करोड़ रुपये का गुटखा खाया जा रहा है. सांसद ने इस पर कटाक्ष करते हुए लिखा, "इसके दाने-दाने में कैंसर का दम है", और लोगों से इस जानलेवा आदत को छोड़ने की अपील की. सांसद ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के दौरे के दौरान उन्हें गुटखे की खपत की चौंकाने वाली तस्वीर देखने को मिली. एक गांव की दुकान पर गुटखे के पाउच देखकर जब उन्होंने दुकानदार से बिक्री की जानकारी ली, तो पता चला कि वह रोजाना औसतन 1200 रुपये का गुटखा बेचता है. सांसद के अनुसार, जिले की 353 ग्राम पंचायतों में करीब 8500 छोटी-बड़ी दुकानें हैं. यदि हर दुकान प्रतिदिन 1200 रुपये का गुटखा बेच रही है, तो पूरे जिले में यह आंकड़ा प्रतिदिन 1 करोड़ और सालाना 360 करोड़ रुपये तक पहुंचता है.

## अंगोला में राष्ट्रपति ने वित्तीय सुधारों की उठाई मांग

**लुआंडा।** अंगोला के राष्ट्रपति और अफ्रीकी संघ (एयू) के अध्यक्ष जोआओ लोरेन्सो ने सोमवार को वैश्विक वित्तीय प्रणाली में तत्काल सुधारों की मांग करते हुए अफ्रीका में बुनियादी ढांचे के लिए मजबूत निवेश समर्थन पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि कर्ज के भारी बोझ के कारण महाद्वीप का विकास थम गया है. स्पेन के सेविले शहर में आयोजित चौथे अंतरराष्ट्रीय विकास वित्त सम्मेलन (एफएफडी4) में लोरेन्सो ने कहा, ₹संप्रभु कर्ज स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे बुनियादी क्षेत्रों से भी अधिक संसाधन निगल रहा है. इससे अफ्रीकी देशों की विकास क्षमता और सतत विकास लक्ष्यों व एजेंडा 2063 की प्राप्ति गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है. राष्ट्रपति लोरेन्सो ने कहा कि अफ्रीका को विकास के लिए ठोस आधारभूत संरचनाओं की आवश्यकता है.

# केमिकल फैक्टरी विस्फोट: सीएम रेवंत रेड्डी ने किया घटनास्थल का दौरा

**एजेंसियां । सांगारेड्डी**



तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को पाशामिलाराम औद्योगिक क्षेत्र स्थित सिगाची केमिकल इंडस्ट्री में उस जगह का दौरा किया, जहां विस्फोट हुआ था. उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने हादसे के बाद कंपनी प्रबंधन के वहां मौजूद न होने पर नाराजगी जताते हुए कड़ी फटकार लगाई. दौरे के दौरान मुख्यमंत्री के साथ स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजा नरसिम्हा, मंत्री डी. श्रीधर बाबू, पी. श्रीनिवास रेड्डी, जी. विवेक और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे. मुख्यमंत्री रेड्डी ने अधिकारियों और कंपनी के प्रतिनिधियों से बात की. उन्होंने फैक्टरी निदेशक और बॉयलर इंस्पेक्टर से पूछा कि क्या नियमित निरीक्षण किए गए थे और क्या कोई समस्या की पहचान की थी. उन्होंने पूछा कि क्या उद्योग में पहले भी कोई दुर्घटना हुई है. उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्हें अटकलें लगाने वाले उत्तर नहीं चाहिए. मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दुर्घटना की गहन जांच करने और पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया. उन्होंने सुझाव दिया कि दुर्घटना पर रिपोर्ट तैयार करने के लिए विशेषज्ञों को नियुक्त किया जाए. उन्होंने कहा कि विशेषज्ञों से चर्चा करने के बाद ही व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी चाहिए. मुख्यमंत्री ने उद्योग की अनुमति और सुरक्षा मानकों के बारे में जानकारी ली. उन्होंने सिगाची उद्योग से जुड़ी सभी जानकारियां एकत्र करने के निर्देश दिए. उन्होंने ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कदम उठाने के आदेश दिए. उन्होंने अधिकारियों को ऐसी दुर्घटनाओं के दौरान मानवीय व्यवहार करने की सलाह दी. मुख्यमंत्री ने कंपनी के प्रतिनिधि से कहा कि वे मुआवजे के बारे में उन्हें बताएं. उन्होंने स्पष्ट किया कि दुर्घटना की जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन को लेनी चाहिए.

मुख्यमंत्री ने उद्योग में काम करने वाले लोगों के कौशल के बारे में भी जानकारी ली. राज्य उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू ने कहा कि यह दुखद है कि 24 घंटे बीत जाने के बाद भी प्रबंधन घटनास्थल पर नहीं आया है. उन्होंने कहा कि सरकार घटना को गंभीरता से ले रही है. श्रम और स्वास्थ्य मंत्री लगातार दुर्घटना की निगरानी कर रहे हैं.

**आईएनएस तमाल** | भारतीय नौसेना में शामिल हुआ आखिरी विदेशी जंगी जहाज

# आत्मनिर्भर भारत की ओर यह बड़ा कदम

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



भारतीय नौसेना ने 1 जुलाई को एक ऐतिहासिक क्षण दर्ज किया, जब रूस के कलिनिनग्राद स्थित यांतर शिपयार्ड में बने आईएनएस तमाल पर भारतीय ध्वज फहराया गया. यह दिन इसलिए भी खास रहा क्योंकि आईएनएस तमाल भारतीय नौसेना में शामिल होने वाला आखिरी विदेशी वॉरशिप बन गया है. इसके बाद नौसेना में केवल स्वदेशी युद्धपोत ही शामिल किए जाएंगे, जो 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. भारतीय समयानुसार दोपहर लगभग 2 बजे इस वॉरशिप को औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल किया गया. इस मौके पर वेस्टर्न नेवल कमांड के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, वाइस एडमिरल संजय जे. सिंह भी उपस्थित रहे.

आईएनएस तमाल दुनिया का एक अत्याधुनिक मल्टी-रोल स्टेल्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट है, जिसे ब्रह्मोस जैसी सुपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइल से लैस किया गया है. इसका निर्माण रूस में किया गया है, लेकिन इसमें प्रयुक्त इंजन यूक्रेन में निर्मित हैं, जो रूस-यूक्रेन युद्ध से पहले ही डिलीवर कर दिए गए थे.

तमाल का नाम एक प्रकार की तलवार से लिया गया है और इसकी मारक क्षमता भी तलवार जैसी धारदार मानी जा रही है. यह वॉरशिप मुख्य रूप से गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक के समुद्री इलाकों की निगरानी और सुरक्षा करेगा. इसे भारतीय नौसेना की वेस्टर्न नेवल कमांड, जिसे 'स्वॉर्ड आर्म' भी कहा जाता है, में शामिल किया गया है. अब इस कमांड के पास तलवार और तेग क्लास के कुल 8 स्टेल्थ फ्रिगेट्स होंगे. आईएनएस तमाल 30 नॉटिकल मील प्रति घंटे की गति से समुद्र में गश्त कर सकता है और एक बार में 3,000 किलोमीटर की दूरी तय करने में सक्षम है. इसके पास न केवल सतह से सतह पर मार करने वाली ब्रह्मोस मिसाइलें हैं, बल्कि इसे एंटी-सबमरीन वॉरफेयर के लिए भी विशेष रूप से डिजाइन किया गया है. इसमें एंटी-सबमरीन रॉकेट्स, टॉरपीडो और एक हेलीकॉप्टर की तैनाती की सुविधा भी है. इसका कुल वजन लगभग 3,900 टन है.

## मंत्री पर एनएचएआई अधिकारी से मारपीट का लगा है आरोप

**एजेसियां । शिमला**

राजधानी शिमला के भट्टाकुफर में सोमवार सुबह पांच मंजिला भवन गिरने की घटना के बाद नया बवाल खड़ा हो गया है. घटनास्थल पर निरीक्षण करने पहुंचे हिमाचल सरकार के पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर एनएचएआई के एक अधिकारी से मारपीट करने का आरोप लगा है. शिमला की ढली थाना पुलिस ने मंत्री के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. वहीं, इस घटना को लेकर विपक्ष हमलावर हो गया है. एनएचएआई में कार्यरत अधिकारी अचल जिंदल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एसडीएम ग्रामीण द्वारा बुलाई गई बैठक में भाग लेने के बाद करीब 11:30 बजे घटनास्थल पर पहुंचे थे. इस दौरान मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने पहले उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और फिर उनके समर्थकों के साथ मिलकर मारपीट की. जिंदल द्वारा दी गई शिकायत के मुताबिक हमले में उन्हें चोटें आईं. इसके बाद उन्हें इलाज के लिए आईजीएमसी ले जाया गया. वहां उनका मेडिकल परीक्षण हुआ और एमएलसी भी करवाई गई. पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है. वहीं, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने घटना की निंदा करते हुए इसे शर्मनाक बताया और मुख्यमंत्री से मंत्री की बर्खास्तगी की मांग की. कहा कि यह घटना प्रशासनिक अनुशासन और जनसेवा के खिलाफ एक खतरनाक उदाहरण है. एनएचएआई इंजीनियर एसोसिएशन ने भी इस घटना को अस्वीकार्य बताया और दोषियों के खिलाफ त्वरित व सख्त कार्रवाई की मांग की है.




'शुभम संदेश'
के
स्थापना दिवस
पर
हार्दिक
शुभकामनाएं



उमाशंकर वर्मा
ओपी प्रभारी, बरकाकाना, रामगढ़

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)